

अभिनेत्री नायरा एम बनर्जी ने माँ को प्रेरणा और शक्ति का स्रोत बताया

# रॉयल बुलेटिन


तापमान- अधिकतम- 38.09
न्यूनतम- 21.09

प्रात:कालीन हिन्दी दैनिक




मेरठ में महिलाओं को पीटने के मामले में थाना प्रभारी समेत ...


◆ वर्ष 41, अंक 130 RNI No. 43285/85 ◆ संस्करण - नगर ◆ मुजफ्फरनगर, मंगलवार, 13 मई, 2025 ◆ ज्येष्ठ कृष्ण 1 विक्रमी सम्वत् 2082 ◆ पृष्ठ 8+4=12 ◆ मूल्य 4 रुपया


# सिंदूर मिटाने की कीमत हमने वसूल की : पीएम मोदी

● पाकिस्तान के खिलाफ सेना की कार्रवाई सिर्फ स्थगित की है ● न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग नहीं सहेंगे, हमारी तीनों सेनाएं अलर्ट

● पूरी दुनिया ने पराक्रम देखा पाकिस्तान से अब सिर्फ बात होगी तो आतंकी और पीओके पर होगी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार पीएम नरेंद्र मोदी देश को संबोधित कर रहे हैं। भारत-पाकिस्तान तनाव के बाद पहली बार पीएम मोदी देश की जनता के सामने हैं। पीएम मोदी ने संबोधन में कहा कि बीते दिनों में देश का सामर्थ्य और उसका संयम देखा है। मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं को, सशस्त्र बलों को, हमारी खुफिया एजेंसियों को, वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की तरफ से सैल्यूट करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन करता हूं। उनकी वीरता, साहस और पराक्रम को आज ये पराक्रम समर्पित करता हूं। सीजफायर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी है। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मिलिट्री एक्शन



को केवल स्थगित किया है। पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे का एक्शन तय करेंगे। हमने जो फैसले लिए वह अभी भी जारी है।

पाकिस्तान के साथ सीजफायर के 51 घंटे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- बीते दिनों में देश का सामर्थ्य और उसका संयम दोनों देखा है। मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं को सशस्त्र बलों, खुफिया एजेंसियों और वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की तरफ से सैल्यूट करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं उनकी वीरता,साहस और पराक्रम को आज समर्पित करता हूं हमारे देश की हर माता-बहन और बेटी को।

● **आतंक के आकाओं को भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया**–आतंक के बहुत सारे आका बीते ढाई तीन दशकों से खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे। जो भारत के खिलाफ साजिशें करते थे।उन्हें भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया। साथियों भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान घोर निराशा में घिर गया था। हताशा में घिर गया था। बौखला गया था। इसी बौखलाहट में उसने एक और दुस्साहस किया, आतंक पर भारत की कार्रवाई का साथ देने की बजाय पाकिस्तान ने भारत पर ही हमला करना शुरू कर दिया।

● **100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा**–जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला बोला, भारत के ड्रोंस ने हमला बोला तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, हौसला भी थर्रा गया। 100 आतंकी मौत के घाट उतार दिए गए।

## 19 दिन बाद भारत-पाक सीमा पर लौटी शांति

### अब भी घर लौटने से डर रहे लोग, पाकिस्तान पर नहीं है भरोसा




**श्रीनगर (एजेंसी)।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार दोनों देशों की सीमा और सीमा से सटे इलाकों में शांति दिखाई दी है। भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को ही सीजफायर डील हो गई थी। हालांकि कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तान ने फिर सीजफायर का उल्लंघन किया। भारत ने जब उसे कड़े शब्दों में चेतावनी दी तो पाकिस्तान जाकर शांत हुआ। पहलगाम हमले के बाद जैसे ही भारत ने सिंधु जल संधि निलंबित करने का ऐलान किया था, पाकिस्तीन की तरफ से सीजफायर उल्लंघन शुरू हो गया है था। ऐसे में 19 दिन बाद सीमा पर पूर रात शांति रही है। इसके बावजूद लोग अपने घरों को लौटने से कतरा रहे हैं। कश्मीर के उरी में सीमा से सटे गांवों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों भेज दिया गया था। रविवार को जब वे अपने घरों को लौटने लगे तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। बताया गया कि उनके गांवों के पास अभी धमाके का खतरा है। कई गोला-बारूद अब भी सक्रिय हैं।

## याचना नहीं, अब रण होगा... पाकिस्तान होगा खल्लास!

### एयर मार्शल का दिनकर की कविता से दिल्ली टू इस्लामाबाद मैसेज

**बोले-भय बिनु होय ना प्रीत,कहा-पाकिस्तान आतंकवादियों के साथ**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** याचना नहीं, अब रण होगा! जीवन-जय, या कि मरण होगा! बिहार के रहने वाले राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की रचना 'रश्मिरथी' में इसका जिक्र है। वैसे इसके प्रसंग की बात करें तो महाभारत के युद्ध के संदर्भ में है। दुर्योधन को युद्ध से बचने के लिए पांडवों के लिए कुछ जमीन का देने का प्रस्ताव श्रीकृष्ण देते हैं। दुर्योधन इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर देता है और फिर युद्ध का विकल्प चुनता है। इस बात की चर्चा आज इसलिए अहम हो जाती है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में देश को जानकारी देने आए एयर मार्शल



अवधेश कुमार भारती (महानिदेशक वायु संचालन डीजी) आए थे। ये महज संयोग ही है कि अवधेश कुमार भारती भी बिहार के ही रहने वाले हैं। अपने प्रोफेशन में इनको लोग एके भारती के नाम से जानते हैं। दरअसल, डीजीएमओ ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता के साथ की। इस दौरान वीडियो चलाकर भारतीय सेना ने पाकिस्तानी मिराज का मलबा भी दिखाया। आर्मी से जनरल राजीव घई, नेवी से एएन प्रमोद और एयरफोर्स से अवधेश कुमार भारती ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बात की।

● **जनरल घई ने एशेज सीरीज का जिक्र कर डिफेंस सिस्टम को समझाया**– आज मैं इस लड़ाई के अहम पहलू के बारे में बता रहा हूं। हमें एयर डिफेंस ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को समझने की आवश्यकता है। मैंने कल बताया था कि पिछले कुछ सालों में आतंक की गतिविधियों के कैरेक्टर में बदलाव आ रहा था। इंटरनेशनल बाउंड्री से रडार, एयर डिफेंस सिस्टम, विंटेज एयर डिफेंस सिस्टम और मॉडर्न एयर डिफेंस सिस्टम की लेयर थी। इसे पारकर हमारी एयरफील्ड को अटैक करना उनके लिए मुश्किल था। भारतीय सेना ने पाकिस्तान स्थिति आतंकी ठिकानों का वही हाल किया जो उस सीरीज में लिली और थॉमसन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड का किया था। आज क्रिकेट की भी बात जरूरी है। विराट कोहली ने संन्यास लिया है, वे मेरे भी फेवरेट क्रिकेटर हैं। लिली और थॉमसन की तरह हमारी लेयर है। एक लेयर को पार कर भी गए तो हमारी एयरफील्ड को हिट करने से पहले कोई ना कोई सिस्टम उन्हें (दुश्मन) गिरा देगा।

## विराट का संन्यास एक युग का अंत!

### यूं ही हर कोई विराट कोहली नहीं बन जाता है

**संन्यास में भी खींच दी बड़ी लकीर,थैंक्यू किंग**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहले रोहित शर्मा। अब विराट कोहली। 5 दिन में क्रिकेट के दो दिग्गजों का टेस्ट से संन्यास। ये भारतीय क्रिकेट के एक युग का अंत है। अब मैदान पर सफेद जर्सी में रो-को नहीं दिखेंगे। दोनों ने और खासकर विराट कोहली ने अपने संन्यास से भारतीय क्रिकेट में एक बड़ी लकीर खींच दी है। ऐसे वक्त में संन्यास लिया जब लगभग हर किसी के जुबां से यही निकल रहा है- इतनी भी क्या जल्दी थी। विराट कोहली 36 साल के हैं लेकिन उनकी फिटनेस, उनका एनर्जी लेवल, उनका जोश, उनकी फुर्ती, उनका जज्बा...सब कुछ ऐसा कि युवा से युवा क्रिकेटर भी शरमा जाए।



टेस्ट की ही बात करें तो अभी उनमें काफी क्रिकेट बाकी थी। फिर भी विराट कोहली ने ऐसा किया जो भारत में बहुत ही दुर्लभ माना जाता है। शीर्ष पर रहते हुए संन्यास, न कि टीम पर बोझ बनकर करियर लंबा खींचने की कोशिश। अब संन्यास ले ही लो की आवाज को उठने से पहले उन्होंने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया। करियर में कभी वह वक्त आने ही नहीं दिया कि लोग कहें संन्यास क्यों नहीं ले रहे।

## भारतीयों की सुरक्षा के लिए मंडरा रहे हैं 10 सैटेलाइट

### इसरो चीफ बोले-आसमान में 24 घंटे रहती है निगरानी



**इंफाल (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ वी. नारायणन ने कहा कि देश के नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए 10 उपग्रह लगातार 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं। मणिपुर की राजधानी इम्फाल स्थित केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को रविवार को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत एक सजीव अंतरिक्ष शक्ति बनता जा रहा है और वर्ष 2040 तक देश का पहला अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित किया जाएगा। इसरो प्रमुख ने कहा, आज 34 देशों के 433 उपग्रह भारत से अंतरिक्ष में छोड़े गए हैं और उन्हें उनके कक्ष में स्थापित किया गया है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आज 10 उपग्रह देश के नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक उद्देश्य से लगातार 24 घंटे कार्य कर रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे सैन्य तनाव की पृष्ठभूमि में आई है। देश ने सात मई की सुबह 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था, जिसका उद्देश्य पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों को नष्ट करना था।

## 27 साल पहले मरी बच्ची मुझसे रोज पूछती-मुक्ति कब दोगी

● बांग्लादेशी महिला ने काशी में बेटी का किया पिंडदान, हिंदू भी बनीं

**वाराणसी (एजेंसी)।** 27 साल पहले गर्भ में मेरी बेटी की मौत हो गई। तब से वह मेरे सपने में आती और मुझसे बात करती थी। कहती- मुझे मुक्ति चाहिए। मुक्ति या मोक्ष कैसे मिलेगा, इसके बारे में जानकारी ली। कई वेबसाइट्स खंगाले। तब मुझे काशी में पिंडदान और मोक्ष के बारे में पता चला। मैंने आगमन संस्था से बात की और सीधे काशी आ गई। ये कहना है लंदन से काशी आई 49 साल की बांग्लादेशी मुस्लिम महिला अंबिया बानो की। उन्होंने सोमवार को सनातन धर्म अपना लिया और अंबिया माला बन गईं। इसके बाद अपनी बेटी के मोक्ष कामना से उन्होंने



दशाश्वमेध घाट पर पिंडदान किया। पिंडदान का कर्मकांड पांच वैदिक ब्राह्मणों ने कराया। अंबिया माला ने बताया- जो गलती मेरे पूर्वजों ने की है, मैंने उन्हें सुधारते हुए सनातन धर्म अपना लिया है। काशी पहुंचने पर आगमन संस्था के संस्थापक सचिव डॉ. संतोष ओझा ने अंबिया को गंगा स्नान कराया और सनातन धर्म स्वीकार कराया।

**सामने आ गई नूर खान एयरबेस की बर्बादी की तस्वीर**

## भारत ने रावलपिंडी की आंख फोड़ी चीन भी नहीं रोक पाया ऐसी तबाही

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** भारत ने पाकिस्तान के ड्रोन हमलों का जवाब दुश्मन के एयरबेस पर हवाई हमले से दिया। इनमें सबसे महत्वपूर्ण रावलपिंडी का नूर खान एयरबेस है। इस एयरबेस को भारत ने बर्बाद कर दिया है। इसे पाकिस्तान के सीने पर भारत का प्रहार कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। नूर खान एयरबेस पाकिस्तान के रावलपिंडी में स्थित है।

इसे पाकिस्तान का सबसे मजबूत सैन्य ठिकानों में से एक माना जाता है। यहां पर न सिर्फ पाकिस्तान के सबसे शक्तिशाली हवाई उपकरण तैनात हैं, बल्कि उनकी सुरक्षा के लिए चीनी एयर डिफेंस सिस्टमों का जाल भी बिछाया गया है। पाकिस्तान के अधिकतर वीआईपी यहीं से उड़ान भरते हैं। यहां पाकिस्तानी वायुसेना के एयर मोबिलिटी कमांड का मुख्यालय भी है।




सैटेलाइट तस्वीर में देखा जा सकता है कि भारत ने पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के महानिदेशक ने आधिकारिक तौर पर एयर बेस नूर खान पर भारतीय हमले को स्वीकार किया। 10 मई 2025 को, नूर खान बेस को भारतीय वायुसेना ने लगभग 2 बजे निशाना बनाया। स्थानीय लोगों ने एयरबेस में विस्फोटों की सूचना दी और डीजीएमओ ने इसकी पुष्टि की। भारत ने नूर खान एयरबेस पर रडार प्रतिष्ठानों और विमान हैंगर सहित प्रमुख परिचालन बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने और निष्क्रिय करने के लिए सटीक-निर्देशित हथियारों का इस्तेमाल किया गया था। पाकिस्तान वायुसेना बेस नूर खान को मूल रूप से आरएएफ चकलाला के रूप में स्थापित किया गया था। इसे पहले पीएएफ बेस चकलाला के रूप में जाना जाता था।

## पाकिस्तान हमले में चली गई जुड़वा भाई-बहन की जान

### घाटी में सदमे में परिवार, कह रहा-एक तो बच गया होता



**श्रीनगर (एजेंसी)।** पहलगाम हमले के बाद जब भारत ने आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूत किया तो बौखलाया पाकिस्तान सीमा पार से गोलीबारी करने लगी। पाकिस्तान ने आम लगों को निशाना बनाना शुरू किया। पाकिस्तानी हमले में पुंछ शहर में रहने वाले दो जुड़वा भाई-बहन भी मारे गए। आज उनका पूरा परिवार सदमे में है। जुड़वा भाई बहन जैन अली और उर्वा फातिमा की एक पाकिस्तानी बम ने जान ले ली। ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद जब पाकिस्तान ने फायरिंग शुरू की तो सीमा से सटे इलाके के लोगों की नींद उड़ गई। सुबह के 6 बजे ही जैन और उर्वा के मामा उन्हें घर से निकालकर सुरक्षित जगह पहुंचाने के लिए पहुंचे। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक बच्चों की मौसी ने बताया कि उर्वा का हाथ मां ने पकड़ रखा था और जैन का हाथ पिता ने थाम रखा था। तभी अचनाक बम फटा और जैन और उर्वा दोनों बुरी तरह घायल हो गए। उर्वा की मां ने देखा कि जैन दूर पड़ा हुआ है। वहां एक शख्स किसी तरह उसकी सांस चलाने की कोशिश कर रहा है। जैन और उर्वा के पिता भी बुरी तरह घायल हो गए थे।

**3000 अंक की सलामी...**

## सीजफायर से जोश में आया बाजार

### लगा दी रिकॉर्ड तोड़ छलांग,भारी उछाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को जोरदार तेजी आई। इसने कई महीनों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। भारत-पाकिस्तान के बीच जमीन, हवा और समंदर पर सभी गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए सहमति बनने की घोषणा के बाद ऐसा हुआ। दोनों प्रमुख सूचकांक बड़ी बढ़त के साथ बंद हुए। कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स ने एक समय 3000 अंक से ज्यादा की छलांग लगाई। यह संवेदी सूचकांक 2975.43 अंक यानी 3.74 फीसदी उछलकर 82,429.90 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 82,495.97 अंक के ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था। इसने 80,651.07 अंक का निचला स्तर छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 916.70 यानी 3.82 फीसदी चढ़कर 24,924.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से इन्फोसिस के शेयर में 7.91 फीसदी और एचसीएल टेक में 6.35 फीसदी की तेजी आई। टाटा स्टील, इटर्नल, टेक महिंद्रा, टीसीएस, एक्सिस बैंक,



आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, एनटीपसी और रिलांयस के शेयर प्रमुख रूप से फायदे में रहे। सिर्फ सन फार्मा और इंडसइंड बैंक के शेयर नुकसान को हुआ। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर पर शनिवार को सहमति बन गई थी। जमीन, हवा और समुद्र पर सभी गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए दोनों देश सहमत हुए थे। इस घोषणा ने बाजार की कारोबारी धारणा को मजबूत किया। इसके पहले भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ गया था। सीमा पर गोलीबारी और हमलों की खबरें आ रही थीं, जिससे निवेशकों में अनिश्चितता का माहौल था। दोनों देशों के बीच सीजफायर पर सहमति बनने से बाजार में शांति और स्थिरता की उम्मीद जगी। निवेशकों का जोखिम लेने का मूड बना। इसे बाजार ने सकारात्मक रूप से लिया। इसके अलावा पिछले कुछ समय से अमेरिका और चीन के बीच व्यापार को लेकर काफी तनातनी चल रही थी, जिसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा था। ऐसी खबरें आईं कि दोनों देश व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाने और कुछ व्यापार प्रतिबंधों को कम करने पर विचार कर रहे हैं। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तनाव कम होने के संकेत से वैश्विक बाजारों के साथ भारतीय बाजार में बूम रही।

## कराची पर हमला करने के लिए तैयार थी अपनी इंडियन नेवी

● ऑपरेशन सिंदूर पर वाइस एडमिरल एएन प्रमोद का बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच कई दिनों से चल रहे तनाव में अब कुछ कमी आ गई है। दोनों देशों के बीच टेंशन तब बढ़ गई थी, जब भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों के खिलाफ हमले किए थे। इस दौरान, दोनों देश कई बार आमने-सामने आ गए। रविवार को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बताते हुए भारतीय नौसेना ने खुलासा किया कि इस दौरान इंडियन नेवी भी पूरी तरह से तैयार थी और




कराची सहित समुद्र और जमीन पर चुनिंदा लक्ष्यों पर हमला करने में पूरी तरह सक्षम थी। ऑपरेशन सिंदूर पर तीनों सेनाओं की संयुक्त मीडिया ब्रीफिंग के दौरान वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने कहा,हमारी नौसेना पूरी तरह से समुद्र और जमीन पर चुनिंदा लक्ष्यों पर हमला करने की क्षमता के साथ निर्णायक स्थिति में अरब सागर में तैनात रही।

## पद्मश्री डॉ. सुब्बन्ना अय्यप्पन की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

### श्रीरंगपटना के पास कावेरी नदी में तैरता मिला उनका शव



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक पुलिस ने पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. सुब्बन्ना अय्यप्पन की संदिग्ध परिस्थिति में मौत की जांच शुरू कर दी है। वह शनिवार को श्रीरंगपटना के निकट कावेरी नदी में मृत पाए गए थे। 70 वर्षीय अयप्पन कृषि और मत्स्य पालन वैज्ञानिक थे और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का नेतृत्व करने वाले पहले गैर-फसल वैज्ञानिक थे। रविवार को कर्नाटक पुलिस ने बताया कि पुलिस को नदी में तैरते हुए एक शव के बारे में लोगों से सूचना मिलने के बाद उनका शव बरामद किया गया। उनका दोपहिया वाहन नदी किनारे पाया गया और संदेह है कि अयप्पन ने नदी में छलांग लगाई होगी।

# मारे गए आतंकियों का पाकिस्तान में सम्मान

### लश्कर कमांडर के जनाजे में सैन्य अफसर और नेता हुए शामिल

### बीजेपी का दावा-पंजाब की सीएम मरियम शरीफ भी शामिल हुईं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए पाकिस्तानी आतंकियों के जनाजे में वहां की सेना के सीनियर अफसर और नेता भी शामिल हुए थे। रविवार को भारतीय सेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी गई। शामिल होने वालों के नाम बताए और तस्वीर भी दिखाई।

नेता ओर अफसर, लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर अब्दुल रऊफ के साथ जनाजे की नमाज पढ़ते दिख रहे हैं। इनमें लेफ्टिनेंट जनरल फैयाज हुसैन, मेजर जनरल राव इमरान सरताज,




मेजर जनरल मोहम्मद फुरकान शब्बीर, पंजाब पुलिस के डॉक्टर उस्मान अनवर और सांसद मलिक अहमद शामिल हैं। भारतीय सैन्य अफसरों ने यह भी बताया कि पाकिस्तान के 11 आतंकी और सैन्य ठिकानों को बर्बाद किया गया है। सेना ने इन ठिकानों की सैटेलाइट इमेज जारी की। जिसमें अटैक से पहले और बाद की स्थिति दिखाई गई है।

## एल्विश यादव को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका

### ड्रग्स और सांप के जहर के इस्तेमाल का चलेगा केस

**प्रयागराज (एजेंसी)।** यूट्यूबर एल्विश यादव को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने रेव पार्टी में ड्रग्स-सांप के जहर के इस्तेमाल के मामले में चार्जशीट रद्द करने की याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव ने कहा- यादव के खिलाफ चार्जशीट और एफआईआर में बयान है। ऐसे आरोपों की जांच मुकदमे के दौरान की जाएगी। एल्विश ने याचिका में एफआईआर को



चुनौती नहीं दी है। आरोप है कि एल्विश रेव पार्टियों का आयोजन करते थे, जहां विदेशी नागरिक भी बुलाए जाते थे। लोगों को सांप का जहर और अन्य मादक पदार्थों का सेवन कराया जाता था।

### यमुना सफाई

# 8372 करोड़ खर्च, फिर भी सबसे प्रदूषित नदी

### ● 37 में से 33 एसटीपी का ट्रीटेड पानी फिर नालों में मिल रहा

नई दिल्ली (एजेंसी)। यमुना नदी का महज 2 फीसदी हिस्सा दिल्ली में पड़ता है और यमुना के प्रदूषण का 80 फीसदी हिस्सा दिल्ली से मिलता है। यमुना को साफ करने के लिए अब तक 8372 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं और इतने खर्चे से दिल्ली में 37 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए गए और नतीजा है कि देश की राजधानी से गुजरने वाली यमुना नदी देश की सबसे प्रदूषित नदी है। विडंबना ये है कि दिल्ली सरकार का दावा है कि उसके पास पानी को साफ करने का इतना बड़ा बुनियादी ढांचा है कि वह दिल्ली में पैदा होने वाले गंदे पानी का 80 फीसदी साफ कर सकता है और अगले दो महीने में यह क्षमता शत-प्रतिशत गंदे पानी को साफ करने की होगी। सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरन्मेंट (सीएसई) ने अपनी नई रिपोर्ट में पाया है कि यदि दिल्ली के एसटीपी के ट्रीटेड पानी को यदि यमुना में सीधे पहुंचाया जाता तो यमुना फिर से जीवंत हो जाती। लेकिन स्थिति यह है कि 37 में से 33 एसटीपी यमुना तटों से काफी दूर बने हैं। उनका ट्रीटेड



पानी जिन 22 नालों के जरिए यमुना में पहुंचता है, उनमें पहले से गंदा पानी बह रहा होता है, इसलिए पानी को ट्रीट करने का कोई फायदा ही नहीं होता।

## अनमोल वचन

यह संसार एक दर्पण के समान है। हम जैसे है वैसी ही छाया दर्पण में दिखाई पड़ती है। संतों और सज्जनों को सम्मान मिलता है तो दुर्जन, स्वार्थी, कुकर्मी को घृणा तथा प्रताड़ता मिलती है। व्यक्ति का जैसे वातावरण में जन्म और लालन-पालन होगा वह वैसा ही बनेगा, परन्तु अपने विचारों को परिष्कृत कर वह अन्तरंग की श्रेष्ठता का विकास कर सकता है। अपने व्यवहार से चारों ओर मधुरता स्वच्छता और सज्जनता का वातावरण बना सकता है। शिक्षा एक प्रकार की सामर्थ्य है, परन्तु शिक्षा के साथ दीक्षा अत्यन्त आवश्यक है। अशिक्षित व्यक्ति से समाज की उतनी क्षति नहीं होती, जितनी दीक्षा रहित शिक्षित से होती है। एक दीक्षित व्यक्ति ही शिक्षा का सदुपयोग कर सकता है। जिसे अच्छे संस्कार मिले हो वही दीक्षित है, वही संस्कारित है। दीक्षित और संस्कारित व्यक्ति ही अपने परिवार, समाज और देश के लिए उपयोग और समर्थित होता है। संयोग निश्चित नहीं है, वियोग निश्चित है। जन्म निश्चित नहीं है मृत्यु निश्चित है। उत्पत्ति निश्चित नहीं है, विनाश निश्चित है। मिले हुए जीवन का सदुपयोग करो अथवा दुरूपयोग यह आपकी मर्जी, परन्तु किये गये कर्मों का फल भोगना निश्चित है।

# सिल्वर टोन पल्प एंड पेपर मिल में भीषण आग, लाखों का वेस्ट मैटेरियल जलकर राख

**मुज़फ्फरनगर।** भोपा रोड स्थित सिल्वर टोन पल्प एंड पेपर मिल में सोमवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई, जिससे अफरा-तफरी मच गई। आग मिल के गोदाम में रखे वेस्ट मैटेरियल में लगी, जो देखते ही देखते पूरे क्षेत्र में फैल गई। लाखों रुपये का वेस्ट मैटेरियल जलकर खाक हो गया। आग पर काबू पाने के लिए मुज़फ्फरनगर ही नहीं, बल्कि सहारनपुर, शामली और मेरठ से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को बुलाया गया। वहीं, आसपास की अन्य पेपर मिलों से भी फायर टेंडरों की मदद ली गई।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनुराग कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही फायर टेंडर रवाना किए गए



और वे स्वयं मौके पर पहुंचे। वहां देखा गया कि गोदाम में रॉ मटेरियल में भीषण आग लगी है। तेज हवाओं के कारण आग तेजी से चारों ओर फैलती गई, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। आग को काबू में करने के लिए सहारनपुर, मेरठ और शामली से अतिरिक्त दमकल वाहन मंगाए गए। आसपास की पेपर मिलों-बिंदल, मीनू और हो गया पेपर मिल-से भी फायर टेंडरों की मदद ली गई। अधिकारी ने बताया कि अभी भी आग गोदाम के अंदर तक सुलग रही है और वहां तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। यदि फायर टेंडर को भीतर ले जाया गया, तो उसमें आग लगने का खतरा है। इसलिए धीरे-धीरे रॉ मटेरियल को हटाकर अंदर पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। आग लगे हुए ढाई घंटे से ज्यादा हो चुके हैं और इसे पूरी तरह बुझाने में अभी दो से ढाई घंटे और लग सकते हैं। इस हादसे में एक कर्मचारी की तबीयत बिगड़ने की सूचना है, हालांकि किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है।

सिल्वर टोन पल्प एंड पेपर मिल के मालिक संजीव जैन ने बताया कि मिल में आग लगने की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रशासन, दमकल विभाग और स्थानीय टीम पूरी मुस्तैदी से आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि तेज हवाएं आग बुझाने में बड़ी बाधा बन रही हैं, परंतु स्थिति पर जल्द काबू पा लिया जाएगा। संजीव जैन ने बताया कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है, सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। आग लगने के कारण और नुकसान का सही आंकलन आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद ही किया जा सकेगा।

## महेंद्र सिंह टिकैत की 14वीं पुण्यतिथि पर पर्यावरण बचाओ, संकल्प दिवस मनाया जाएगा

**मुज़फ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक और किसान आंदोलन के अग्रणी नेता चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 14वीं पुण्यतिथि इस वर्ष 15 मई को 'जल, जंगल, जमीन और पर्यावरण बचाओ' संकल्प दिवस के रूप में मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम भाकियू के राष्ट्रीय मुख्यालय सिसौली में आयोजित होगा। भाकियू मुखिया चौधरी नरेश टिकैत के निजी सचिव कमल मित्तल ने जानकारी दी कि यह दिवस न केवल मुज़फ्फरनगर बल्कि देशभर के सभी जिला मुख्यालयों पर एक साथ मनाया जाएगा। यह आयोजन सौरम में सर्वखाप पंचायत द्वारा लिए गए निर्णयों के तहत आयोजित किया जा रहा है।

कमल मित्तल ने बताया कि पुण्यतिथि



के अवसर पर देश के वीर सैनिकों की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन सरकारी संस्थाओं के सहयोग से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, नेहरू नेत्र चिकित्सालय, मुजफ्फरनगर द्वारा मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर भी आयोजित किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों और वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलेगा। कमल मित्तल ने बताया कि मुज़फ्फरनगर से सटे सभी सीमावर्ती जनपदों के भाकियू कार्यकर्ता सिसौली स्थित किसान भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसमें हजारों की संख्या में किसानों, कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की भागीदारी की संभावना है। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, जल स्त्रोतों के बचाव, जंगलों की रक्षा, और भूमि अधिग्रहण जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी तथा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के संघर्षों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया जाएगा।

## हरेंद्र मलिक ने 40 फीट चौड़ी सड़क निर्माण कार्य का किया शुभारंभ, वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी

**मुज़फ्फरनगर।** खालापार किदवई नगर की वर्षों से लंबित 40 फुटा मुख्य सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ रविवार को लोकसभा सांसद हरेंद्र मलिक ने फीता काटकर किया। यह सड़क दरोगा कोठी से मेरठ रोड तक बनाई जा रही है, जिसकी लागत ?1.36 करोड़ है। यह निर्माण कार्य मुज़फ्फरनगर विकास प्राधिकरण के माध्यम से कराया जा रहा है। इस परियोजना को साकार करने में क्षेत्रीय सभासद शहजाद चीकू, नौशाद पहलवान, हबीब राणा, अनु कुरैशी और समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जिया चौधरी की अहम भूमिका रही, जिन्होंने लगातार इस सड़क की स्वीकृति के लिए प्रयास किए। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान सांसद



हरेंद्र मलिक ने कहा कि 'यह सड़क हमारे शहर की एक प्रमुख सड़क है। इसके बन जाने से शामली रोड का ट्रैफिक सीधे मेरठ रोड पर पहुंच जाएगा, जिससे फक्करशाह चौक और मीनाक्षी चौक जैसे जामग्रस्त इलाकों में लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।' सांसद ने स्पष्ट किया कि यह कार्य किसी विशेष कृपा से नहीं, बल्कि जनता की मांग और जनप्रतिनिधियों के प्रयासों के चलते हुआ है। उन्होंने विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और स्थानीय लोगों से अपील की कि वे ठेकेदार और विभागीय कर्मियों को अनावश्यक रूप से परेशान न करें। वार्ड सभासद नौशाद पहलवान ने कहा कि यह सड़क पिछले 15-20 वर्षों से जर्जर अवस्था में थी। हमने लगातार इसकी मांग उठाई और सांसद हरेंद्र मलिक के प्रयासों से आज इसका कार्य शुरू हो गया है।' उन्होंने जानकारी दी कि जामिया नगर गेट से सुजूडू तक इस सड़क का दूसरा चरण भी जल्द शुरू होगा। सभासद शहजाद चीकू ने भी सांसद का आभार जताते हुए कहा कि पहले के जनप्रतिनिधियों ने इस ओर कभी ध्यान नहीं दिया, लेकिन इस बार सांसद हरेंद्र मलिक ने समाजवादी पार्टी के समर्थन से सड़क को पास करवाया और आज उसका उद्घाटन भी किया।

## संवाद से ही हासिल होंगे कारोबारी और जीवन सुगमता का लक्ष्य: योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र की पहली शर्त है संवाद और संवाद के माध्यम से ही समस्याओं का निराकरण कर कारोबारी ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और जीवन सुगमता ,ईज ऑफ लिविंग के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। योगी सोमवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में बने नगरीय सेवा केंद्र अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर और सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हम जनता को अधिक से अधिक सुविधाएं दे सकें। कॉमनमैन ,आमजन की अधिक से अधिक सुनवाई कर सकें,यही लोकतंत्र की सफलता का मूल है। इन दोनों परियोजनाओं की कुल लागत 14.22 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनता को सिर्फ सामान्य नागरिक के तौर पर नहीं देखा जाता है बल्किजनता जनार्दन कहकर संबोधित किया जाता है। हमें लोकतंत्र की इसी भावना को अंगीकार कर आगे बढ़ना होगा। योगी ने कहा कि बदलते वैश्विक परिवेश में भारत विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आजादी के अमृत वर्ष में इसने 200 वर्षों तक शासन करने वाले ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का गौरव हासिल किया था और अब यह जापान को पीछे छोड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। योगी ने कहा कि देश की समृद्धि हम सबके जीवन का ध्येय होना चाहिए। इसी भाव से उत्तर प्रदेश ने विगतआठ वर्षों से पीएम मोदी के मार्गदर्शन में नगरीकरण के विस्तार का अभियान प्रारंभ किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले गोरखपुर की स्थिति एक नगर पंचायत जैसी रही होगी। विकास यात्रा में अब नगर निगम के स्वरूप में इसकी गिनती प्रदेश के बड़े महानगरों में होती है। रोड, रेल, एयर कनेक्टिविटी, पर्यटन विकास, सफाई. स्वच्छता वंचितों के लिए बेहतरीन सुविधाओं का विस्तार से उल्लेख किया।

## पांच सौ साल पुराने मंदिर में अष्टधातु की तीन मूर्तियां चोरी

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के कबरई क्षेत्र में स्थित पांच सौ साल पुराने एक मंदिर से रविवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा करोड़ो रूपये कीमत की अष्टधातु की तीन मूर्तीयां चोरी कर लिए जाने से हड़कंप मचा है।

अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि पहरा गांव में सघन बस्ती के निकट स्थित प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर में बदमाशों ने वारदात को मध्य रात्रि में अंजाम दिया । ज़ब गांव में चारो ओर सन्नाटा पसरा था ओर मंदिर के पुजारी भरत दास अपने कमरे में सो रहे थे। कहा जा रहा है कि चोर मंदिर से सटे पेड़ में चढ़ कर रस्सी के सहारे नीचे आंगन में उतरे । उन्होंने पुजारी को किसी नशीली वस्तु के सहारे बेहोश कर दिया और मंदिर में स्थापित राम जानकी एवं लक्ष्मण की मूर्तीयां चोरी करके ले उड़े। बदमाशों ने चोरी करके वापस जाते समय मुख्य द्वार का उपयोग किया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना की जानकारी ग्रामीणों को सोमवार सुबह पूजा अर्चना के लिए मंदिर पहुंचने पर हुयी। श्रद्धालु मंदिर में देव प्रतिमाएं गायब देख सकते में आ गए, उधर पुजारी को भी अपने कमरे में अचेत पड़ा पाकर मामले की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गयी। प्राथमिक उपचार के बाद पुजारी भरत दास को होश में लाया गया। पुजारी के अनुसार चोरी गयी मूर्तीयां अष्टधातु निर्मित डेढ़ से दो फ़ीट ऊंचाई की ओर करीब दस किलो ग्राम वजन के आसपास थी,जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत कोई 20 करोड़ रूपये आँकी जा रही है। ग्रामीणों में घटना को लेकर रोष व्याप्त है।

## सीज़फायर के बावजूद पाकिस्तान की नई साजिश, सेना ने की नाकाम, जम्मू-कश्मीर और पंजाब में ड्रोन अलर्ट

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीज़फायर के बावजूद पाकिस्तान की नापाक हरकतें थमने का नाम नहीं ले रहीं। शुक्रवार शाम जम्मू-कश्मीर के सांबा सेक्टर और पंजाब के अमृतसर में एक बार फिर पाकिस्तानी ड्रोन गतिविधि देखी गई। इसके बाद दोनों ही क्षेत्रों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। सांबा में भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पाकिस्तानी ड्रोन को हवा में ही मार गिराया।

चश्मदीदों ने बताया कि सायरन बजने के कुछ देर बाद आसमान में धमाके की आवाज आई और ड्रोन का मलबा गिरता हुआ देखा गया।

पाकिस्तान की ओर से पंजाब के अमृतसर में भी कई ड्रोन देखे गए। गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी और उसके आसपास के इलाकों में ड्रोन गतिविधि के चलते इमरजेंसी सायरन बजा दिए गए। अमृतसर के डिप्टी कमिश्नर ने पूरे क्षेत्र में फुल ब्लैकआउट के आदेश जारी कर दिए हैं ताकि किसी भी संभावित हमले को रोका जा सके। हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच सीज़फायर की सहमति बनी थी, लेकिन पाकिस्तान ने एक बार फिर विश्वासघात किया है। भारत के एयरबेस पर हुए जवाबी हमले के बाद से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और ड्रोन हमलों के जरिए जवाब देने की कोशिश कर रहा है।



भारत ने साफ कर दिया है कि सीमा पर किसी भी तरह की घुसपैठ अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भारतीय सेना और डिफेंस एजेंसियों ने सभी ड्रोन को सफलतापूर्वक मार गिराया और संभावित खतरे को टाल दिया। केंद्र और राज्य प्रशासन लगातार हालात पर नजर रखे हुए हैं। स्थानीय लोगों से घरों में रहने की अपील की गई है और किसी भी अफवाह से बचने की सलाह दी गई है।

# कोतवाल ने गांव तीतरवाड़ा में ग्रामीणों के साथ की बैठक



**कैराना।** कैराना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने क्षेत्र के संवेदनशील गांवों की फेहरिस्त में शुमार गांव तीतरवाड़ा में ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित की। उन्होंने प्रबुद्ध ग्रामीणों से युवाओं का सही मार्गदर्शन करने का आह्वान किया है। साथ ही, गुंडागर्दी करने तथा कानून के साथ खिलवाड़ करने पर सख्त कार्यवाही किये जाने की भी चेतावनी दी है। सोमवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह क्षेत्र के हिन्दू-मुस्लिम आबादी वाले मिश्रित गांव तीतरवाड़ा में पहुंचे। जहां पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ में बैठक आहूत की। कहा कि गांव में विगत दिनों से आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हुई है। इन घटनाओं में अधिकतर युवाओं की संलिप्तता देखने को मिल रही है। ऐसे में माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अपने बच्चों के साथ में सामंजस्य स्थापित करें तथा उन्हें सदमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करें। कोतवाली प्रभारी ने कहा कि शुरुआत में अपराध की दुनिया युवाओं को अपनी ओर आकर्षित करती है, परन्तु यह ऐसी दलदल है, जिसमें धंसने के बाद व्यक्ति बर्बादी के कगार पर पहुंच जाता है। ऐसे लोगो का सामाजिक स्तर पर बहिष्कार होता है और कानून भी उन्हें दंडित करता है। उन्होंने प्रबुद्ध ग्रामीणों को गांव के युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए आगे आने का आह्वान किया है। साथ ही, कानून के साथ खिलवाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाने की चेतावनी दी है। इस दौरान तीतरवाड़ा पुलिस चौकी प्रभारी एसआई राकेश गौतम व ग्रामीण मौजूद रहे।

### साँप ने युवक को काटा, हालत गम्भीर

**नहटौर।** ग्राम सीकरी बुजुर्ग में एक युवक को सांप ने काट लिया।उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार रईस मंसूर पुत्र शरीफ अहमद 25 वर्ष रविवार की रात्रि को छत पर जा रहा था कि जीने पर चढते समय उसके पैर में अचानक सांप ने काट लिया।जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी ले गए।जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### शावक को साथ ले गयी मादा गुलदार

**कोतवाली देहात।** एक दिन पहले खेत मे मिले शावक को मादा गुलदार अपने साथ ले गई। गौरतलब हो कि ग्राम मलकपुर देहरी निवासी किसान उदयभान सिंह के खेत में शनिवार को गुलदार का एक शावक मिला था। मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारियों ने खेत में कैमरा लगा दिया था। तथा शावक को खेत में ही छोड़ दिया था। रविवार की रात्रि को मादा गुलदार शावक को अपने साथ ले गई।

रॉयल बुलेटिन

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अनिल रॉयल ने मै. साईं प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सैक्टर-6 नोएडा-201301 से मुद्रित कराकर रॉयल हाऊस, 174, गांधी कालौनी (उत्तरी), मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।

सम्पादक: ◆अनिल रॉयल

✆:(0131) 2412222, मो. 9412211222

e-mail Address : royalbulletin@gmail.com

● नशा छुडाएं ● बवासीर भगाएं ● सफेद दाग हटाएं

खोई हुई ताकत व जवानी दोबारा प्राप्त करें।




शराब छुड़ाएं

शराबी को लाने/बताने की जरूरत नहीं

जर्दा, गुटका, तम्बाकू, स्मैक, अफीम, डोडे (पोस्त), नोरफीन, मोरफीन, कैप्सूल प्रोक्सीवान, कोरैक्स, फैंसीडिल, हैरोइन, मैथाडोन व धूम्रपान से पक्का छुटकारा (असर पहले ही दिन)



बवासीर भगाएं

बिना इंजेक्शन/आपरेशन



बाल घने सफेदी, सीकरी, झडना, टूटना बंद, लम्बाई मनचाही

सफेद दाग, मिर्गी, मधुमेह का पक्का आयुर्वेदिक इलाज (समय: सुबह 10 से 5 बजे तक)

मिलें : हर रोज

शंकर दवाखाना

(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड) नक्कालों से सावधान

गली पान, दाल मंडी, मुजफ्फरनगर ✆ 0131-2432326, 9719442124

नजला, खांसी, दमा, सांस, गठिया बाय, लिकोरिया, पेट के रोग, पतला होने, सेहत बनाने, सुखमय विवाहित जीवन हेतु देसी इलाज के परामर्श के लिए मिले।



रॉयल बुलेटिन
# मुजफ्फरनगर समाचार
मंगलवार 13 मई 2025, पृष्ठ-3



### कोचिंग सेंटर संचालक अन्नू चौधरी की रहस्यमयी मौत

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गोली लगने की पुष्टि, हत्या की आशंका तेज

**मुज़फ्फरनगर।** मुज़फ्फरनगर में एक कोचिंग सेंटर संचालक की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। 5 मई को लापता हुए अन्नू चौधरी का शव 11 मई को गंगनहर में मिला। यह घटना शुरू में आत्महत्या प्रतीत हो रही थी, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि मृतक के सीने पर गोली का घाव था, जिससे हत्या की आशंका प्रबल हो गई है।

**लापता होने की कहानी**

यूसुफपुर गांव निवासी और शांति नगर कॉलोनी, मुज़फ्फरनगर में रह रहे अन्नू चौधरी हर दिन की तरह 5 मई को दोपहर को अपने कोचिंग सेंटर के लिए घर से निकले थे, लेकिन वे सेंटर नहीं पहुंचे। उसी शाम करीब पांच बजे उनकी बाइक, मोबाइल फोन, किताबें और जूते निरगाजनी झाल के पास गंगनहर पटरी पर पड़े मिले। खेत में काम कर रहे किसान ने यह देख पुलिस को सूचना दी।



**पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा**–सोमवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के सीने पर गोली लगने का घाव पाया गया है। इस खुलासे ने आत्महत्या की थ्योरी को कमजोर कर दिया है और यह मामला अब हत्या की ओर इशारा कर रहा है। मौके से कोई हथियार नहीं मिला है, जिससे संदेह और गहरा गया है।

**पुलिस जांच में तेजी**– भोपा थाना पुलिस ने परिजनों और गोताखोरों की मदद से गंगनहर में तलाश शुरू की थी। 11 मई को बेलड़ा गांव के पास शव मिलने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। थाना प्रभारी ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि रिपोर्ट में आर्म्स इंजरी पाई गई है और पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

**हत्या या आत्महत्या – अब भी सवाल बाकी**– पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यह स्पष्ट हो गया है कि अन्नू चौधरी की मौत सामान्य नहीं थी। अब यह सवाल उठ रहे हैं कि अन्नू की हत्या कब, कहां और किसने की? और अगर यह आत्महत्या थी, तो गोली कहां से आई? पुलिस इन तमाम पहलुओं की तह तक जाने का प्रयास कर रही है।

## रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

**खतौली।** थाना क्षेत्र के गांव मढ़करीमपुर टबिट्टा रेलवे फाटक के समीप रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुचीं कोतवाली पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। शिनाख्त होने पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। आनन फान परिजन ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंच गए। बाद में पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

जानकारी के अनुसार सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के मढ़करीमपुर गांव के टबिट्टा रेलवे फाटक पर रेलवे ट्रेक के समीप युवक का शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। ग्रामीणो की सूचना के बाद मौके पर पहुचीं खतौली पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। मृतक की शिनाख्त लोकेश पुत्र सुक्का निवासी गांव टिटोडा ले रूप में होने पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। लोकेश की अचानक मौत की खबर इसके घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आनन फानन परिजन ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। लोकेश की मौत को लेकर ग्रामीणों में तरह तरह की चर्चा व्याप्त है।



## शिकायत ठुकराने पर महिला ने रोड पर लेट कर किया प्रदर्शन

**मुज़फ्फरनगर।** थाना नगर कोतवाली में अपनी शिकायत नहीं सुनाए जाने से आहत एक महिला सड़क पर लेटकर आत्महत्या की कोशिश कर बैठी। उसने आरोप लगाया कि कोतवाल ने उसके साथ न्याय नहीं किया और उसे महिला सिपाही से धक्का लगवा कर कोतवाली से बाहर निकाल दिया। पीड़िता, जो शामली रोड की निवासी है, ने बताया कि उसके परिचित से मकान निर्माण के लिए 25,००० रुपये उधार दिए थे। एक महीने बाद जब उसने पैसे वापसी के लिए कहा, तो परिचित ने देने से मना कर दिया। अब डेढ़ महीने बीत जाने पर भी रकम नहीं लौटी, इसलिए वह कोतवाली गई थी। महिला ने कहा कि मैंने अपनी समस्या बताई, लेकिन कोतवाल साहब ने कहा कि वे इस तरह के केस में कोई मध्यस्थता नहीं करते, इसके बाद महिला सिपाही ने मुझे धक्का देकर बाहर निकाल दिया। आरोप है कि इसी अपमान के चलते वह सड़क पर लेटकर मरने की चेतावनी देने लगी। महिला ने पुलिस से अपील की कि उसे 25,००० रुपये दिलवाए जाएं।

## दुनिया की पहली नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती पर जिला चिकित्सालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित

**मुज़फ्फ़रनगर।** जिला चिकित्सालय (पुरुष), मुज़फ्फ़रनगर में मंगलवार को दुनिया की पहली नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सक अधीक्षक डॉ. संजय वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. योगेंद्र तिरखा, ईएमओ-31० नवनीत बसल, डा. आरती तथा नर्सिंग संवर्ग की प्रातिनिधिक उपस्थिति रही। नर्सिंग संघ की जिला अध्यक्ष सरिता देवी मैट्रन नीलम एवं नर्सिंग स्टाफ–तुलसी, नीशू, उपासना, सुनैना, शालू, स्वीटरी, शिक्षा अनुराधा, ममता, रोमिलाल, सिमरन ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। फार्मासिस्ट बी. मनोज त्यागी, अनिल कुमार, मौज हारून निसार व कंचन बाला तथा कार्यालय सहायक रजत, वरुण, अजय, श्यामपाल और आरि ने कार्यक्रम के संचालन में योगदान दिया। इस अवसर पर नर्सिंग प्रमुख सरिता देवी ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के योगदान और आधुनिक नर्सिंग शिक्षा में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका समर्पण और मानवता के प्रति सेवा भाव आज भी हमारे लिए प्रेरणा है। वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. तिरखा ने नर्सों की भूमिका को अभिन्न बताते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवा का प्रभावी कार्यान्वयन नर्सिंग स्टाफ की दृढ़ता और उच्चतम मानकों के पालन पर निर्भर करता है। कार्यक्रम में केक कटा कर जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया गया और रोगियों की सेवा में समर्पित नर्सिंग एवं मेडिकल टीम को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। अंत में सभी ने मिलकर शपथ ली कि वे फ्लोरेंस नाइटिंगेल के आदर्शों का अनुसरण कर अपनी नर्सिंग सेवा को और ऊँचा उठाएंगे।



इस आयोजन ने जिला चिकित्सालय में सामूहिक सेवा भावना को और मजबूती दी, तथा नर्सिंग समुदाय और चिकित्सा अधिकारियों के बीच सहयोग व सम्मान की भावना को भी प्रोत्साहित किया।

## मार्बल शोरूम से चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

**मुजफ्फरनगर।** थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा मार्बल शोरुम से पैसे चोरी करने के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए 1 शातिर चोर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है, चोरी किये 16 हजार रुपये नगद, पेन व वोटर आईडी कार्ड बरामद कर लिए गए। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी नई मण्डी के कुशल नेतृत्व में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा मार्बल शोरुम से पैसे चोरी करने के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए 1 शातिर चोर अभियुक्त को गौर सिटी टावर थाना बसरख गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे व निशादेही से 16 हजार रुपये नगद तथा वादी का पेन व वोटर आईडी कार्ड बरामद किये गये। वादी नितिन मित्तल निवासी जानसठ रोड, थाना नई मण्डी द्वारा लिखित तहरीर थाना नई मण्डी पुलिस को देते हुए अवगत कराया कि विगत 7 मई की रात्रि को अज्ञात चोर द्वारा एटूजेड रोड पर स्थित उनके प्रतिष्ठान का शटर तोडकर नगदी व पेन एवं वोटर आईडी कार्ड चोरी करने की घटना कारित की गयी है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया तथा अभियोग के शीघ्र व सफल अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को गौर सिटी टावर थाना बसरख गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार कर उपरोक्त अभियोग का सफल अनावरण किया गया तथा 16 हजार रुपये नगद तथा वादी का पेन व वोटर आईडी कार्ड बरामद किये गये। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार बदमाश ने अपना नाम आयुष बालियान पुत्र नरेश बालियान निवासी अंकित विहार थाना नई मंडी कोतवाली बताया है।



पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताया गया कि 7 मई की रात्रि को उसके द्वारा एटूजेड रोड पर स्थित मित्तल मार्बल्स के शोरुम में ताला तोडकर नगदी व कुछ कागजात चोरी किये गये थे। चोरी करने के पश्चात मैने कुछ रुपये एक खेत में गोपनीय स्थान पर छिपा दिये थे बाकी रुपये अपने साथ ले गया था, जो की मैने अपनी मोज मस्ती में खर्च कर दिये। थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा अभियुक्त की निशादेही से 16 हजार रुपये व वादी का पेन व वोटर आईडी कार्ड बरामद किये गये।

## युद्धविराम समझौते से शिवसेना-क्रांतिसेना नाराज, मोदी की आलोचना की



**मुज़फ्फरनगर।** शिवसेना/क्रांतिसेना ने भारत पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध विराम को मोदी सरकार का निराशाजनक कदम बताते हुए कहा कि जहां पहलगाम में हुई हिन्दुओ की सामूहिक हत्या पर देश भर में गुस्से का माहौल है, सभी देशवासी सरकार से हत्याकांड के जिम्मेदार पाकिस्तान को सबक सिखाने की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन सरकर द्वारा युद्ध से पहले ही युद्धविराम के फैसले से देश की राष्ट्रभक्त जनता स्वयं को ठगा सा महसूस कर रही है, आज पैर में फ्रेक्चर होने के कारण बेडरेस्ट कर रहे, क्रांतिसेना अध्यक्ष व शिवसेना शिंदे के वेस्ट यूपी प्रमुख ललित मोहन शर्मा के आवास पर आयोजित प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक में ललित मोहन शर्मा ने कहा कि मोदी का पाकिस्तान से युद्ध विराम के फैसले ने जनता को निराश किया है, उन्होंने कहा कि एक के बदले 1० सर लाने की घोषणा जुमला ही साबित हुई है। अब तो ऐसा लग रहा है कि मोदी के पास जुमलों के अलावा कुछ है ही नहीं, उन्होंने कहा कि साहेब के युद्ध विराम के फैसले के दूरगामी परिणाम होंगे, इस अवसर पर महासचिव पंडित संजीव शंकर ने हाल ही में शिवसेना में शामिल हुए युवाओं को सक्रिय रूप से हिंदुत्व व जनहित के मुद्दों पर कार्य करने के निर्देश दिये, इस अवसर पर मंडल प्रमुख शरद कपूर ने कहा कि अनेक दलों की धूल फांक कर एक कथित हिन्दू मोर्चे का संस्थापक बना तिलकधारी हिन्दुओ को गुमराह करने में लगा है। उन्होंने लोगों को ऐसे फर्जी हिन्दू नेताओं से सावधान रहने को कहा। इस अवसर पर जिला प्रमुख आनंदप्रकाश गोयल, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ मंडल अध्यक्ष अलोक अग्रवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी, महानगर प्रमुख देवेंद्र चौहान, जिला उपप्रमुख मंगतराम सोनकर, नरेन्द्र ठाकुर, अमित गुप्ता, संजीव वर्मा, शिवसेना महानगर प्रमुख ओमकार पंडित, कार्यालय प्रभारी शैलेन्द्र विश्कर्मा, युवा जिला प्रमुख हेमंत शर्मा, योगेंद्र बिहारी नगर उपप्रमुख राजेंद्र तायल, अमित शर्मा बॉबी, रोहन धीमान, रोहित धीमान आदि उपस्थित रहे।

## दबंग युवक ने मजदूर के साथ की मारपीट वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**मोरना।** दबंग युवक द्वारा गाड़ी में सामान ढोने वाले मजदूर के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है, पीड़ित ने आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी अनुज ने जानकारी देते हुए बताया कि वह छोटा हाथी वहां से सामान ढोने कर मेहनत मजदूरी करता है, रविवार को पीड़ित भोकरहेड़ी में एक दुकान पर सामान रहा था तभी वहां एक युवक अपने दो साथियों के साथ आया और अकारण ही गाली गलौज करने लगा, विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित के साथ जान से मारने की नियत से मारपीट करनी शुरू कर दी तथा भोकरहेड़ी में आने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है, डरे सहमे पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। क्षेत्राधिकारी भोपा डॉ. रवि शंकर मिश्रा ने बताया कि जांच की जा रही है, विधिक कार्रवाई की जाएगी।



## पाकिस्तान समर्थित वीडियो पोस्ट करने के आरोपी को जेल भेजा

**बुढ़ाना।** कस्बा निवासी युवक जीशान द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और देश विरोधी पोस्ट करने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कस्बा निवासी युवक जीशान कुरैशी पुत्र नौशाद कुरैशी ने रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए आपत्तिजनक जनक टिप्पणी की थी। पोस्ट में हिन्दू धर्म के देवी देवताओं और भारतीय सेना पर टिप्पणी की गई थी। पोस्ट वायरल होने पर हिन्दू संगठन के लोगो ने रविवार को सीओ गजेंद्रपाल सिंह से मिलकर आक्रोश जताया था। सीओ ने उक्त वीडियो की जांच के लिए बुढ़ाना कोतवाली पुलिस को निर्देश दिए, तो पुलिस हरकत में आई। पुलिस जांच में कस्बे की नगर पंचायत के पूर्व सभासद नौशाद कुरैशी के पुत्र जीशान कुरैशी निवासी राजन वाली गली मोहल्ला नई बस्ती द्वारा पोस्ट करना पाया गया। आरोपी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से राष्ट्र विरोधी, आपत्तिजनक और भड़काऊ सामग्री प्रसारित की थी। पुलिस ने बताया कि युवक ने भारतीय सेना, हिन्दू देवताओं विरोधी संदेश साझा किए थे, जिनसे शांति व्यवस्था को खतरा उत्पन्न हो सकता था। एसएसआई ललित शर्मा ने बताया कि सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## केंद्रीय रेलवे व जलशक्ति राज्यमंत्री ने किया रोहाना शुगर मिल का दौरा

**मुजफ्फरनगर।** वी. सोमन्ना, रेलवे व जल शक्ति राज्यमन्त्री, भारत सरकार एवं कपिल देव, कौशल विकास मंत्री, उत्तर प्रदेश, डा. शान्तनु कुमार अग्रहरि आईएएस व मन्जू नाथ पर्सनल सेक्रेटरी द्वारा मैसर्स इंडियन पोटाश लिमिटेड, डिस्टिलरी व सी.बी.जी. कंम्प्रेस्ड बॉयो गैस इकाई रोहाना कलां मुजफ्फरनगर का दौरा किया गया। आईपीएल, रोहाना कलां, डिस्टिलरी व सीबीजी प्रांगण में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा आईएएस, संजय कुमार, आईपीएस एसएसपी, कमल किशोर,आईएएस, सीडीओ, एडीएम, एनबी सिंह, पीसीएस, सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, पीसीएस, एसडीएम सदर श्रीमती निकिता शर्मा, पीसीएस ने भी समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर लोकेश कुमार, इकाई प्रमुख आईपीएल, रोहाना कलां, रमेश कुमार शर्मा, प्रधान प्रबन्धक (डिस्टिलरी), आरके तिवारी, मानव संसाधन एवं विधिक हैड भरत कुमार, सहायक महाप्रबंधक-उत्पादन एवं डिस्टिलरी तथा सीबीजी इकाई के सभी अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। डिस्टिलरी के सभागार में मीटिंग के दौरान मंत्री द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए फ्यूल बचाने की योजना तथा देश के विकास में कम्पनी का बहुत बडा योगदान बताते हुए कम्पनी के अधिकारियों व कर्मचारियों का मनोबल बढाया, इसके साथ रमेश शर्मा, प्रधान प्रबन्धक ने मीडिया के विभिन्न कर्मचारियों के समक्ष आईपीएल मे उत्पादों के विषय में प्रकाश डालते सभी को बधाई दी। निरीक्षण के उपरान्त मंत्री ने डिस्टलरी व सीबीजी यूनिट के सौन्दर्यीकरण पर आईपीएल की सराहना की और स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत आईपीएल की यूनिटों में स्वच्छता प्रणाली को देखकर इकाई प्रमुख व डिस्टलरी प्रधान प्रबन्धक को धन्यवाद दिया।





## आधा दर्जन वारंटी गिरफ्तार

**खतौली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय सिंह द्वारा शातिर अपराधियो, वारण्टी, वांछित अभियुक्तों की धरपकड का अभियान चलाए जाने का आदेश देने के क्रम मे कोतवाली पुलिस ने एक एनबीडब्ल्यू तथा आधा दर्जन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार करके अदालत के समक्ष पेश किया है।

कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि थाने में दर्ज धारा 2/3 गैंगस्टर अभियुक्त सचिन पुत्र जुगेन्द्र उर्फ जुगमेन्द्र निवासी गाजियाबाद को मुखबिर खास की सूचना पर चीतल कट के पास से गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इसके अलावा कोतवाली पुलिस ने थाने में दर्ज अलग अलग मुकदमों के वारंटी अभियुक्तों अनिल पुत्र भगवान शर्मा निवासी गांव पिपलहेडा, मोनू उर्फ काला पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम पलडी, ज्ञान सिंह पुत्र शीशराम निवासी गांव बिहारीपुर, जमशेद पुत्र वसीउद्दीन निवासी ग्राम मोहिउद्दीनपुर, राजवीर पुत्र सुखवीर निवासी ग्राम अन्ती, राजन पुत्र मुकेश सैनी निवासी गांव खान्जहापुर को इनके मसकनों से गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष पेश किया है।

## संपादकीय

# भारत ने दिया करारा जवाब

यह जगजाहिर है कि भारत में आतंकवाद की समस्या को ज्यादा जटिल बनाने में पाकिस्तान की क्या भूमिका रही है। यह भी छिपा नहीं है कि भारत में आतंकी वारदात के लिए जिम्मेदार संगठनों को पाकिस्तान किस स्तर पर शह देता रहा है और इसी वजह से कितने आम लोग पिस रहे हैं। हाल ही में पहलगाम में आतंकी वारदात पाकिस्तान की साजिशों की ही एक कड़ी थी, जिसमें छब्बीस पर्यटकों को जान गंवानी पड़ी। इस आतंकी हमले की जैसी प्रकृति थी, उससे स्वाभाविक ही न केवल भारत में व्यापक दुख और आक्रोश पैदा हुआ, बल्कि दुनिया भर में इस घटना पर चिंता जताई गई।भारत के सामने यह चुनौती थी कि वह आतंकियों के इस दुस्साहस के खिलाफ किस हद तक सब्र करे। फिर भी भारत ने संयम से काम लिया और बहुत सोच-समझ कर अपनी प्रतिक्रिया दी। संवाद के जरिए पाकिस्तान को समझाने और आतंकवाद को समर्थन देने से रोकने के लिए भारत ने जितना संभव था, वह सब किया। मगर ऐसा लगता है कि पाकिस्तान के लिए शांति और संवाद का रास्ता कोई महत्त्व नहीं रखता और आतंकवादियों को संरक्षण देना ही वह जरूरी समझता है। यह बेवजह नहीं है कि सारे विकल्प खत्म होने के बाद आखिर भारत को सख्त कदम उठाने पड़े और उसने 'आपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तानी क्षेत्र में स्थित आतंकी ठिकानों पर कामयाब हमला किया। दरअसल, पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पिछले कई दिन से बिना वजह के सीमा पर पाकिस्तान की ओर से बार-बार संघर्षविराम का उल्लंघन जारी था। ऐसे में भारत के पास जवाब देने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा था। मगर पाकिस्तान ने आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय जिस तरह भारतीय क्षेत्र में गोलीबारी की, उसमें कई लोगों की जान चली गई। भारत के ठोस जवाब के बावजूद गुरुवार को आई खबर के मुताबिक, पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग करके भारत में पंद्रह जगहों पर हमला करने की कोशिश की, जिसे भारत ने पूरी तरह नाकाम कर दिया। भारत की ओर से जवाबी कार्रवाई में लाहौर में पाकिस्तानी वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया गया। एक ओर, लगातार आतंकवादी हमले और साजिश को झेलने के बावजूद भारत ने अंतिम विकल्प के रूप में पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया भी तो वह 'केंद्रित और नपी-तुली' प्रतिक्रिया थी, वहीं पाकिस्तान अपनी मंशा के बेपर्द होने पर भी ऐसी गतिविधियां जारी रखे हुए है, जिसे उकसावे की कार्रवाई कहा जा सकता है। विचित्र यह भी है कि आतंकवादियों को शह देने के सवाल पर पाकिस्तान दुनिया भर में कठघरे में खड़ा दिखता है। ऐसे कई मौके सामने आ चुके हैं। कुछ वर्ष पहले बेजिंग में हुए ब्रिक्स सम्मेलन के घोषणापत्र में भी इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि लश्करे-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे कई बड़े आतंकवादी संगठन पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करते हैं। इस बेपर्दगी के बावजूद पाकिस्तानी शासकों ने आतंकी संगठनों को शह और संरक्षण देना नहीं रोका। सवाल है कि वह आने वाले दिनों में अपनी इस प्रवृत्ति के अंजाम की अनदेखी किन वजहों से कर रहा है। ऐसी हरकतों की वजह से भारी संख्या में आम लोग आतंकवाद की मार से पिस रहे हैं। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि पाकिस्तान की बेलगाम हरकतों पर दुनिया की नजर है और इसका गंभीर खमियाजा उसे भुगतना पड़ सकता है।

**दुनिया पर अपनी धाक जमाने का अमेरिका को एक और मौका दिखा और उसने पहले तो आतंकी देश को अपने प्रभाव का प्रयोग करके इंटरनेशनल मानिटरी फंड से कर्जे की नई किस्त जारी करवा दी और फिर भारत पर दबाव बनाकर सीज फायर की स्थिति का निर्माण किया। सीज फायर में दौनों देशों की उच्चतमस्तर की चर्चा के बिना ही घोषणायें की जाने लगीं परन्तु जैसे ही अमेरिका को इस प्रयास हेतु पाकिस्तान ने धन्यवाद ज्ञापित किया वैसे ही पाक सेना ने पुनः भारतीय सीमा के अन्दर घुसकर आक्रमण करना शुरू कर दिया। ताबडतोड हमलों के मध्य भारत ने भी कडी जवाबी कार्यवाही की। इसी मध्य चीन ने पाकिस्तान के साथ खुलकर खडे होने की घोषणा कर दी।**

# स्वर्णिम काल के सुखद परिणाम की दस्तक

**( डा. रवीन्द्र अरजरिया)**

पाकिस्तान को ढाल बनाकर चीन ने अपनी चौधराहट को बढाने में एक बार फिर सफलता हासिल कर ली है। भारत की जवाबी कार्यवाही से थर्राये पाकिस्तान ने पर्दे के पीछे से चीनी मंशा के तहत अमेरिका को माध्यम बनाकर सीजफायर के प्रयास तेज किये। दुनिया पर अपनी धाक जमाने का अमेरिका को एक और मौका दिखा और उसने पहले तो आतंकी देश को अपने प्रभाव का प्रयोग करके इंटरनेशनल मानिटरी फंड से कर्जे की नई किस्त जारी करवा दी और फिर भारत पर दबाव बनाकर सीज फायर की स्थिति का निर्माण किया। सीज फायर में दौनों देशों की उच्चतमस्तर की चर्चा के बिना ही घोषणायें की जाने लगीं परन्तु जैसे ही अमेरिका को इस प्रयास हेतु पाकिस्तान ने धन्यवाद ज्ञापित किया वैसे ही पाक सेना ने पुनः भारतीय सीमा के अन्दर घुसकर आक्रमण करना शुरू कर दिया। ताबडतोड हमलों के मध्य भारत ने भी कडी जवाबी कार्यवाही की। इसी मध्य चीन ने पाकिस्तान के साथ खुलकर खडे होने की घोषणा कर दी। अमेरिका को चीन ने एक बार फिर मात दे दी। षडयंत्रों की विसात पर खेले जा रहे अमेरिका और चीन के शतरंजी खेल में पाकिस्तान के पौ-बारह हो रहे हैं। आतंक को मुख्य उद्योग के रूप में स्वीकारने वाले जिन्ना के देश ने शुरू से ही अपने विश्वासघाती कदमों से नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। मालूम हो कि मक्कार पडोसी ने चोरी-छिपे अपनी विश्वद्रोही नीतियों के अनुपालन में दोगले देश अमेरिका और चीन जैसे प्रतिव्दन्दियों का सहयोग लेकर परमाणु शक्ति प्राप्त कर ली थी और इसी की दम पर वह समूचे संसार को निरंतर ब्लैकमेल रहा है। उसने परमाणु धमकी का प्रयोग, अमेरिका का प्रभाव और असहाय की स्थित का दिखावा करके अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में स्थापित अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से कर्जे की एक और किस्त प्राप्त कर ली। विचारणीय बिन्दु यह है कि एक आतंकी राष्ट्र को ऐसे समय में बेलआउट देने के पीछे आईएमएफ की आखिर क्या मजबूरी थी, जो युद्ध जैसे हालातों के मध्य संसार से संकलित पैसा मानवता के विरुध्द उपयोग हेतु दिया गया। उल्लेखनीय है कि सन् 1989 से लेकर अभी तक के 35 वर्षों में इस अन्तर्राष्ट्रीय संस्था ने 28 बार पाकिस्तान को पैसा दिया है। आश्चर्य है कि आतंकी देश को जलवायु परिवर्तन से निपटने हेतु 1.3 बिलियन डालर की क्रेडिट लाइन देने पर भी विचार किया जा रहा है। समूची दुनिया जानती है कि पाकिस्तान को दिये जाने वाले पैसे का खुला उपयोग कट्टरपंथी आतंकवाद से गजवा-ए-दुनिया के लक्ष्य भेदन हेतु किया जा रहा है। संसार भर में फैले हजारों आतंकवादी संगठनों को पाकिस्तान का न केवल खुला समर्थन है बल्कि पूरा सहयोग भी रहता है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि आईएसआईएस, हिजबुल्लाह, हूती जैसे अनेक संगठनों को पाकिस्तान ने गुपचुप तरीके से परमाणु हथियार तक मुहैया करा दिये हैं जिस कारण वे अमेरिका जैसे देशों के जहाजों तक पर दबंगी से आक्रमण कर रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में भारत का विजय रथ निरंतर आगे बढता जा रहा है। चीनी हथियार



निरंतर ध्वस्त हो रहे हैं। पाकिस्तान के प्रयास धराशाही हो रहे हैं। सीमा पर प्रयोग में लाये जाने वाले अमेरिका सैन्य साजो सामान भी भारत की साहसी सेना व्दारा नस्तनाबूत किये जा रहे हैं। ड्रैगन का एयर डिफैन्स सिस्टम और मिसाइलों के धूल में मिलाने के साथ साथ अमेरिका के एफ 16 जैसे लडाकू विमानों को अस्तित्वहीन करके भारत ने अपनी क्षमता का परचम फहरा दिया है। ऐसे में अमेरिका और चीन के हथियारों की फजीहत होने के बाद उसके अनेक शस्त्र क्रेताओं का मन बदलने लगा है। इन हथियारों के सौदागरों की छवि धूमिल हो रही है। वहीं अर्थ-व्यवस्था के क्षेत्र में ब्रिटेन जैसे देश को पछाडकर भारत ने तीसरी पायदान पर कब्जा कर लिया है जिससे ब्रिटेन की विरासत को शर्मनाक चोट लगी है। समूचे परिदृश्य के आधार पर यह कहना अतिश्योक्ति न होगा कि विश्वासघाती अमेरिका, धूर्त चीन, मक्कार ब्रिटेन जैसे देश आज भारत के बढते विश्वास, ऊर्ध्वमुखी विकास और विद्वान नेतृत्व की क्षमताओं से न केवल आहत है बल्कि अपने-अपने स्तर पर षडयंत्र करने में जुटे हैं। ऐसे में भारत को निशाना बनाया जाना स्वाभाविक ही है। ज्ञातव्य है कि पूर्व में अमेरिका ने बंगला देश में सत्ता परिवर्तन कराके हिन्दुओं और भारत विरोधी वातावरण निर्मित किया ताकि भारत-बंगला देश युध्द को धरातल पर उतारा जा सके। ऐसा ही प्रयास चीन ने भी मालदीप, श्रीलंका और नेपाल की धरती का उपयोग करके किया था। सभी प्रयासों के असफल होने के बाद भारत को सम्प्रदाय की आग से जलाने हेतु नापाक धरती का मास्टर स्टोक के रूप में पुनः उपयोग हुआ। पहलगाम की घटना से समूचा देश आन्दोलित हो उठा। शत्रुओं की चाल थी कि हिन्दु-मुस्लिम के इस कार्ड से देश के अन्दर आन्तरिक युध्द के हालात पैदा हो जायेंगे और सीमापार से सेना को आम मुसलमान के वेश में न केवल घुसेडा जायेगा बल्कि भारत के अंदर पहले से मौजूद भितरघातियों, घुसपैठियों और अघोषित शरणार्थियों सहित भूमिगत एजेन्टों को सक्रिय करके भीड की शक्ल में खडा करके हिन्दुओं का कत्लेआम करवा दिया जायेगा।मगर यह मंसूबे पूरे नहीं हो सके। मुस्लिम देशों से भी बेहतर हालातों में विलासतापूर्ण जीवन जीने वाले भारतीय मुसलमानों ने मोदी के पारदर्शी नेतृत्व को खुलकर समर्थन दिया। विपक्ष ने भी एक स्वर में साथ खडे होने की घोषणा की। समूचा देश पहलगाम का बदला लेने के लिए आक्रोशित हो उठा। भारत की प्रतिशोधात्मक कार्यवाही को अवसर मानकर चीन के पिट्ठू भिखारी पाकिस्तान ने अपनी दोगली नीतियों के तहत अमेरिका पर डोरे डाले। उसे दुनिया का सबसे ताकतवार देश मानने का दिखावा करके सहयोग की याचना की। सिठिया चुके ट्रंप ने आतंकी देश के ड्रामे को वास्तिवकता मानकर उसे न केवल आईएमएफ से कर्जे की किस्त दिलवायी बल्कि भारत पर दबाव बनाकर सीज फायर की घोषणा भी करवा दी। यह सब चीन की चालबजियां थी जो पाकिस्तान के सिर चढकर बोल रहीं थीं। ज्यों ही मुट्ठी में पैसा आया त्यों ही चीन के रंग में रंगे आतंकी देश ने अपना असली रुप दिखाना शुरू कर दिया। अमेरिका की सत्ता सम्हालते ही ट्रंप ने रूस-यूक्रेन और इजरायल-गाजा जैसे युद्धों को समाप्त करवाने की घोषणा की थी जिसमें वह पूरी तरह असफल रहे। यही हाल भारत-पाकिस्तान के मुद्दे पर भी हुआ। चीन की चालाकियों के तले बूढे ट्रंप की अकल जमती जा रही है जबकि ड्रैगन ने एक तीर में तीन निशान साथे हैं। दुनिया के सामने अमेरिका की औकात दिखा दी, पाकिस्तान की विश्वसनीयता के चीथडे उडा दिये और भारत की अर्थ व्यवस्था को सीधी चोट पहुंचाई। ऐसे में चीन छोडकर भारत आने की घोषणा कर चुके अन्तर्राष्ट्रीय औद्योगिक घराने अपने निर्णय पर पुनः विचार करने के लिए बाध्य हो गये हैं। पाकिस्तान को युध्द की आग में झौंकने के बाद चीन उसे खुलकर सैन्य सहयोग तो करेगा परन्तु वह अपने सैनिकों जंग में नहीं उतार सकता। वर्तमान में भारत की स्थिति न केवल मजबूत है बल्कि उसके पक्ष में विश्व के ज्यादातर देश खडे हैं जो बाह्य और आन्तरिक रूप से सहयोग करने का दम भर रहे हैं। आज समूचा देश एक है। सेना का आत्मविश्वास चरम सीमा पर है। ऐसे में चीन और अमेरिका के बीच चल रहे शह-मात के खेल सहित ब्रिटेन की कलाबाजियों से दूर रहकर केवल और केवल राष्ट गौरव को विश्व के सर्वोच्च सिंहासन पर पुनः स्थापित करन हेतु उपलब्ध हुए स्वर्णिम काल का सुखद परिणाम प्राप्त करना ही चाहिए। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# छात्रों को किताबों से आगे ले जाना होना, भविष्य के भारत के लिए समग्र शिक्षा जरूरी

**(जगवीर सिंह )**

आज का युवा ही कल का भारत है। स्कूल केवल किताबी ज्ञान का केंद्र नहीं, बल्कि एक ऐसी प्रयोगशाला होने चाहिए जहां छात्रों का सर्वांगीण विकास हो। किताबें हमें तथ्य देती हैं, लेकिन व्यावहारिक ज्ञान, देशभक्ति, और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां हमें जीवन जीने की कला सिखाती हैं। आइए, जानें कि स्कूलों में ऐसी गतिविधियों को शामिल करना क्यों जरूरी है और यह भविष्य के भारत को कैसे आकार दे सकता है।

**व्यावहारिक ज्ञान- किताबों से परे एक दुनिया:** किताबी ज्ञान महत्वपूर्ण है, लेकिन यह अधूरा है अगर इसे व्यवहार में न लाया जाए। स्कूलों में प्रैक्टिकल लर्निंग जैसे साइंस प्रोजेक्ट्स, कोडिंग वर्कशॉप, और बागवानी जैसी गतिविधियां छात्रों को समस्या-समाधान और रचनात्मकता सिखाती हैं। उदाहरण के लिए, एक छात्र जो भौतिकी की किताब पढ़ता है, वह तभी गति के नियम को गहराई से समझेगा जब वह स्वयं एक मॉडल रॉकेट बनाएगा। यह न केवल जिज्ञासा को बढ़ाता है, बल्कि आत्मविश्वास भी देता है।



**देशभक्ति- युवा मन में राष्ट्रप्रेम का बीजः** देशभक्ति केवल गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। स्कूलों में स्वतंत्रता सेनानियों की कहानियां, इतिहास से प्रेरित नाटक, और सामाजिक सेवा के प्रोजेक्ट जैसे स्वच्छता अभियान देश के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी का भाव जगाते हैं। जब छात्र भगत सिंह या रानी लक्ष्मीबाई की जीवनी पर आधारित नाटक में हिस्सा लेते हैं, तो वे न केवल इतिहास से जुड़ते हैं, बल्कि देश के लिए कुछ करने की प्रेरणा भी पाते हैं।

**महापुरुषों की जयंती- प्रेरणा का उत्सवः** महापुरुषों की जयंती केवल छुट्टी का दिन नहीं, बल्कि प्रेरणा का अवसर है। स्कूलों में गांधी जयंती पर निबंध लेखन, स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं पर चर्चा, या सरदार पटेल की एकता की भावना पर आधारित गतिविधियां आयोजित की जा सकती हैं। ये आयोजन छात्रों को महान व्यक्तित्वों के मूल्यों से जोड़ते हैं और उन्हें जीवन में बड़े लक्ष्य तय करने के लिए प्रेरित करते हैं।

**प्रतियोगिताएं- आत्मविश्वास और नेतृत्व का निर्माणः** वाद-विवाद, क्विज, और निबंध लेखन जैसी प्रतियोगिताएं छात्रों में आत्मविश्वास और तार्किक सोच विकसित करती हैं। ये गतिविधियां उन्हें अपनी बात को प्रभावी ढंग से रखना सिखाती हैं। उदाहरण के लिए, एक पर्यावरण पर आधारित वाद-विवाद न केवल छात्रों को जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूक करता है, बल्कि उन्हें सार्वजनिक मंच पर बोलने का साहस भी देता है।

**खेल प्रतियोगिताएं- स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मनः** खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नहीं, बल्कि टीम वर्क, अनुशासन, और नेतृत्व के लिए भी जरूरी हैं। स्कूलों में फुटबॉल, क्रिकेट, या खो-खो जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित करना छात्रों को न केवल फिट रखता है, बल्कि हार-जीत से निपटने की मानसिकता भी देता है। एक छात्र जो अपनी स्कूल टीम का हिस्सा बनता है, वह सहयोग और मेहनत का महत्व समझता है।

**भविष्य के भारत के लिए- एक समग्र दृष्टिकोणः** भारत का भविष्य उन युवाओं पर निर्भर करता है जो न केवल बुद्धिमान हों, बल्कि जिम्मेदार, देशभक्त, और आत्मविश्वासी भी हों। स्कूलों को ऐसी जगह बनाना होगा जहां छात्र किताबों के साथ-साथ जीवन के सबक भी सीखें। व्यावहारिक ज्ञान उन्हें नवाचार सिखाएगा, देशभक्ति उन्हें जिम्मेदारी देगी, और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां उन्हें नेतृत्व के लिए तैयार करेंगी। आइए, हम अपने स्कूलों को केवल डिग्री देने वाली फैक्ट्रियों से ऊपर उठाएं और उन्हें भविष्य के भारत के निर्माता बनाएं। आज का निवेश कल के भारत को उज्ज्वल बनाएगा। (लेखक शिक्षक और शिक्षाविद् हैं ) ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं

# भारत का आतंक पर कभी न भूलने वाला प्रहार

**(योगेश कुमार गोयल)**

सिंदूर ऑपरेशन में केवल आतंकी ठिकानों को ही नहीं, उन ठिकानों को भी निशाना बनाया गया, जहां से उन्हें रसद, हथियार और प्रशिक्षण दिया जाता था। यह केवल आतंकियों के खिलाफ नहीं बल्कि आतंक को संरक्षण देने वाली पूरी पाकिस्तानी सैन्य और खुफिया संरचना के खिलाफ कार्रवाई थी।

'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये भारत ने साबित कर दिया है कि वह अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं बल्कि आतंक के स्त्रोतों पर निर्णायक और सर्जिकल प्रहार करने वाला राष्ट्र बन चुका है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह भारत ने सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों पर निशाना साधते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया, उसने न केवल पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाई बल्कि भारत की नई सैन्य नीति को भी स्पष्ट कर दिया कि अब हम चुप नहीं बैठेंगे बल्कि हम आतंक के जन्मस्थल तक जाएंगे और वहां आग लगाएंगे। यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, यह उस बदले हुए भारत की घोषणा थी, जो अब बातों से नहीं, बमों से जवाब देता है, जो कूटनीति की किताब बंद करके अब अपने लड़ाकू विमानों और मिसाइलों की बोली में संवाद करता है। भारतीय वायुसेना ने जब पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में घुसकर आतंकियों के अड्डों पर सर्जिकल स्ट्राइक की तो यह महज जवाबी हमला नहीं था, यह स्पष्ट संदेश था कि भारत अब किसी आतंकी की मांद को भी सुरक्षित नहीं छोड़ेगा, चाहे वह सरहद के इस पार हो या उस पार।

ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य स्पष्ट था, उन स्थानों को ध्वस्त करना, जहां से भारत में आतंक का बीज बोया जाता है। पहलगाम हमला, जिसमें हमारे निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया, उसकी साजिश कहीं और नहीं, पाकिस्तान की फौज, आईएसआई और लश्कर-ए-तैयबा जैसों की सांठगांठ से ही तैयार की गई थी। भारत ने न केवल इस साजिश को समझा बल्कि उसे जड़ से उखाड़ने की भी ठान ली है। इस ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने जिस साहस, रणनीति और सटीकता का परिचय दिया, वह दुनिया के किसी भी शीर्ष सैन्य बल को चुनौती देने




के लिए पर्याप्त है। पाकिस्तान हमेशा से ही दोहरी भूमिका निभाता रहा है, एक ओर वह अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर शांति और वार्ता की बात करता है तो दूसरी ओर अपने क्षेत्र को आतंकियों के प्रशिक्षण केंद्र के रूप में प्रयोग करता है। भारत ने अब उस नकाब को पूरी तरह नोच फेंका है। ऑपरेशन सिंदूर ने बता दिया कि भारत अब उन भाषणों या प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं होगा, जो संयुक्त राष्ट्र में दिए जाते हैं बल्कि उन बंकरों को नेस्तनाबूद करेगा, जहां से ये षड्यंत्र जन्म लेते हैं।

भारत द्वारा यह कार्रवाई अचानक नहीं की गई बल्कि पहले खुफिया एजेंसियों के माध्यम से आतंकियों की गतिविधियों की पूरी जानकारी जुटाई गई। सैटेलाइट इमेजिंग, मानव खुफिया नेटवर्क और तकनीकी निगरानी के जरिये भारत को यह स्पष्ट हो गया था कि पाक अधिकृत कश्मीर में कुछ स्थान आतंकियों के लांच पैड के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह भी सामने आया कि हालिया पहलगाम हमले की योजना भी यहीं से बनाई गई थी। भारत की यह नीति अब 'हिट ऐंड होल्ड' की है कि हमला करो, कब्जा करो और दबाव बनाए रखो। इस ऑपरेशन में सबसे प्रभावशाली बात यह रही कि भारतीय लड़ाकू विमानों ने रात के अंधेरे में बेहद सटीकता से अपने लक्ष्य साधे और सीमित समय में वहां से निकल आए। यह 'नो वॉर्निंग, नो वॉर' रणनीति का आदर्श उदाहरण था। पाकिस्तान के वायु रक्षा तंत्र को भनक तक नहीं लगी और जब तक वहां के सैन्य प्रतिष्ठान कुछ समझ पाते, तब तक भारत अपना काम करके वापस लौट चुका था।

इस ऑपरेशन में केवल आतंकी ठिकानों को ही नहीं, उन ठिकानों को भी निशाना बनाया गया, जहां से उन्हें रसद, हथियार और प्रशिक्षण दिया जाता था। यह केवल आतंकियों के खिलाफ नहीं बल्कि आतंक को संरक्षण देने वाली पूरी पाकिस्तानी सैन्य और खुफिया संरचना के खिलाफ कार्रवाई थी। यही कारण है कि पाकिस्तान के राजनीतिक और सैन्य गलियारों में इस ऑपरेशन के बाद सन्नाटा छा गया। हालांकि पाकिस्तान की प्रतिक्रिया पूर्वानुमेय थी, पहले इन्कार, फिर विक्टिम कार्ड खेलना और अंत में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से गुहार लगाना लेकिन अब वैश्विक परिदृश्य बदल चुका है। अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अन्य लोकतांत्रिक देश भारत के साथ खड़े हैं। आतंक के प्रति उनकी नीति अब स्पष्ट है कि जो आतंक को शरण देगा, वह खुद सुरक्षित नहीं रहेगा। इसीलिए, भारत द्वारा किए गए इस ऑपरेशन को विश्वभर में नैतिक समर्थन और वैधता प्राप्त हुई है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि ऑपरेशन सिंदूर का सैन्य पक्ष जितना शक्तिशाली था, उतनी ही मजबूत उसकी कूटनीतिक तैयारी भी थी। भारत ने पहले ही अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के आतंक समर्थक चेहरे को उजागर कर दिया था। एफएटीएफ जैसे मंचों पर पाकिस्तान की असफलताएं जगजाहिर हैं। ऐसे में भारत का यह सैन्य कदम उस लंबे कूटनीतिक संघर्ष का परिणामी वार था, जिसे वर्षों से संजोया जा रहा था। ऑपरेशन सिंदूर ने यह भी दिखा दिया कि भारत अब केवल एलओसी तक सीमित नहीं है। यदि आवश्यक हुआ तो भारत नियंत्रण रेखा पार करके भी अपने हितों की रक्षा कर सकता है। यह नीति पाकिस्तान के लिए स्पष्ट चेतावनी है कि यदि उसने अब भी अपने घर में पल रहे आतंकी सांपों को दूध पिलाना बंद नहीं किया तो अगली बार भारत उनके बिलों तक पहुंचेगा और उन्हें वहीं खत्म करेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि भारत की सैन्य क्षमता अब केवल परंपरागत युद्धों तक सीमित नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर में जिन हथियारों और तकनीकों का उपयोग किया गया, उनमें राफेल जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान, ड्रोन निगरानी, रियल टाइम सैटेलाइट डेटा और बंकर भेदी बम शामिल थे। यह सब कुछ दर्शाता है कि भारत अब एक आधुनिक, आक्रामक और निर्णायक सैन्य शक्ति बन चुका है।

पाकिस्तान की अब तक की रणनीति यही रही है कि वह भारत के धैर्य की परीक्षा लेता रहे और भारत केवल विरोध या चेतावनी तक सीमित रहे लेकिन अब वह दौर समाप्त हो गया है। भारत ने बता दिया है कि वह न केवल जवाब देगा बल्कि ऐसा जवाब देगा, जो 'आतंकिस्तान' को अगली साजिश रचने से पहले सौ बार सोचने पर विवश करेगा। आतंक को बढ़ावा देना अब पाकिस्तान के लिए केवल एक रणनीति नहीं, आत्मघाती कदम बन चुका है। भारत ने साबित कर दिया है कि अब न केवल सीमा की सुरक्षा करेगा बल्कि आवश्यकता पड़ी तो आतंकी नेटवर्क की जड़ों तक जाकर प्रहार करेगा। यह केवल सैन्य नीति नहीं बल्कि नई भारतीय आत्मा की आवाज है, जो शांति तो चाहती है लेकिन डरती नहीं, जो प्रेम में तो विश्वास करती है लेकिन पराजय में नहीं।

## मेरठ में महिलाओं को पीटने के मामले में थाना प्रभारी समेत पूरी चौकी लाइन हाजिर



मेरठ। मेरठ के लावड़ कस्बे में दलित महिलाओं को पीटने के मामले में एसएसपी डॉक्टर विपिन ताडा ने बड़ा एक्शन लिया है। एसएसपी ने इस मामले में थाना प्रभारी सहित पांच पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने थाना प्रभारी नितिन पांडेय, चौकी प्रभारी, दो दरोगा और एक सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस की इस करतूत का वीडियो पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया अकाउंटों पर शेयर करते हुए भाजपा पर निशाना साधा था। इसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। रविवार को भी राजनीतिक दलों के कई नेता पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। मामले में एसएसपी ने पूरी पुलिस चौकी को लाइन हाजिर किया है। लावड़ कस्बे की राशन वाली गली में सात मई को जमीन के विवाद में सुनील और उसके भाई सुशील में झगड़ा हो गया था। इसके बाद सुनील ने लावड़ चौकी पर तहरीर दी थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सुशील को गिरफ्तार कर थाने लाने लगी। आरोप है कि परिवार ने दरोगा अमित कुमार को मारपीट कर घायल कर दिया था।

## सौरभ हत्याकांड की चार्जशीट आज होगी कोर्ट में दाखिल, हत्या की वजह प्रेम प्रसंग बताई



मेरठ। सौरभ हत्याकांड में आरोपी पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी के खिलाफ चार्जशीट आज कोर्ट में दाखिल की जाएगी। एएसपी ब्रह्मपुरी अंतरिक्ष जैन ने बताया कि कोर्ट ने इस मामले में आज 12 मई की तारीख लगाई है। पुलिस ने चार्जशीट में यह स्पष्ट कर दिया है प्रेम प्रसंग में मुस्कान ने साहिल के साथ मिलकर पति सौरभ की हत्या की। तंत्र-मंत्र का हत्या से कोई लेनादेना नहीं है। बता दें थाना ब्रहमपुरी के इंदिरानगर निवासी सौरभ की तीन मार्च की रात पत्नी मुस्कान ने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर सीने में चाकू से वारकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद शव को बाथरूम में ले गए और टुकड़े किए थे। शव के टुकड़े नीले ड्रम डालकर सीमेंट और डस्ट का घोल डालकर जमा दिए थे। चार मार्च की शाम मुस्कान और साहिल शिमला, मनाली और कसौल चले गए थे। 11 मार्च को मुस्कान ने मनाली में साहिल का जन्मदिन मनाया था। एएसपी ने बताया कि आज सोमवार को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करने के लिए भेजी गई है। दोनों आरोपी मुस्कान और साहिल दोषी पाए गए हैं। फोरेंसिक रिपोर्ट भी चार्जशीट में शामिल की गई है। एएसपी ने बताया कि आज सोमवार को कोर्ट में चार्जशीट को दाखिल करने के लिए भेजा गया है। दोनों आरोपी मुस्कान और साहिल पर आरोप सही पाए गए हैं। इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सिर काटकर साहिल बैग में घर ले गया था। सौरभ के बाकी अंग आरोपियों ने नीले ड्रम में डाल दिए थे। चार्जशीट में इसे शामिल किया गया है।

## कबाड़ी से लूट के दो आरोपी पुलिस ने किए गिरफ्तार



मेरठ। थाना लोहियानगर क्षेत्र में कबाड़ी से 26 हजार रुपये की लूट करने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक बदमाश पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार ने बताया कि असम निवासी हाफिज जाकिर कॉलोनी में झुग्गी में रहता है। वह कबाड़ी है। उसकी गैरहाजिरी में गोदाम उसका साला जाहीजुला संभालता है। गत तीन मई की रात जाहीजुला गोदाम पर बैठा था। तभी एक स्कूटी पर तीन युवक पहुंचे। उन्होंने उस पर पिस्टल तान दी और उसकी जेब में रखे करीब 26 हजार रुपये लूटकर भाग गए। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। शनिवार को पुलिस ने फैजान व अलमास निवासी अहमदनगर लोहिया नगर को गिरफ्तार कर लिया। तीसरा आरोपी समीर है। इसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# सेंट्रल मार्केट को बचाने के लिए सीएम योगी से सांसद डॉ.लक्ष्मीकांत वाजपेयी कल करेंगे मुलाकात



मेरठ। मेरठ के शास्त्रीनगर सेंट्रल मार्केट को बचाने के लिए सीएम योगी से राज्यसभा सांसद डॉक्टर लक्ष्मीकांत वाजपेयी कल लखनऊ में मुलाकात करेंगे। उनके साथ व्यापारियों का भी एक प्रतिनिधिमंडल होगा। बता दें पिछले 10 दिनों से व्यापारियों के बीच अनिश्चितकालबंदी को लेकर व्यापारी नेता सतीश चंद्र जैन, गौरव शर्मा, विपुल सिंघल मेरठ को एक करने में दिन-रात लगे हुए थे।

बेगम ब्रिज रोड व्यापार संघ, बेगमपुल व्यापार संघ , आबू लेन व्यापार संघ ,मेरठ शिव चौक छिपी टैंक व्यापार संघ, नवीन बाजार व्यापार संघ सहित अनेकों बाजारों ने अपनी बैठक कर सेंट्रल मार्केट की दुकानों को बचाने के लिए अनिश्चितकालीन बंदी की आवश्यकता पड़े तो बंद करने के लिए समर्थन दिया है।

। इसी बीच राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेई के प्रयासों से मेरठ के व्यापारियों को सेंट्रल मार्केट पर चर्चा करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ कल का समय निश्चित हुआ है।

बैठक करने के लिए मेरठ से व्यापारी नेता नवीन गुप्ता, संजय जैन सहित अन्य व्यापारी लखनऊ के लिए रवाना हो चुके हैं।

मेरठ के समस्त व्यापारी कामना करते हैं कि कल की बैठक का सकारात्मक रुख हो और सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों को सरकार की ओर से राहत प्रदान हो।

# लोको पायलटों को तनाव मुक्त रखने के लिए योग और ध्यान की कक्षा



मेरठ। ट्रेन चलाने वाले लोको पायलटों को अनिद्रा और तनाव से मुक्त रखने के लिए रेलवे उन्हें योग और ध्यान की कक्षा दे रहा है। रेलवे ने मेरठ सिटी स्टेशन और कैंट स्टेशन के रनिंग रूम में जहां एक तरफ लोको पायलट के लिए घर जैसी सुविधाएं मुहैया कराई है। वहीं दूसरी तरफ तनाव से मुक्ति दिलाने के लिए उन्हें योग भी सिखाया जा रहा है। रेलवे विभाग ने यह पहल ट्रेन दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए की है। अक्सर अनिद्रा और तनाव की वजह से ट्रेन संचालन में व्यवधान पैदा होता है और इसी वजह से दुर्घटना होने की संभावना भी रहती है। इसी को रोकने के लिए दिल्ली रेल मंडल ने इस पहल की शुरूआत की है। मेरठ के स्टेशनों पर रनिंग रूम में लोको पायलट के लिए यह व्यवस्था की गई है। जहां पर लोको पायलट अपने आराम के क्षणों में योग और ध्यान की कक्षा ले सकते हैं।

# नीरज बवाना गैंग के तीन कारतूस तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े, 234 कारतूस बरामद



मेरठ। मेरठ में चल रहा बारूद का खेल, लालकुर्ती पुलिस और स्वाट टीम ने उजागर कर दिया है। भारी मात्रा में कारतूस बरामद होने के बाद सनसनी फैल गई। सोमवार सुबह चेकिंग के दौरान तीन तस्करों को धर दबोचा गया। जिनके पास से 234 कारतूस, एक बाइक और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। गिरफ्तार अभियुक्तों में शारिब, उवैद और हैदर उर्फ भूरा हैं। ये लोग लंबे समय से कारतूस तस्करी के नेटवर्क में सक्रिय थे। पुलिस को मुखबिर ने सूचना मिली तो टीमें हरकत में आ गईं और इनकी योजना को मौके पर चौपट कर दिया गया।

एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह के अनुसार जांच में सामने आया कि यह गिरोह दिल्ली के कुख्यात नीरज भवान गैंग के लिए काम कर रहा था। पूछताछ में शारिब ने बताया कि वे सिर्फ सप्लाई नहीं करते थे, बल्कि कारतूसों को मॉडिफाई करके और भी ज्यादा जानलेवा बनाते थे। इसमें उसका भाई, जीजा, दोस्त और दिल्ली के कुछ गैंगस्टर भी शामिल हैं।

तीनों के पास से 204 कारतूस 12 बोर, 30 कारतूस 315 बोर, एक बाइक, दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। पकड़े गए कारतूस तस्कर शारिब पुत्र फरीद, निवासी ग्राम सठला, थाना मवाना उवैद खान पुत्र जावेद, मवाना, मेरठ हैं। हैदर उर्फ भूरा पुत्र लईक अहमद, ग्राम सठला, मवाना अभी फरार हैं। तलाश जारी शाकिर, कदीम, जोनी, अहद उर्फ राजा उर्फ पख्तूनी और भूरा पुत्र माजिद छिपे हो सकते हैं।

## ठेके के सामने नाले में गिरने से वृद्ध की मौत



मेरठ। मेरठ के थाना टीपी नगर क्षेत्र के माधवपुरम में शराब के ठेके के सामने नाले में गिरने से वृद्ध की मौत हो गई। मृतक का नाम कमालउद्दीन था और वो समर कॉलोनी ब्रह्मपुरी में निवास करता था। शव जब पानी के ऊपर आया तो लोगों ने पुलिस को सूचना दी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि कमालउद्दीन शराब पीने का आदी था। परिजनों ने ब्रह्मपुरी थाने में उसकी गुमशुदगी की तहरीर दी थी। उसका शव ठेके पास नाले में दिखाई दिया। पुलिस ने सफाई कर्मचारियों की मदद से शव बाहर निकाला और परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने शनाख्त की। एसपी सिटी ने बताया कि शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं था। नशे की हालत में नाले में गिरने से मौत की संभावना है।

## युवक की मौत पर भाई ने किया आत्मदाह का प्रयास, डंपर पर पथराव



मेरठ। मेरठ के थाना पल्लवपुरम क्षेत्र के मोदीपुरम में डंपर की टक्कर से दो युवकों गोविंद और सचिन की मौत हो गई। दोनों की मौत के बाद परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने न केवल हंगामा व डंपर पर पथराव किया बल्कि गोविंद के भाई गौरव ने आत्मदाह की कोशिश की। पुलिस ने किसी तरह उसके हाथ से कैन छीनकर आत्मदाह करने से रोक लिया। शाम साढ़े छह बजे से साढ़े आठ बजे तक दो घंटे तक जमकर हंगामा हुआ। ग्रामीण जाम लगाकर अधिकारियों को बुलाने की मांग कर रहे थे। सीओ दौराला व अन्य पुलिसकर्मी ग्रामीणों को समझाने में लगे, लेकिन वह सुनने को तैयार नहीं थे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि शवों को जब तक नहीं उठने दिया जाएगा जब तक तहसीलदार मौके पर आकर मुआवजे का आश्वासन नहीं देते। दुल्हैड़ा चौकी इंचार्ज शेखर भी ग्रामीणों को समझाने पहुंचे, जिस पर ग्रामीणों की उनसे तीखी नोकझोंक व धक्का मुक्की हुई, जिसमें दरोगा की वर्दी फट गई। तभी पुलिस ने लाठी चार्ज कर भीड़ को तितर बितर किया।

## सत्यापन के दौरान झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले 17 संदिग्धों का चालान



मेरठ। लोहियानगर पुलिस ने घोसीपुर, जाहिदपुर और 44 वाहिनी पीएसी के पीछे झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोगों का डीएम के आदेश पर सत्यापन किया। इस दौरान 17 लोग संदिग्ध मिले। पूछताछ में उन्होंने खुद को पूर्वोत्तर राज्यों का निवासी बताया। वे काफी दिनों से झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे हैं। पुलिस ने थाने लाकर पूछताछ करने के बाद शांति भंग में चालान कर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। वहां से मुचलका पाबंद करने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। उनके पास कोई आधार कार्ड या पहचान पत्र नहीं मिला। सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार ने बताया कि तीनों स्थानों पर रहने वाले करीब 500 लोगों का सत्यापन किया गया।

# आज का इतिहास

नयी दिल्ली-भारतीय एवं विश्व इतिहास में 13 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार है।

1830: इक्वाडोर गणराज्य की स्थापना, जुआन जोस फ्लोरेंस पहले राष्ट्रपति बने।

1846: अमेरिका और मैक्सिको के बीच पिछले एक साल से टैक्सस को लेकर चल रहे तनाव के बीच कांग्रेस ने अपने इस पड़ोसी देश के खिलाफ युद्ध का ऐलान किया।

1880: पहली बार थॉमस अल्वा एडिसन की इलेक्ट्रिक ट्रेन चली।

1905: भारत के पूर्व राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद का जन्म।

1952: स्वतंत्रता के बाद भारत के उच्च सदन राज्यसभा की पहली बैठक हुई।

1956: आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की स्थापना करने वाले आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का जन्म हुआ।

1960: मैक्स इसेलीन के नेतृत्व में स्विटजरलैंड का एक खोजी दल हिमालय में धौलागिरी पर्वत शिखर पर पहुंचा।

1962: सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश के दूसरे राष्ट्रपति बने।

1967: जाकिर हुसैन भारत के तीसरे राष्ट्रपति चुने गए।

1978: देश का पहला ध्वजवाहक जहाज आईएनएस दिल्ली सेवामुक्त हुआ।

1981: पोप जॉन पॉल द्वितीय को तुर्की के एक नागरिक ने वेटिकन सिटी के सेंट पीटर्स स्क्वेयर में गोली मार दी। पोप इस हमले में गंभीर रूप से घायल हुए।

1995: ब्रिटेन की एक महिला, जो दो बच्चों की मां थी, ने शेरपाओं की मदद और आक्सीजन के बिना एवरेस्ट फतह करने के कारनामे को अंजाम दिया।

1998: विश्व भर की आलोचना और दबाव की परवाह न करते हुए भारत ने पोखरण में दो और परमाणु परीक्षण किए।

2000: मिस इंडिया लारा दत्ता ने साइप्रस में मिस यूनिवर्स का खिताब जीता।

2001: भारतीय साहित्य जगत के सबसे बड़े नामों में से एक आर के नारायण का निधन।

2004: भारत के आम चुनाव में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार की हार हुई।

2008: पिंक सिटी जयपुर, 15 मिनट के अंदर हुए 8 धमाकों में गई 71 लोगों की जान

2009: यूरोपीय आयोग ने कंप्यूटर चिप बनाने वाली कंपनी इंटेल पर प्रतिद्वंद्वी कंपनी के प्रति गलत व्यावसायिक नीतियां अपनाने पर एक अरब यूरो से अधिक का इतिहास का सबसे बड़ा जुमार्ना लगाया।

# रंग संसार

## अभिनेत्री नायरा एम बनर्जी ने माँ को प्रेरणा और शक्ति का स्त्रोत बताया



मुंबई (अनिल बेदाग) : बॉलीवुड अभिनेत्री नायरा एम बनर्जी हमेशा से अपनी माँ के बहुत करीब रही हैं। अपने पेशेवर सफर की शुरूआत से लेकर अब तक, जब भी उन्हें अपनी प्यारी माँ के बारे में बात करने का मौका मिला है, तो उन्होंने हमेशा उनके बारे में बहुत अच्छी बातें की हैं और बताया है कि कैसे उनकी प्रेरणा ने उन्हें निजी और पेशेवर दोनों तरह से अपने जीवन में आगे बढ़ने में मदद की है। हाल ही में मदर्स डे के अवसर पर अभिनेत्री से उनकी माँ के बारे में पूछने पर नायरा ने कहा ,"जहाँ तक माताओं का सवाल है, उनके लिए आप जितना भी कहें, वह हमेशा कम ही होगा। हमारे जीवन में उनका योगदान अतुलनीय है और यही इस रिश्ते की खूबसूरती है। एक माँ और बच्चे के बीच का रिश्ता दुनिया के किसी भी रिश्ते से हमेशा 9 महीने ज्यादा होता है और यही इसे परिभाषित करने के लिए काफी है। मेरे मामले में, मुझे एक सहायक माँ मिली है जिसने हमेशा मुझ पर विश्वास किया है, यहाँ तक कि उस समय भी जब मुझे खुद पर विश्वास नहीं था। वह मेरी सबसे बड़ी चीयरलीडर, मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा और ताकत का स्त्रोत है। मैं इस तथ्य के बारे में जानती हूँ कि जब दुनिया मेरे चारों ओर टूट रही होती है, तब भी जब मैं माँ के पास आती हूँ, तो चीजें बेहतर होने लगती हैं। मेरी महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करने और मेरा साथ देने से लेकर मेरे बुरे फैसलों के दौरान भी मेरे साथ रहने तक, वह हर समय मेरे साथ रही है। एक बेटी के रूप में, मैं केवल उसे उतना ही प्यार देने की कोशिश कर सकती हूँ जितना उसने मुझे दिया है, लेकिन दिन के अंत में, एक माँ के प्यार का कभी भी बदला नहीं लिया जा सकता है। वह वास्तव में मेरे लिए सबसे बड़ा आशीर्वाद है। उन्हें मदर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं और इस ग्रह पर मौजूद हर खूबसूरत मां को मदर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं। आप सभी बेहतरीन रॉकस्टार हैं।"

# राज काज

## पांच साल में 35% बढ़ा आरबीआई का सोने का भंडार

<

पांच साल में अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने के दाम लगभग दोगुने हो गए हैं। भारत में भी इस दौरान सोना करीब 120 प्रतिशत महंगा हो चुका है। रिटेल खरीदारी कम होने के बावजूद कीमतों में इतना इजाफा हुआ है। इस साल जनवरी से अब तक सोने के दाम 27 प्रतिशत बढ़े हैं। सिर्फ अप्रैल में ही यह 6 प्रतिशत महंगा हुआ है। दाम में इतनी बढ़ोतरी का एक बड़ा कारण है विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों की तरफ से सोना खरीदना। आइए जानते हैं बड़े देशों में किसके पास कितना सोना है और पांच साल में उनके भंडार में कितनी वृद्धि हुई है।

मार्च 2020 में अमेरिका के पास 8133.46 टन, जर्मनी के पास 3364.16 टन, इटली के पास 2,451.84 टन, फ्रांस के पास 2,436 टन, रूस के पास 2299.15 टन और चीन के पास 1948.31 टन सोना था। पांच साल में अमेरिका, जर्मनी, इटली और फ्रांस के सोने के भंडार में तो कोई खास बदलाव नहीं आया। रूस का भंडार बढ़कर 2332.74 टन और चीन का 2,292.31 टन हो गया।

पांच साल में आरबीआई का भंडार 34.7% बढ़ा

पिछले पांच साल में भारतीय रिजर्व बैंक (फ्इक) के सोने के भंडार में सबसे ज्यादा 34.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक इसका सोने का भंडार मार्च 2020 में 653.01 टन था, जो मार्च 2025 में बढ़कर 879.59 टन हो गया। इस तरह इसमें 226.58 टन की वृद्धि हुई। इस दौरान आरबीआई देश में 219.69 टन सोना लेकर आया। पांच साल में चीन के केंद्रीय बैंक ने 344 टन सोना खरीदा, लेकिन उसके भंडार में सिर्फ 18 प्रतिशत वृद्धि हुई।

अब देखते हैं कि बीते पांच साल में किस साल आरबीआई ने कितना सोना खरीदा और कितना स्वदेश लेकर आया। मार्च 2020 के अंत में फ्इकके पास 653.01 मीट्रिक टन सोना था। इसमें से 292.30 टन सोना देश में और बाकी 360.71 टन बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (इक्र) के पास पड़ा था। कीमत (डॉलर) के लिहाज से मार्च 2020 के अंत तक कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का हिस्सा 6.40 प्रतिशत था।

# दैनिक राशिफल 13 मंगलवार मई, 2025

**मेष –** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**वृष –** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवा-रजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें।

**मिथुन –** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**कर्क –** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढड्ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

**सिंह –** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढड्ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या –** अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

**तुला –** अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृश्चिक –** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**धनु –** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ।

**मकर –** आत्मविश्वास बढ़ेगा। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतान-स्त्री पक्ष से लाभ होगा।

**कुम्भ –** खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है।

**मीन –** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

## दैनिक पंचांग

**13 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.30 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मिथुन | 07.28 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.41 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.57 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.09 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.20 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.35 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 20.51 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 22.56 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | कुंभ | 00.42 बजे से |
| | | मीन | 02.15 बजे से |
| | | मेष | 03.46 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 133 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** प्रतिपदा 00.36 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** विशाखा 09.09 बजे को समाप्त।
**योग** वरीयान 05.53 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 11.33 बजे तदनन्तर कौलव 00.36 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 15.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 24'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872343
**जूलियन दिन** 2460808.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद **तारीख** 14
**विशेष** नारद जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# सवेरे दुकान खुलते ही व्यापारी को रंगदारी की चिट्ठी मिलने से हड़कंप मचा

❒ 20 लाख रूपये की रंगदारी न दिए जाने पर व्यापारी सहित बच्चों की हत्या करने की धमकी दी गई





लाला क्या हॉल है तेरी अच्छाई के लिए तुझे बता रहा हूँ बहुत मोटे पैसे आज कल तू कमा रहा है साले अगर अपने बच्चों पर बाप का साया बना रहना चाहता है तो 20 लाख रुपए की तैयारी रख तुम्हें अभी फिलहाल में करोडो की जमीन थाना भवन में ली है और एक करोड़ रुपए का प्लॉट शामली में लिया है तू शामली तो शामली कैराना में भी बहुत मोटी कमाई कर रहा है तू रोज कैराणा से शामली आता है अगर हमारी बात नही मानी और पुलिस के पास गया तो समझ लेना की तुझे कोई नही बचा पायेगा अगर अपनी और अपने बच्चो की जिंदगी प्यारी है तो इस रकम का इंतजाम करना तुझे अगली चिट्ठी में बताएंगे कब और कहां देनी है और इस चिटी को मजाक मत समझना फिर बता रहा हूँ पुलिस को बताया तो इंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना

**शामली।** सोमवार सवेरे दुकान खुलते ही व्यापारी को रंगदारी की चिट्ठी मिलने से हड़कंप मच गया। बदमाशों द्वारा व्यापारी को 20 लाख रूपये की रंगदारी न दिए जाने पर व्यापारी सहित बच्चों की हत्या करने की धमकी दी गई है। सूचना मिलते ही व्यापारी नेता मौके पर एकत्रित हो गए और उन्होने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बदमाशों द्वारा दुकान में डाली गई चिटठी को कब्जे में लेकर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला ब्रहमणान निवासी सुमित बंसल सोमवार सवेरे करीब 9 बजे शहर के फव्वारा चौक स्थित प्रिया मोबाईल की दुकान को खोलने के लिए पहुंचे। दुकान खुलते ही सुमित बंसल को एक कम्प्यूटर से लिखी रंगदारी की चिटठी प्राप्त हुई। जिसमें बदमाशों द्वारा 20 लख रुपए की रंगदारी मांगी गई है। साथ ही रंगदारी के चिट्ठी में बदमाशों ने थानाभवन में करोडों की जमीन खरीदने, एक अन्य प्लॉट खरीदने और कैराना में बहुत मोटी कमाई करने जैसी बातों को दर्शाया है। यही नही बदमाशों ने चिटठी में रोजाना कैराना से शामली आने की भी बात लिखी है। कहा कि अगर हमारी बात नही मानी और पुलिस के पास गया तो तुझे कोई बचा नही पायेगा। बच्चों की जिंदगी प्यारी है तो रकम का इंतजाम कर ले।

बदमाशों ने रंगदारी कैसे लेनी है इसके लिए अगली चिटठी का इंतजार करने की बात कही है। पुलिस को बताने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई है। व्यापारी को रंगदारी की चिट्ठी मिलने की सूचना से वही पुलिस विभाग में भी हड़कम्प मच गया। सूचना पाकर शामली कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और रंगदारी की चिट्ठी को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में ली है। व्यापारी सुमित बंसल के भाई दीपक बंसल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

## देर रात्रि आई तेज आंधी व बूंदाबांदी से आम की फसल को नुकसान पहुंचा

**शामली।** देर रात्रि आई तेज आंधी और बूंदाबांदी से आम की फसल को नुकसान पहुंचा है। रात्रि में तेज आंधी के साथ की शहर की विद्युत आपूर्ति बाधित



रहने से नागरिकों को परेशानियों का सामना भी करना पडा। बारिश न होने से गर्मी बरकरार रही। रविवार देर रात्रि करीब 9 बजे अचानक मौसम में बदलाव हुआ। आसमान में काले बादल छा गए और तेज आंधी चली। तेज आंधी के साथ बूंदाबांदी भी होने लगी। ऐसा अंदेशा लग रहा था कि झमाझम बारिश होगी, लेकिन कुछ समय बाद आंधी शांत होने के साथ साथ मौसम भी पूरी तरह से साफ हो गया। तेज आंधी आने से कई स्थानों पर विद्युत फाल्ट आये जिस कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रही और भीषण गर्मी में बिजली न होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा। वही दूसरी ओर तेज आंधी से किसानों की आम की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। पेड पर लगे कच्चे काम टूटकर जमीन पर गिर पडे।

## बहुजन समाज पार्टी की एक बैठक कैराना में आयोजित की गई

**शामली।** सोमवार को बहुजन समाज पार्टी की एक बैठक कैराना में आयोजित की गई। जिसमें दीपक कुमार को कैराना विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है। आयोजित बैठक में सर्व सम्मति से मनोज कुमार को आलकला कैराना को सैक्टर



अध्यक्ष, अमित कुमार को महासचिव बनाया गया। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी देवीदास जयंत ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से पार्टी को मजबूत करने का आहवान किया। कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश से बसपा की ज्यादा से ज्यादा सीटे निकालकर मायावती को मुख्यमंत्री बनाना होगा। इस अवसर पर हरपाल कश्यप, सुनील जाटव, विनोद कुमार जयंत, वीर सिंह मालैंडी, प्रदीप कोरी, तोफीक सिददीकी, रोशनलाल, गौरव शर्मा, जयपाल कश्यप, आकाश कुमार, विशाल कुमार, सुमित कुमार, तुषार आदि मौजूद रहे।

## दो ट्रक की भिडंत में प्याज से भरा ट्रक सिंभालका बाईपास पर पलटा

**शामली।** सोमवार सवेरे शहर के मेरठ-करनाल हाईवे पर दो ट्रक की हुई भिडंत में प्याज से भरा ट्रक सिंभालका बाईपास पर पलट गया। हादसे में दोनों ट्रकों के चालक बाल बाल बच गए, जबकि हाईवे पर ट्रक पलटने से यातायात अवरूद्ध



रहा। बाद में ट्रेफिक पुलिस ने किसी तरह ट्रक को खाली कराकर हाईवे से हटवाया और यातायात सुचारू हो सका। सोमवार सवेरे करीब 5 बजे राजस्थान के धोलपुर निवासी ट्रक चालक किशन अपने ट्रक में प्याज भरकर बदनावर से पानीपत मंडी में जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह सिंभालका बाईपास हाईवे पर पहुंचा तो वह रास्ता पूछने के लिए रूका और वापस मोडने लगा। इसी दौरान पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक चालक हरप्रीत सिंह ने अपनी नियंत्रण खोते हुए प्याज से भरे ट्रक में टक्कर मार दी, जिससे प्याज से भरा ट्रक हाईवे पर पलट गया। हादसे में दोनों ट्रक क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि दोनों के चालक बाल बाल बच गए। सूचना पाकर ट्रेफिक पुलिस मौके पर पहुंची और हाईवे पर पलटे ट्रक से यातायात प्रभावित होने पर बेरियर लगाकर रास्ता डायर्वट कराया गया। दोपहर बाद तक ट्रक खाली होने पर ही हाईवे से हटाया जा सका। हादसे में दोनो ट्रकों में लाखों रूपये का नुकसान हुआ है।

## रामड़ा में आतंकवाद के विरोध में रक्तदान शिविर का आयोजन

**कैराना।** कांग्रेस पार्टी एवं भारतीय किसान यूनियन(महात्मा टिकैत) के कार्यकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से आतंकवाद के विरोध में गांव रामड़ा में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 20 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। सोमवार को क्षेत्र के गांव रामड़ा में युवा कांग्रेस व भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के कार्यकर्ताओं




द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ भाकियू (महात्मा टिकैत) के जिलाध्यक्ष सोनू शर्मा ने किया। इस दौरान करीब 20 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। शामली से पहुंची सर्वोदय ब्लड बैंक की टीम के द्वारा रक्त संग्रह किया गया। वहीं, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अश्वनी शर्मा ने बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार आतंकवाद के विरोध में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें लोगो ने स्वेच्छा से खूनदान किया है। आतंकवाद के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का पूर्ण समर्थन सरकार के साथ है। उन्होंने लोगो से बढ़चढ़कर रक्तदान करने का आह्वान किया है। इस अवसर पर नासिर चौधरी, वीशू शर्मा, सीमा देवी, अफसर चौधरी, वाजिद अली, कमल किशोर शर्मा, रविन चौधरी, विशाल शर्मा, दीपक शर्मा, राकेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

## दीपक कुमार बनाए गए बसपा के कैराना विधानसभा प्रभारी

**कैराना।** कैराना कस्बे के मोहल्ला आलकलां निवासी दीपक कुमार को बहुजन समाज पार्टी का कैराना विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है। सोमवार



को बसपा सुप्रीमों एवं प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देशानुसार संगठन की सेक्टर बैठक कस्बे के मोहल्ला आलकलां में आयोजित हुई। इस दौरान पार्टी के पूर्व कैराना विधानसभा अध्यक्ष रहे राजकुमार के पुत्र दीपक कुमार को कैराना विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके अलावा, मनोज कुमार को सेक्टर आलकलां का अध्यक्ष तथा अमित कुमार को महासचिव बनाया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के शामली जिलाध्यक्ष सुनील कुमार जाटव ने कहा कि वर्तमान सरकार से जनता त्रस्त है। दिन-प्रतिदिन प्रदेशभर में पार्टी का जनाधार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में सभी ने एकजुटता के साथ मेहनत करके बहन कुमारी मायावती को पांचवी बार प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है। इस अवसर पर जिला प्रभारी देवीदास जयंत, हरपाल कश्यप, विनोद जयंत, वीरसिंह, प्रदीप कोरी, तौफीक सिद्दीकी, रोशन लाल आर्य, गौरव शर्मा, जयपाल कश्यप, आकाश कुमार, विशाल कुमार, सुमित, तुषार आदि मौजूद रहे।

## चेक बाउंस के आरोपी को छह माह का साधारण कारावास

❒ अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कैराना की अदालत ने सुनाया फैसला

**कैराना।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने चेक बाउंस के आरोपी को दोष सिद्ध पाए जाने पर छह माह के साधारण कारावास व छह लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अर्थदंड की समस्त राशि एक माह के अंदर मुकदमें के वादी को देने के आदेश दिए है।

नसीम अहमद एडवोकेट व कुर्बान राणा एडवोकेट ने बताया कि उनके मुवक्किल शराफत अली पुत्र इब्राहिम निवासी ग्राम कुरमाली थाना बाबरी जनपद शामली (मुजफ्फरनगर) ने बाबरी थाने पर ईंट बनाने वाली फर्म कैडी ब्रिक्स सप्लाई सोनता, मुजफ्फरनगर व उसके पार्टनर अनवार अहमद व अन्सार अहमद पुत्रगण जलालुद्दीन निवासी ग्राम कैडी, थाना बाबरी जिला शामली (मुजफ्फरनगर) तथा शौकीन अली पुत्र यासीन निवासी मोहल्ला मंसूर खान, निकट इंदिरा मूर्ति कस्बा व थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर के खिलाफ चेक बाउंस के आरोप में धारा-138एनआई एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कराया था। विवेचक ने मामले की तफ्तीश करके आरोप-पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। यह मामला कैराना स्थित अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में विचाराधीन था। मामले में आरोपी बनाए गए अन्सार अहमद व शौकीन अली की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। अदालत ने दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के तर्क-वितर्क सुनने के पश्चात आरोपी अनवार अहमद को दोषी करार देते हुए छह माह के साधारण कारावास व छह लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अदालत ने जुर्माने की समस्त राशि निर्णय सुनाए जाने के एक माह की समयावधि के भीतर मुकदमें के वादी शराफत अली को दिए जाने का आदेश दिए है। साथ ही, जुर्माना अदा न करने पर दोषी को दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतने के आदेश दिए है।

**❒ कोर्ट ने आरोपी पर लगाया छह लाख रुपये का अर्थदंड, जुर्माने की समस्त राशि मुकदमें के वादी को देने के आदेश**

## छात्राओं ने ऑपरेशन सिन्दूर लिखकर भारत के वीर सैनिकों को नमन किया




**शामली।** शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कालेज में सोमवार को छात्राओं ने ऑपरेशन सिन्दूर लिखकर भारत के वीर सैनिकों को नमन किया। इस दौरान छात्राओं ने भारत के वीर जवानों की सराहना करते हुए भारत माता की जय के जयकारे लगाये।

सोमवार को श्री सत्यनारायण इण्टर कॉलेज की छात्राओं ने ऑपरेशन सिन्दूर लिखकर भारत के वीर सैनिकों को बधाई दी। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि गत कई वर्षों से पाकिस्तान के द्वारा भारत पर आंतकवादी हमले किये जाते रहे हैं। परन्तु वो ये भूल गया कि यह नया भारत है जो देश के दुश्मनों को उनके घर में घुस कर मारता है। हमें अपने देश की जल, थल एवं वायु सेना पर गर्व है। इस ऑपरेशन को आर्मी लेफ्टिनेन्ट कर्नल सोफिया कुरेशी एवं वायु सेना की विंग कमाण्डर व्योमिका सिंह के निर्देशन में चलाया गया जो कि भारतीय महिलाओं के शौर्य को प्रदर्शित करता है। छात्राओं के द्वारा आज विद्यालय में ऑपरेशन सिन्दूर लिखकर सेना को बधाई देना भी इसी का प्रतीक है। इस अवसर पर धनश्याम सारस्वत, अनिल कुमार कश्यप, रामनाथ, महेश नारायण गौड़, प्रियांक शर्मा, लक्ष्मी गर्ग, नीतू अग्रवाल, कीर्ति गर्ग, कविता मित्तल, मोहित मित्तल, अरविन्द कुमार, हरीश नामदेव मौजूद रहे।

## परिवहन विभाग की रहमो करम के चलते सड़कों पर खुलेआम दौड़ रहे हैं मिट्टी के ओवरलोड वाहन, अक्सर बनते हैं बड़े हादसों का कारण

**शामली।** उत्तर प्रदेश के जनपद शामली में परिवहन विभाग के रहमो करम के चलते मिट्टी खनन के ओवरलोड डंपर खुलेआम सड़कों पर दौड़ रहे हैं। जोकि अक्सर बड़े हादसों का कारण भी बनते हैं। लेकिन परिवहन विभाग द्वारा उक्त ओवरलोड वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। जिसके चलते परिवहन विभाग के अधिकारियों की भूमिका संदेहात्मक प्रतीत हो रही है। जिसके चलते मिट्टी खनन माफिया जमकर चांदी काट रहे हैं और राजस्व को क्षति पहुंचा रहे हैं।

सूत्र की माने तो उक्त वाहनों से परिवहन विभाग द्वारा एंट्री के नाम पर सुविधा शुल्क वसूला जाता है। जिसके चलते मिट्टी के



ओवरलोड डंपर जनपद की सड़कों पर बेखौफ फर्राटा भर रहे हैं।

जनपद शामली की कलेक्ट्रेट स्थित चौराहे के समीप का है। जहा गांव कुडाना की ओर से आ रहे मिट्टी के ओवरलोड डंपर परिवहन विभाग की सह पर सड़कों पर खुलेआम दौड रहे हैं। सूत्रों की माने तो परिवहन विभाग के अधिकारी द्वारा उक्त मिट्टी के वाहनों से एंट्री के नाम पर सुविधा शुल्क भी वसूला जा रहा है। बताया जा रहा है कि मिट्टी के ओवरलोड डंपर उड़ीसा राज्य के नंबरों के हैं। जॉकी जिले के चर्चित एक खनन माफिया के द्वारा चलवाए जा रहे हैं। जोकि गांव बनतीखेडा का रहने वाला बताया जा रहा है।जिसके द्वारा गांव कुडाना के जंगलों में बिना किसी परमिशन के आधुनिक मशीनों द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी खनन कर उस मिट्टी को डंपरों में भरवाकर नवनिर्मित कालोनियों में मनमाने दामो पर बेचा जा रहा है। वही उक्त मिट्टी खनन माफिया अक्सर अपने अवैध मिट्टी खनन से संबंधित विभागों के अधिकारियों की जी हजूरी में लगा रहता है। जिसके चलते उसे पर कोई कार्रवाई नहीं होती। वही उक्त ओवरलोड वाहन सड़कों पर अक्सर बड़े हादसो का कारण बनते हैं, लेकिन परिवहन विभाग के अधिकारी मामले को लेकर लगातार आंख मूंद कर बैठे हुए हैं या यूं कहिए कि मिट्टी खनन माफिया के सिक्कों की खनक के सामने बेबस और लाचार है। जिसके चलते राजस्व विभाग को भी बड़ी क्षति पहुंच रही है।

## भागवत कथा मनुष्य के जीवन को बनाती है सार्थक: चन्द्र किरन महाराज

**थानाभवन।** श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा व्यास चन्द्र किरन महाराज ने श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण कराते हुए कहा की, श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण मनुष्य जीवन को सार्थक बनाती है। जन्म तो हर प्राणी एवं मनुष्य लेता है, लेकिन उसे अपने जीवन का अर्थ बोध नहीं होता है। बाल्यावस्था से लेकर मृत्यु तक वह सांसारिक गतिविधियों में ही लिप्त होकर इस अमूल्य जीवन को नश्वर बना देता है। श्रीमद् भागवत ऐसी कथा है जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत होती है इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। नगर के मोहल्ला हकीमान में हनुमान मंदिर में चल रही श्री मद भागवत कथा का सार बताते हुए कथा व्यास ने कहा कि श्रीकृष्ण का जन्म मनुष्य जीवन के उद्धार के लिए हुआ है। कंस ने उनके जन्म लेने को रोकने के लिए अथक प्रयास किए लेकिन सफल नहीं हो पाया। अंत में अपने पापों का घड़ा भरने पर श्रीकृष्ण के हाथों मरकर मोक्ष की प्राप्ति की। उन्होंने बताया मनुष्य जीवन सबसे उत्तम माना जाता है। इसी योनी में भगवान भी जन्म लेना चाहते हैं। जिससे वे अपने आराध्य ईश्वर की भक्ति कर सके। श्रीकृष्ण ने भागवत गीता के माध्यम से बुराई व सदाचार के बीच अंतर बताया। ईश्वर को धन दौलत व यज्ञों से कोई सरोकार नहीं है। वह तो केवल स्वच्छ मन से की गई आराधना के अधीन होता है, जात, पात व धर्म नहीं जानते। वह तो भक्ति मात्र के प्रेम को जानते हैं। कथा व्यास ने प्रवचन के दौरान हर प्रकार के युगों से श्रद्धालुओं को अवगत कराया। समय-समय पर भगवान को भी अपने भक्त की भक्ति के आगे झुककर सहायता के लिए आना पड़ा है। मित्रता, सदाचार, गुण, अवगुण, द्वेष सभी प्रकार के भावों को व्यक्त किया है। जब तक हम किसी चीज के महत्व को नहीं जानते तब तक उसके प्रति मन में श्रद्धा नहीं जगती। कहा कि जब तक भक्तों का मन पवित्र नहीं होगा तब तक भागवत कथा श्रवण का लाभ नहीं मिल सकता। कथा मे नवीन बंधु योगेश तायल मनोज कुच्छल मनीष कुमार अनमोल गोयल विशाल गोयल गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।

## फर्जी एसओजी पुलिस बनकर आए कार सवार तीन युवकों ने युवक से मारपीट कर किया लूट का प्रयास, पीड़ित पहुंचा थाने

**शामली।** उत्तर प्रदेश के जनपद शामली में कार सवार अज्ञात युवकों द्वारा बीच सड़क युवक को रोककर खुद को एसओजी पुलिस बताते हुए मारपीट व लूटपाट के प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। वही पीड़ित युवक किसी तरह उक्त युवकों के चंगुल से छुटकर थाने पहुंचा और पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक युवक को कार सहित दबोच लिया। जबकि फरार हुए दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

शहर के मोहल्ला रामसागर निवासी सनी डरा सहमा थाना कोतवाली पहुंचा। जहा उसने पुलिस को त रीर देते हुए बताया कि गत दिवस वह कांधला से वापस लौट रहा था। जैसे ही वह शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव लिलोन खेड़ी स्थित झांसी की रानी मूर्ति के समीप पहुंचा तो तभी कार सवार तीन अज्ञात ने उसे बीच रास्ते रोक लिया कहा कि हम पुलिस की एसओजी टीम से हैं और अब तुम्हारा चालान होगा। जिसके बाद युवक ने अपना कसूर पूछा तो खुद को एसओजी पुलिस बताने वाले युवको ने पीड़ित युवक का फोन अपने कब्जे में ले लिया और पुलिस का एक आईडी कार्ड दिखाकर युवक के साथ मारपीट की गई । साथ ही लूट का प्रयास भी किया गया। जिसके बाद किसी तरह पीड़ित युवक अपनी जान बचाकर मौके से दौड़ा और भयभीत अवस्था में थाने पहुंचा और पुलिस को फर्जी एसओजी पुलिस का कारनामा बताया। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए आरोपी युवकों में से एक युवक को एक कार सहित धर दबोचा। ज़बकि आरोपी की तलाश जारी है।

## खेत में सिंचाई के लिए लगा पंप चोरी

**थाना भवन।** गांव तितारसी के जंगल में स्थित खेत मैं लगाए गए वृक्षों की सिंचाई के लिए मोटर पंप को चोरों ने चोरी कर लिया। थानाभवन नगर के मोहल्ला नवीपुर निवासी पीड़ित देशराज पुत्र इंद्र सिंह ने थाने में तहरीर दी कि पीड़ित का गांव तितारसी के जंगल में खेत है। खेत मैं लगाए गए वृक्षों की की सिंचाई के लिए एक मोटर पंप लगाया गया है। गत 10 मई की रात चोरों ने खेत पर लगे मोटर आदि सामान को चोरी कर लिया। मौके पर लगा इंजन पखा नाल व पाइप आदि सामान चोरी कर लिया।अपने जब अपने खेत पर पहुंचे तो घटना का पता चला। पीड़ित में थाने मे तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने गांव के ही दो लोगों पर रंजीश चलते नुकसान पहुंचाने की नियत से नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।

## लगातार भीषण गर्मी बढ़ने से नागरिक परेशान



**शामली।** भीषण गर्मी लगातार बढती जा रही है। दिन में सूरज आग उगल रहा है। रात में भी उमस और गर्म हवाएं लोगों को बेहाल कर रही हैं। सोमवार को दिन में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और रात में 24 डिग्री सेल्सियस के करीब रह रहा है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा। वही दूरी ओर बिजली कटौती और लो वोल्टेज ने भी लोगों को रूकलाकर रख दिय है।

मई के महीन में तापमान में लगातार उछाल व गिराव देखने को मिल रहा है। इसका असर लोगों की सेहत पर भी पड रहा है। हीट वेव, लू और उमस भरी रातों ने लोगों का सुख-चैन छीन लिया है। गर्मी के कारण लोगों में तनाव बढ़ता जा रहा है। तेज धूप, उमस व पसीने से शरीर में इलेक्ट्रोलाइट का संतुलन बिगड़ गया है। डी-हाइड्रेशन के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इससे दिल का रिदम भी बिगड़ा हुआ है। सोमवार को भी गर्मी ने कहर बरपाया। दिन का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा। भीषण गर्मी से बचाव को लोग घरों में दुबके रहे।

दोपहर के समय सडके वीरान नजर आई। गत रविवार रात्रि में तेज आंधी और बूंदाबादी थी, लेकिन इसका गर्मी पर कोई असर देखने को नही मिल रहा है। भीषण गर्मी से बचाव को लोग टयूवैलों, स्विमिंग पूलों, नदी, तालाबों में जाकर गोते लगाते नजर आये। चिकित्सकों ने भी भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों से अपने स्वास्थ्य की देखभाल करने की सलाह दी है।

# शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में जल शुद्धि व इन्द्रों की शुद्धि कराई





मुजफ्फरनगर। 1008 भगवान शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे आचार्यश्री भारत भूषण द्वारा सर्वप्रथम जल शुद्धि तथा सभी इन्द्रो की शुद्धि कराई। सर्वप्रथम अभिषेक अजय जैन अरिहंत वालो ने अपनी शादी की सालगिरह के उपलक्ष की तथा साथ ही दूसरी जारी से सुनील जैन दवाई वालो के परिवार ने भगवान का अभिषेक तथा शान्तिधारा की। आज के भक्तामर के पुण्यार्जक अशोक कुमार जैन, साधना जैन, मंयक जैन, श्रुति जैन, सोमिल जैन, गुर्जन जैन परिवार रहा, इसके बाद विधान शुरू हुआ। विधान के शुरू होते ही तीन माताजी तथा एक क्षुल्लिका बिहार कर मुनीम कालोनी मंदिर पहुंची, जिसमे आर्यिका श्री 105 सुज्ञान मति माताजी, श्री 105 दयामति माताजी, श्री 105 कुमुदमति माताजी तथा 105 क्षुल्लिका अक्षतमति माताजी श्री 1008 भगवान शांतिनाथ मंदिर पहुंची। विधान के बीच मे श्री 105 सुज्ञानमति माताजी का प्रवचन हुआ। विधान के ही बीच मे चौड़ी गली मंदिर की कमेटी के पदाधिकारी अपने मंदिर मे आगमन हेतु आचार्यश्री को गोला चढ़ाने आये, जिसमें चौड़ी गली मंदिर के अध्यक्ष अमित जैन, मन्त्री अशोक जैन ज्वैलर्स, कोषाध्यक्ष नवीन जैन, राजीव जैन, अभय जैन आदि आये थे। विधान की समाप्ति के पश्चात आचार्यश्री शुद्धि कर आहार हेतु निकले। आचार्य का आहार अजय जैन, नूतन जैन परिवार वालो के यहां हुआ। आहार देने वालो में अजय जैन, मुकेश जैन, अशोक कुमार जैन, अखिलेश जैन, दीपक जैन, नूतन, अनिता जैन, सुमन जैन, सीमा जैन रही। दूसरा चौका अखिलेश जैन के यहां माताश्री सुज्ञानमतिजी, दयामति माताजी का आहार हुआ। तीसरा चौका सतीश जैन, सुमन जैन हाइडिल वालो के यहां श्री 105 कुमुदमति माता जी तथा क्षुल्लिका श्री 105 अक्षत मति माताजी का आहार हुआ। मंदिर का कार्यक्रम एक शाम सच्चे देव-शास्त्र-गुरु के नाम का शुभारंभ ध्वजारोहण के द्वारा हुआ, धर्म ध्वजा मुकेश जैन, रूबी जैन, स्पर्श जैन, ईशा जैन, सी. अनमोल जैन, विक्रम जैन, नूपुर जैन (समस्त जैन परिवार भोपा रोड, पार प्रक्षालन, अखिलेश जैन, सन्तोष जैन, सीमा जैन, बाल ब्रमचारी संगीता जैन, अविरल जैन, परी जैन, महाआरती सभासद सीमा जैन, विकल्प जैन, वात्सल्य भोजन सांयकालीन अशोक कुमार जैन पी.एन.बी.वाले, साधना जैन, मंयक जैन, श्रुति जैन, सोमिल जैन, गुर्जन जैन परिवार भरतिया कालोनी द्वारा प्रदान कराया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्रमोद जैन, विपिन जैन, अजय जैन, सतपाल जैन आदि रहे। मुजफ्फरनगर में चार निग्रंथ पाठशाला चलाई जारही है, जिनमें एक आबूपुरा, मुनीम कालोनी, सुरेन्द्रनगर तथा चौड़ी गली। इन पाठशाओं के बच्चों द्वारा, मोबाइल, वाट्सअप, ईस्टग्राम, फेसबुक,, वाट्सअप के दुष्प्रभाव को, आबूपुरा के बच्चों ने नाटिका के माध्यम से बताया, मुनिम कालोनी के बच्चों ने पर्यावरण का संदेश दिया, सुरेन्द्रनगर के बच्चों ने षट लेश्या की जानकारी दी, चौड़ी गली के बच्चों ने चंदनबाला नाटिका प्रस्तुत की। इस अवसर पर आचार्य श्री 108 भारत भूषण को समाज महिलाओं द्वारा जिनवाणी भेंट की गई। कार्यक्रम देर रात तक चला। समाज के लोगों को दिन मे भोजन कराया गया।

इस अवसर पर अशोक कुमार जैन, प्रमोद जैन, स्वदेश जैन, सचिन जैन, दीपक जैन, नवनीत जैन, अभिषेक जैन, शीतल जैन सी. ए. सतीश जैन सी. ए. अंशु जैन, जवाहर जैन, अरूण बिहारी, अनिता जैन, साधना जैन, सुमन जैन, नूतन जैन, सीमा जैन, सुषमा जैन, बबीता जैन, सुनिता जैन, अखिलेश जैन, जितेंद्र जैन, संजय जैन, विभोर जैन, दीपक जैन, सुखमाल जैन, प्रेम चन्द्र, विरेन्द्र जैन, रविजैन, पूरी मंदिर कमेटी तथा समाज के लोगों ने उत्साह से भाग लिया।



## अशोक जैन के घर पर हुआ वृक्षारोपण

मुजफ्फरनगर। 108 सुज्ञानमति माताजी, दयामति माता जी, कुमुद मति माताजी एवं क्षुल्लिका अक्षत मति माताजी के सानिध्य मे शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मुनीम कालोनी में, माता श्री सुज्ञानमति द्वारा सर्वप्रथम जल शुद्धि, अभिषेक और शांति धारा करने वाले सभी इन्द्रों की कराई शुद्धि कराई गई। प्रथम अभिषेक एवं शान्तिधारा अरुण बिहारी के द्वारा कराई गई। तत्पश्चात पश्चात समाज के अन्य लोगों ने अभिषेक किया, इसके बाद प्रतिमा का परिमार्जन किया गया। फिर माताश्री का सम्बोधन हुआ। शाम को अशोक जैन के घर पर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर अशोक कुमार जैन, प्रमोद जैन, नवनीत जैन, दीपक जैन, स्वदेश जैन, अखिलेश जैन, अजय जैन, सुबोध जैन, साधना जैन, रुपाली जैन, प्रणिता जैन, पूरन सागर, विभोर जैन, जितेन्द्र टोनी, संजय जैन आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## श्री श्यामा श्याम मंदिर में कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा प्रारंभ

मुजफ्फरनगर। गांधीनगर में श्री श्यामा श्याम मंदिर में आज प्रात कपिलदेव अग्रवाल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश सरकार और उनकी पत्नी अन्नू अग्रवाल जी ने अपने परिवार सहित पूजा करके 251 महिलाओं के साथ मंदिर प्रांगण से गांधीनगर के मुख्य मार्गो से होती हुई कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के साथ आज से प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित गोविंद बृजवासी द्वारा श्रीराम कथा का शुभारंभ हो गया है। आज प्रथम दिन महारा ने बताया श्रीराम कथा असत्य पर सत्य की विजय, संस्कार, त्याग की कथा है, सभी को श्रीराम कथा सुनना चाहिए। आज कथा में पंडित हंसराज भारद्वाज, हरीश गोयल, ललित अग्रवाल, अभय शंकर उपाध्याय, कुलदीप शर्मा, संजय गर्ग, राकेश सिंघल, प. जगमोहन भारद्वाज, अमरनाथ, विशाल गर्ग संजय गर्ग, ब्रह्मप्रकाश, निशांत गर्ग, देवी प्रसाद मिश्रा, नवनीत गुप्ता, मयंक, मनोज अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, चंद्र प्रकाश, विनीत गर्ग, विपुल गुप्ता, निशांत गर्ग, महेश एडवोकेट आदि का सहयोग रहा।

## रेलवे राज्यमंत्री वी. सोमन्ना को रेलवे के पैदल फुटपाथ को विस्तार करने के लिए दिया ज्ञापन



मुजफ्फरनगर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मित्तल ने जनपद में पधारे भारत सरकार के जल शक्ति एवं रेलवे राज्य मंत्री का स्वागत किया तथा मंत्री को एक ज्ञापन दिया, जिसमें मांग की गई की मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर बने ओवर फुटपाथ ब्रिज जो कि अभी तक रेलवे के अंदर ही उतरता है, उसका विस्तार करके शहर की तरफ उतारा जाए, जिससे शहर से नई मंडी और नई मंडी से शहर आने जाने वालों को भारी सुविधा मिलेगी तथा जो लोग रेलवे लाइन क्रॉस करके जाते हैं और एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है, उससे भी बचा जा सकेगा, इसके लिए हमने एक पत्र सांसद हरेंद्र मलिक को दिया था, जिस पर उन्होंने अपनी सहमति जताते हुए रेलवे बोर्ड को अपना पत्र लगा करके उसकी संस्तुति की तथा उत्तर प्रदेश में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल को भी इस आशय का एक पत्र हमने दिया था। उन्होंने भी इस पर अपनी सहमति वक्त की थी तथा एक पत्र नगर पालिका की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप को भी लिखा था। उन्होंने भी अपना सहमति पत्र हमें दे दिया था तथा जिलाधिकारी का भी सहमति पत्र, जो कि उन्होंने रेलवे विभाग को भी लिखा था, उन सभी पत्रों की कॉपी लगाकर हमने राज्य मंत्री रेलवे सोमन्ना को दी। उन्होंने मौके पर ही रेलवे इंजीनियर से पूछा कि क्या यह मामला आपके संज्ञान में है। उन्होंने भी अपनी सहमति व्यक्त की। रेल राज्यमंत्री भारत सरकार ने कहा कि जल्दी इसका कार्य कराया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में संजय मित्तल, मुदित जैन, सुभाष मित्तल, अमित राय जैन, नीरज गांधी, दिनेश बंसल, रमेश चंद शर्मा आदि काफी व्यापारी उपस्थित रहे।



## बाबा के ग्यारह मंदिर बनवाने का संकल्प लिया

खतौली। हारे के सहारे बाबा खाटू श्याम में आस्था के चलते एक ग्रामीण ने बाबा के ग्यारह मंदिर बनवाने का संकल्प लिया है। गांव फहीमपुर में आयोजित कार्यक्रम में बलम सिंह पुत्र रामभूल ने बताया कि बाबा खाटू श्याम में बड़ी आस्था होने के चलते उनके द्वारा गांव फहीमपुर में बाबा दूधाधारी की समाधि पर बाबा खाटू श्याम जी के मंदिर का निर्माण कराया गया है। वहीं पर एक राधा रानी के मंदिर की भी नींव रखी है। पूरे परिवार की बाबा खाटू श्याम में आस्था रखने के चलते उनके द्वारा ऐसे ही 11 मंदिर बनाने का संकल्प लिया है। मौके पर मौजूद क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह टीटू ने कहा कि यह परिवार वर्षों से बाबा दूधाधारी महाराज के मंदिर के सेवा करता आ रहा है। इस परिवार द्वारा समाधि पर एक बाबा खाटू श्याम का मंदिर बनवाय जाने के अलावा एक राधा रानी के मंदिर निर्माण की नींव रखी गई है, जिसका निर्माण जल्दी ही पूरा हो जायेगा। राजबीर सिंह वर्मा टीटू ने रामभूल द्वारा बाबा खाटू श्याम के ग्यारह मंदिरों का निर्माण कराए जाने के लिए गए संकल्प में पूरा सहयोग करने की घोषणा इस अवसर पर की।

## आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस पर कार्यशाला का आयोजन



मुजफ्फरनगर। स्थानीय आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल एटूजेड रोड मुज़फ्फरनगर में बुद्ध पूर्णिमा एवं मातृ दिवस के पावन अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डीएवी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर श्रीमती रीना सैनी उपस्थित रही। कार्यशाला में सभी पाल्यो की माताओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था, जिसमें सभी माताओं ने बढ़चढ़ कर अपनी सहभागिता की। कार्यशाला का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया, इसके पश्चात् उपस्थित माताओं को समर्पित गीत ' माँ ओ मेरी माँ' छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया, इसके पश्चात् अन्य बालकों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्या वक्ता श्रीमती रीना सैनी ने अपने उद्बोधन में सभी माताओं को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की उपयोगिता एवं समाज के विकास में माताओं की सहभागिता विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला, विभिन्न स्वास्थ्यवर्धक खेलो में सभी माताओं ने बढ़चढ़ कर सहभागिता की। इस विशेष अवसर पर कुछ माताओं ने अपने अनुभव भी साझा किये, विद्यालय द्वारा कराये गए मदर्स डे फोटो प्रतियोगता के विजेताओं को प्रधानाचार्या श्रीमती सोनिका आर्य ने पुस्कृत किया, संस्था की प्रधानाचार्या ने अपने उद्बोधन में सभी उपस्थित माताओं का धन्यवाद प्रेषित करते हुये कहा कि बिना उनकी सहभागिता एवं सहयोग के किसी भी बच्चे का सर्वागीण विकास असंभव हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती पूजा मुद्गल ने किया।

### वांछित गिरफ्तार

मीरापुर। पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेज दिया है। रामराज थानाध्यक्ष सुनील कसाना ने बताया कि हीरा सिंह पुत्र अमरीक सिंह निवासी राठौड़ा कलां, थाना हस्तिनापुर, जनपद मेरठ पर सन 2019 में थाना रामराज में हत्या के प्रयास व अन्य गम्भीर धाराओं में मुकदमा विचाराधीन है। हीरा सिंह लंबे समय से न्यायालय से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया और नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**वैशाखी पूर्णिमा हजारो लोगो ने लगाई गंगा में डुबकी- मीरापुर।** वैशाखी पूर्णिमा के अवसर पर गंगा बेराज पर लोगों ने गंगा स्नान कर गरीब लोगों को दान, भोजन वस्त्र व खाद सामग्री दी। शुक्ल पक्ष की वैशाखी पूर्णिमा के अवसर पर गंगा बेराज पहुंच कर लोगों ने बडी संख्या में गंगा स्नान किया तथा गंगा स्नान के बाद गंगा के किनारे हवन, सत्य नारायण की कथा व भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर गरीब लोगों को दान दाताओं ने दान में भोजन, वस्त्र व खादय सामग्री प्रदान की। गंगा बेराज पर बडी भीड के कारण कई बार जाम की स्थिति भी बनी रही।

## आल इंडिया सैनी सभा की प्रदेश कार्यकारिणी गठित, डा. तेजपाल सैनी बने प्रदेश अध्यक्ष



शाहपुर। कस्बे के शामली रोड स्थित गौरव हॉस्पिटल में रविवार को आल इंडिया सैनी सभा की अहम बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उत्तर प्रदेश इकाई की नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। राष्ट्रीय महासचिव विनय सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में शाहपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक डा. तेजपाल सैनी को पुनः प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि गाजियाबाद निवासी अवनीश सैनी को प्रदेश महासचिव का दायित्व सौंपा गया।

सभा में कार्यकारिणी के अन्य प्रमुख पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई। उपाध्यक्ष पद पर अमरोहा से दिनेश सैनी, गाजियाबाद से विवेक सैनी, नोएडा से धीर सिंह सैनी, सहारनपुर से सुधीर सैनी, बरेली से सत्यप्रकाश सैनी, अमरोहा से अरविंद सैनी तथा डा. किशोर सैनी को चुना गया। कोषाध्यक्ष पद पर गाजियाबाद के कमल सैनी को नियुक्त किया गया, इसके अतिरिक्त सात प्रदेश सचिव एवं सात सहसचिवों की भी घोषणा की गई। प्रदेश कार्यकारिणी में कुल 101 सदस्यों को शामिल किया गया है। राष्ट्रीय महासचिव विनय सैनी ने कहा कि सभा समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने, शिक्षा के प्रचार-प्रसार तथा युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्यरत है। सभा पुस्तकालय, स्कूल-कॉलेज जैसे शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना हेतु समाज को प्रेरित करती है। नवनियुक्त अध्यक्ष डा. तेजपाल सैनी ने कहा कि शीघ्र ही जिलाध्यक्षों की नियुक्ति कर पूरी प्रदेश कार्यकारिणी को सक्रिय किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव अशोक सैनी, डा. गौरव सैनी, विवेक सैनी, नंदकिशोर सैनी, विशाल सैनी, अमित सैनी, नीटू सैनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## बुध पूर्णिमा पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया

मुजफ्फरनगर। मरहूम लियाकत अली व मरहूमा आमना ख़ातून की याद में बुधपूर्णिमा के पावन अवसर पर राणा पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन राणा पब्लिक स्कूल एवं अलकनंदा ब्लड बैंक मुजफ्फरनगर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष सन्दीप मलिक और विद्यालय के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राष्ट्रीय लोकदल नूरसलीम राणा के द्वारा किया गया। शिविर में नगर के गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक अब्दुल वारिस राव थाना भवन, हाजी जियाउररहमान भटटे वाले, वरिष्ठ अधिवक्ता मुनव्वर हुसैन, वरिष्ठ अधिवक्ता असद जमा, वरिष्ठ अधिवक्ता मुर्तज़ा राणा, पैग़ाम ए इंसानियत संस्था के अध्यक्ष आसिफ़ राही, गौहर सिद्दीकी, दिलशाद पहलवान, शाहिद आलम उर्फ़ पप्पी पूर्व महानगर अध्यक्ष किसान यूनियन टिकैत, गुलाब चौधरी ग्राम प्रधान वहलना, बबलू कुमार ग्राम प्रधान सधावली, बाबू अंसारी पूर्व प्रधान सधावली, शान जैदी वहलना, हिलाल जैदी सधावली, जुनैद राणा पूर्व प्रधान सूजड़ू, महताब राणा प्रधान सूजड़ू, गुलफाम उर्फ़ पप्पू राणा सूजड़ू, हाजी फैज उर्फ़ पप्पू राणा, शादाब राणा सूजड़ू, शादान राणा सूजड़ू, नफीस इंजीनियर सूजड़ू, डाक्टर कामरान राणा सूजड़ू, डाक्टर वसीम राणा सूजड़ू एवं समस्त स्टाफ़ अमन रोलिंग मिल प्रा लि व राणा पब्लिक स्कूल का सहयोग रहा।

## नर्सिंग छात्रों ने धूमधाम से मनाया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस



मीरांपुर। बीआईटी कॉलेज के मेडिकल विभाग में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता, चित्र प्रदर्शनी, क्विज तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सिंग विभाग के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉक्टर विजया डी द्वारा फ्लोरेंस नाइटेंगल के जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर की गई। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर इस दिन को यादगार बना दिया। नर्सिंग की जननी मानी जाने वाली फ्लोरेंस नाइटेंगल के योगदान को याद करते हुए छात्रों ने सेवा भावना और समर्पण की प्रेरणा ली। इस विशेष अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉक्टर अनुराग विजय अग्रवाल, उप निदेशक डॉक्टर अजय गुप्ता, सह निदेशक पुष्पनील वर्मा, जीएम फाइनेंस ऑफिसर दुष्यंत कुमार, डॉ. कावेन्द्र कुमार, इंजी. निकुल चौधरी, ब्रह्मपाल सिंह प्रजापति, अभय वैश्य आदि ने छात्रों को सेवा भाव, समर्पण और कड़ी मेहनत के महत्व के बारे में बताया। वक्ताओं ने छात्रों को नर्सिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन मिस रेहाना और सार्थक ने कुशलतापूर्वक किया। कार्यक्रम की सफलता में शालिनी कपूर, उर्वशी, विजेंद्र सिंह, राजेंद्र जांगिड़, राकेश सैनी, कलावती बिष्ट, रमा मलिक, राजा चौधरी, रिया चौहान, यश्वी तनु चौहान, नितिन शर्मा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समस्त आयोजन में छात्रों ने नर्सिंग के मूल्यों और मानव सेवा की भावना को आत्मसात किया, जिससे यह कार्यक्रम अत्यंत सफल और प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

## डॉक्टर्स एंड पैथ लैब एसोसिएशन की बैठक में आतंकी हमले की निंदा

मीरापुर। डॉक्टर्स एंड पैथ लैब एसोसिएशन मीरापुर की मासिक बैठक राज हॉस्पिटल में संपन्न हुई। बैठक में मौजूद समस्त चिकित्सकों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कठोर शब्दों में निंदा करते हुए, हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी चिकित्सकों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार व वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. परवीन शर्मा ने भारत सरकार से सीमा पार से प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की, ताकि ऐसे कृत्यों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। उन्होंने भारतीय सुरक्षा बलों की वीरता और बलिदान को भी नमन किया। बैठक में एसोसिएशन से जुड़े डॉक्टरों की समस्याओं और उनके समाधान पर भी विचार-विमर्श किया गया। अंत में सभी चिकित्सकों से अपील की गई कि वे चिकित्सा पेशे को केवल व्यवसाय न मानते हुए, जनसेवा और मानवता की भावना के साथ निभाएं। बैठक की अध्यक्षता डॉ. आरिफ कुरैशी ने की तथा संचालन डॉ. ताहिर कमर ने किया। बैठक में डॉ. नौशाद मालिक, डॉ. मनोज, डॉ. आबिद रिजवी, डॉ. शाहनवाज मेवाती, डॉ. मुसव्विर, डॉ. जितेंद्र, डॉ. अमजद खान, डॉ. लोकेश समेत दर्जनों चिकित्सक उपस्थित रहे।



## बुद्ध पूर्णिमा पर मीरापुर में गूंजे अहिंसा, करुणा और समानता के संदेश

मीरापुर। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर थाने के पास स्थित अंबेडकर भवन को विशेष रूप से सजाया गया और भगवान गौतम बुद्ध व भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भगवान बुद्ध का 2588वां जन्मोत्सव पूरे श्रद्धा, सादगी और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा एवं कस्बा इंचार्ज वीरेंद्र सिंह द्वारा भगवान बुद्ध और बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके उपरांत उपस्थित लोगों ने दीप प्रज्वलन कर शांति, करुणा, समता और अहिंसा का संदेश फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, बुद्ध अनुयायी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने महात्मा बुद्ध के आदर्शों को आत्मसात करने और उन्हें समाज में प्रचारित करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में भगवान बुद्ध के उपदेश सत्य, करुणा, अहिंसा और बंधुत्व मानवता के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में मास्टर दयाचंद भारती, हाजी अनवर कुरैशी, डॉ. बृजेश, एडवोकेट संजय कुमार, डॉ. अमित, सुबोध कुमार, दीपक कुमार, मोनू और सचिन सहित कई गणमान्य नागरिक मुख्य रूप से मौजूद रहे।



# घर की बेकार चीजों से बनाएं वार्डरोब आर्गेनाइजर

हम सभी के घर में अलमारियां जरूर होती हैं। जिनमें हम कपड़ों से लेकर अपनी जरूरत का अन्य सामान रखते हैं। इन वार्डरोब की वजह से घर अधिक व्यवस्थित लगता है, क्योंकि ज्यादातर सामान वार्डरोब में रखा होता है। लेकिन अगर आपने कभी गौर किया हो तो इन वार्डरोब में जल्दी ही सामान बिखर जाता है और फिर इन्हें रि-अरेंज करने के लिए आपको काफी समय बर्बाद करना पड़ता है। ऐसे में आपके समय की बचत करने और वार्डरोब को व्यवस्थित रखने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप

## वार्डरोब आर्गेनाइजर की मदद लें

यूं तो आपको मार्केट में भी कई तरह के वार्डरोब आर्गेनाइजर आसानी से मिल जाएंगे। लेकिन वास्तव में ये काफी महंगे होते हैं। ऐसे में आप इन्हें घर पर ही तैयार करें। आपको शायद पता ना हो, लेकिन आप घर की पुरानी व बेकार आइटम्स का इस्तेमाल करके भी आसानी से वार्डरोब आर्गेनाइजर तैयार कर सकती हैं।

## कार्डबोर्ड से बनाएं शेल्फ डिवाइडर

अगर आपके पास घर में पुराने कार्डबोर्ड रखे हैं तो आप उनकी मदद से भी शेल्फ डिवाइडर बना सकते हैं। इसके लिए आप सबसे पहले अपनी अलमारी की ऊंचाई, चौड़ाई और गहराई को मापें। अब आप शेल्फ माप के अनुसार कार्डबोर्ड को टुकड़ों में काटें। आपको एक बैक पीस, साइड पीसेस और हॉरिजॉन्टल डिवाइडर की जरूरत होगी। आप साइड के टुकड़ों को बैक के पीस पर ग्लू करें। अब आप हॉरिजॉन्टल डिवाइडर को भी जोड़ें। अब आप चाहें तो एक डेकोरेटिव पेपर या कपड़े की मदद से कार्डबोर्ड को कवर करें। आप अपने वार्डरोब में सामान को आर्गेनाइज तरीके से रखने के लिए तैयार डिवाइडर का इस्तेमाल करें।

प्लास्टिक बोतल से बनाएं आर्गेनाइजर

अक्सर हम प्लास्टिक की बोतल को बेकार समझकर यूं ही फेंक देते हैं, जबकि इन्हें भी बतौर वार्डरोब आर्गेनाइजर इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए आप पहले बोतलों को अच्छी तरह क्लीन करें और फिर उन्हें आधे में काटें। अब एक बॉक्स या ट्रे में कट की हुई बोतलों को अरेंज करें। आप ग्लू की मदद से इन्हें अच्छी तरह सिक्योर करें। आप चाहें तो इन बोतलों को पेंट कर सकते हैं या फिर सजाया जा सकता है। आप इसे अपने वार्डरोब की किसी शेल्फ में रख सकती हैं। छोटी-छोटी आइटम्स को रखने के लिए यह एक बेहतरीन आर्गेनाइजर साबित हो सकता है।

## बेकार कपड़ों से बनाएं आर्गेनाइजर

अगर आपके पास घर में पुरानी टी-शर्ट या फैब्रिक स्क्रैप है तो आप उन्हें भी बतौर वार्डरोब आर्गेनाइजर इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आप अपने डिजाइन के अनुसार कपड़े को स्ट्रिप्स या बड़े टुकड़ों में काटें। आप इनसे पॉकेट बनाने के लिए कपड़े को सिल लें या फिर ग्लू की मदद से भी इन्हें चिपकाया जा सकता है। आप इन्हें एक स्ट्रक्चर देने के लिए कार्डबोर्ड या प्लास्टिक बेस का इस्तेमाल करें। इसके अलावा, सिर्फ कपड़े की मदद से भी कई पॉकेट वाले आर्गेनाइजर को तैयार किया जा सकता है। आप तैयार आर्गेनाइजर को अपने वार्डरोब डोर के अंदर अटैच करें या फिर इसे एक रॉड की मदद से हैंग करें।



# अपने किसी खास के लिए ऐसे करें यूनिक बर्थडे सरप्राइज पार्टी की प्लानिंग

**बर्थडे सेलिब्रेट करने के कई तरीके होते हैं। कुछ लोग अपने परिवार वालों के साथ बर्थडे सेलिब्रेट करना पसंद करते हैं तो वहीं कुछ लोग अपने दोस्तों के साथ। अगर आपके किसी खास और क्लोज व्यक्ति का जन्मदिन आने वाला है तो आप उसके लिए एक सरप्राइज पार्टी को प्लान कर सकती हैं। इससे उन्हें बहुत स्पेशल महसूस होगा लेकिन आप किसी तरह से सरप्राइज पार्टी को प्लान कर सकती हैं**

बर्थडे सेलिब्रेट करने के कई तरीके होते हैं। कुछ लोग अपने परिवार वालों के साथ बर्थडे सेलिब्रेट करना पसंद करते हैं तो वहीं कुछ लोग अपने दोस्तों के साथ। अगर आपके किसी खास और क्लोज व्यक्ति का जन्मदिन आने वाला है तो आप उसके लिए एक सरप्राइज पार्टी को प्लान कर सकती हैं। इससे उन्हें बहुत स्पेशल महसूस होगा लेकिन आप किसी तरह से सरप्राइज पार्टी को प्लान कर सकती हैं

## डेकोरेशन का रखें ध्यान

अगर आप किसी खास रेस्टोरेंट या फिर कैफे में बर्थडे सेलिब्रेट करने जा रही हैं तो आप यह भी ध्यान रखें कि आप कैसे उस जगह को डेकोरेट करवाएंगी। इसके अलावा आप अगर घर पर सरप्राइज पार्टी रखना चाहती हैं तो आप घर पर कई तरह से डेकोरेट कर सकती हैं। इसके लिए आप एक थीम को सेलेक्ट करके घर को सजा सकती हैं और सरप्राइज पार्टी को प्लान कर सकती हैं। ध्यान रखें कि यह एक सरप्राइज पार्टी है तो उनके लिए कई सारे नोट्स लिखकर उनकी कार में, डेस्क पर या फिर उनके कपड़ों के बीच रखकर छिपा सकती है और उसमें उनके लिए कुछ स्पेशल लिख सकती हैं। इससे उन्हें बहुत खास महसूस होगा और इसके साथ-साथ आपको घर को तभी डेकोरेट करना होगा जब वह घर पर ना मौजूद हों।

## ऐसे बनेगा बर्थडे स्पेशल

आप सरप्राइज पार्टी करने के लिए अपने खास के लिए बर्थडे केक खुद से बना सकती हैं। इसके साथ-साथ आप उनके लिए कुछ स्पेशल मैसेज भी इस केक पर लिख सकती हैं। आप बर्थडे पर उनके खास दोस्तों को उन्हें बिना बताए ही इनवाइट कर सकती हैं क्योंकि जब सरप्राइज पार्टी होगी तो वह अपने खास दोस्तों से मिलकर बहुत खुश हो जाएंगे। इसके अलावा आप सरप्राइज डिनर को भी होस्ट कर सकती हैं और उनके साथ कहीं बाहर भी घूमने जा सकती हैं। इस तरह का सरप्राइज उन्हें बेहद पसंद भी आएगा।

## प्राइवेट मूवी स्क्रीनिंग

आप सरप्राइज पार्टी के लिए उनके लिए सिनेमा हॉल में प्राइवेट मूवी स्क्रीनिंग करवा सकती हैं। इससे उनका जन्मदिन बहुत स्पेशल हो जाएगा और उनके लिए यह बर्थडे यादगार बन जाएगा। आपको बता दें कि कई सारे सिनेमा हॉल में प्राइवेट मूवी स्क्रीनिंग होती है और आप बुकिंग भी इसके लिए पहले से करवा सकती हैं। यह सरप्राइज उनके लिए बेहद खास हो सकता है। आप मूवी के बाद उनके साथ डिनर पर भी जा सकती हैं।

# बर्थडे पर इस बार करें कुछ अलग और खास

जन्मदिन का नाम आते ही मन में सेलिब्रेशन और पार्टी का ख्याल आता है। इतना ही नहीं, अगर कोई आपको विश भी करता है तो विश करने के बाद उसका सवाल यही होता है कि पार्टी कहां दे रहे हो। जन्मदिन को सेलिब्रेट करने का आसान तरीका है पार्टी करना। इसमें आप अपने सभी दोस्तों व करीबियों को बुलाकर उनके साथ कुछ अच्छे पल बिता सकती हैं, लेकिन इसमें काफी खर्चा भी हो जाता है। इतना ही नहीं, बर्थडे पार्टी करते समय आपके मन में कहीं न कहीं एक प्रेशर भी होता है कि आपकी पार्टी भी दूसरों की तरह शानदार ही हो। कई बार तो जन्मदिन के दिन पार्टी करने के चक्कर में आपका पूरा दिन काम में निकल जाता है और दिन के अंत में आपको थकान के सिवा कुछ नहीं मिलता। इस तरह आप चाहकर भी जन्मदिन को अपने तरीके से नहीं मना पातीं। तो चलिए आज हम आपको ऐसे कुछ तरीके बता रहे है, जिनकी मदद से आप अपने बर्थडे को खुलकर इन्जाय कर पाएंगे-

## घूमें मनपसंद जगह पर

अगर आप इस बर्थडे कुछ नया एक्सप्लोर करना चाहती हैं तो पार्टी करने की जगह उन पैसों से उन जगहों पर घूमने जाएं, जहां पर आप हमेशा से जाना चाहती थी। नई जगहें आपको बहुत कुछ नया सिखाती हैं। इतना ही नहीं, इससे आपके मन को एक अजीब सा सुकून व खुशी मिलती है। तो फिर देर किस बात की, बस अपना बैग पैक करें और निकल जाएं एक ट्रिप पर।

## करें कुछ एडवेंचर्स

इस बर्थडे पूरा दिन काम करने की बजाय आप कुछ एडवेंचर्स कर सकती हैं। आप म्यूजियम जाने से लेकर एनिमल शेल्टर किसी भी ऐसी जगह पर जा सकती हैं, जहां पर जाकर आपको अच्छा लगता हो। इसके अलावा आप अपने शहर के आसपास नई जगहों पर घूम सकती हैं या फिर अपने ही शहर में उन जगहों पर जाएं, जहां पर आप अब तक टाइम न होने के कारण नहीं जा पाई हैं। वैसे आप बर्थडे पर कैंपिंग से लेकर बंजी जंपिंग व अन्य कई तरह की एडवेंचर्स एक्टिविटीज भी कर सकती हैं।

## फेमिली टाइम

आज के समय में काम में बिजी होने के कारण पूरे परिवार को एक साथ वक्त बिताने का मौका ही नहीं मिलता। ऐसे में आप अपने बर्थडे पर पूरी फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकती हैं। चूंकि यह आपका बर्थडे है तो यकीनन परिवार का कोई सदस्य मना भी नहीं करेगा। सब लोग एक जगह मिलें और साथ मिलकर खूब मस्ती करें। आप कुछ अच्छा पकाएं, बोर्ड गेम्स खेलें और पुराने अच्छे दिनों को याद करें।

## खुद को पैम्पर

बर्थडे आपका है तो क्यों न इस बार आप खुद को पैम्पर करें। वैसे तो आप पूरा साल सिर्फ और सिर्फ काम में ही बिजी रहती हैं। लेकिन एक दिन तो आप खुद को स्पेशल फील करवा सकती हैं। इसके लिए आप पार्लर जाकर हेयरस्पा से लेकर पेडीक्योर तक कई चीजें करवा सकती हैं।





# छोटे बच्चों के कपड़ों को साफ करते हुए नहीं करनी चाहिए ये पांच गलतियां

**जिस तरह घर में छोटे बच्चों का खास ख्याल रखा जाता है, ठीक उसी तरह उनके कपड़ों को भी सही तरह से क्लीन करना बेहद जरूरी है। आमतौर पर, छोटे बच्चों के कपड़ों की क्लीनिंग के दौरान कुछ छोटी-छोटी मिसटेक्स से बचना चाहिए।**

मां बनना इतना भी आसान नहीं है। नन्हें मेहमान के जीवन में आ जाने के बाद न केवल आपका लाइफस्टाइल बदल जाता है, बल्कि आपको हर छोटी से छोटी बात का ख्याल भी रखना पड़ता है। बेबी की नैपी बदलने से लेकर उसके जागने-सोने, फीडिंग टाइम जैसी हर चीज का ध्यान रखना होता है। इतना ही नहीं, आपको बेबी के कपड़ों को धोने को लेकर भी थोड़ा अधिक सजग होना पड़ता है। अगर छोटे बच्चों के कपड़ों को धोते समय लापरवाही बरती जाए तो इससे ना केवल उनके कपड़ों पर तरह-तरह के दाग रह जाते हैं, बल्कि वे कपड़े उनकी कोमल स्किन को नुकसान भी पहुंचाते हैं। जिससे उन्हें इचिंग सहित अन्य कई परेशानी हो सकती है। हालांकि, अक्सर यह देखने में आता है कि मां अनजाने में बेबी के कपड़ों को धोते समय कुछ गलतियां कर बैठती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में बता रहे हैं, जिनसे आपको वास्तव में बचना चाहिए-

## केयर लेबल ना पढ़ना

यूं तो कपड़ों को धोने से पहले हमेशा ही केयर लेबल पढ़ना जरूरी होता है, लेकिन छोटे बच्चों के कपड़ों के मामले में यह और भी अधिक जरूरी हो जाता है। हमेशा कपड़े धोने से पहले जब आप उसका केयर लेबल पढ़ते हैं, तो इससे बच्चे के कपड़ों को लंबे समय तक बेहतर स्थिति में रखने में मदद मिलती है। आप कपड़े को सिकुड़ने से रोकने के लिए तापमान संबंधी सुझाव या वॉशिंग इंस्ट्रक्शन पर ध्यान दें।

## गर्म पानी का इस्तेमाल करना

अक्सर बेबी के कपड़ों को धोते समय गर्म पानी का इस्तेमाल किया जाता है, ताकि वे बेहतर तरीके से साफ हो जाएं। लेकिन गर्म पानी कपड़ों को सिकोड़ सकता है और कपड़े जल्दी खराब कर सकता है। हमेशा बच्चे के कपड़े धोने के लिए ठंडे या गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। यह कपड़ों पर अधिक जेंटल होता है और सफाई में भी उतना ही कारगर है।

## दागों को पहले साफ ना करना

हालांकि बिब्स आमतौर पर कपड़ों पर दाग लगने से रोकते हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि कपड़े हमेशा दाग-धब्बे रहित रहेंगे। अमूमन बच्चों के कपड़ों पर दूध से लेकर खाने के दाग आदि लगे होते हैं। कभी भी इन्हें पहले से क्लीन नहीं किया जाता है तो इससे दाग पूरे कपड़े पर फैल जाता है। आप जितनी जल्दी दाग को साफ करेंगे और अतिरिक्त दाग को खुरच कर हटा देंगे, उसे हटाना उतना ही आसान होगा। दागों को जल्द से जल्द क्लीन करने के लिए बेबी-सेफ स्टेन रिमूवर का उपयोग करें।

## हार्श डिटर्जेंट का इस्तेमाल करना

बेबी के कपड़ों को धोते समय कभी भी हार्श डिटर्जेंट का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। रेग्युलर डिटर्जेंट में केमिकल, फ्रेगरेंस और डाई हो सकते हैं जो शिशु की नाज़ुक त्वचा को परेशान कर सकते हैं। इसलिए, जब भी आप बच्चे के कपड़ों को वॉश करें तो उनके लिए विशेष रूप से तैयार किए गए डिटर्जेंट का उपयोग करें, जो आमतौर पर हार्श केमिकल्स और फ्रेगरेंस फ्री होते हैं।

## फ़ैब्रिक सॉफ्टनर का उपयोग करना

कई बार लोग बेबी के कपड़ों को वॉश करने के लिए फ़ैब्रिक सॉफ्टनर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन यह बच्चे की स्किन को परेशान करता है। इसलिए, कभी भी बच्चे के कपड़े का इस्तेमाल करते हुए फ़ैब्रिक सॉफ्टनर का उपयोग न करें। यदि आप बच्चे के कपड़े को नरम बनाना चाहते हैं, तो वॉशिंग साइकल में एक कप सफ़ेद सिरका डालें, जो नेचुरल फ़ैब्रिक सॉफ्टनर के रूप में कार्य करता है।



**जर्मनी में हुए एक प्रयोग में पता चला था कि किसी पेड़ से 100 मीटर के दायरे में रहने से अवसादरोधी दवाओं की जरूरत कम हो सकती है। इनडोर पौधों के आस-पास होने से भी शारीरिक और मनोवैज्ञानिक तनाव कम होता है।**

# इन पौधों से दूर होगा स्ट्रेस और एंग्जायटी, आप भी लगाएं

पौधों से दूर हो सकता है स्ट्रेस और एंग्जायटी। पौधों के आस-पास रहने और उन्हें देखने से शांति महसूस होती है और चिंता कम होती है। अध्ययन के मुताबिक, शहरी इलाकों में पेड़ लगाने से वहां रहने वाले लोगों के तनाव और चिंता को कम करने में मदद मिल सकती है। जर्मनी में हुए एक प्रयोग में पता चला था कि किसी पेड़ से 100 मीटर के दायरे में रहने से अवसादरोधी दवाओं की जरूरत कम हो सकती है। इनडोर पौधों के आस-पास होने से भी शारीरिक और मनोवैज्ञानिक तनाव कम होता है।

इससे सहानुभूति तंत्रिका तंत्र की गतिविधि कम होती है और डायस्टोलिक रक्तचाप में आराम आता है। साथ ही, आरामदायक, शांत, और नेचुरल इमोशन बढ़ती हैं। गार्डनिंग करने से भी ज्यादा शांत और संतुष्ट महसूस होता है। गार्डनिंग के कामों और डिटेल्स पर फोकस करने से नकारात्मक विचार और भावनाएं कम हो सकती हैं। घरेलू पौधे हवा की गुणवत्ता भी बेहतर करते हैं, जिससे कॉग्नेटिव परफॉर्मेंस में फायदा होता है। घरेलू पौधों की देखभाल करना एक अच्छा शौक भी हो सकता है, जो कुछ नया सिखाता है, आत्म-अभिव्यक्ति को बढ़ाता है, और संतुष्टि की भावना देता है। तनाव कम करने के लिए ये पौधे लगाए जा सकते हैं

## लैवेंडर

लैवेंडर के पौधे की खुशबू से तनाव कम करने में मदद मिलती है। इसकी खुशबू दिमाग को शांत करती है और तनाव कम करती है। यह पौधा सकारात्मकता लाता है और ब्लड प्रेशर को भी सामान्य रखता है। लैवेंडर के फूलों को काटकर चाय में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। शोध से पता चलता है कि लैवेंडर की सुगंध तनाव के स्तर को कम करने में मदद करती है, जिससे लोगों को आराम मिलता है और वे अच्छी नींद ले पाते हैं। लैवेंडर के फायदे ये भी हो सकते हैं, चिंता और अवसाद से निपटने में मदद, पुराने दर्द से राहत, हाई ब्लड प्रेशर से राहत, अस्थमा से राहत। लैवेंडर के फायदों का लाभ उठाने के लिए, आप ये तरीके अपना सकते हैं। अपनी खिड़की पर या बिस्तर के पास लैवेंडर का गमला रखें, लैवेंडर के तेल को सूंघने और नहाने के पानी में लैवेंडर की कुछ बूंदें डालें।

## मोगरा

मोगरे के फूलों की भीनी-भीनी खुशबू से दिमाग तरोताजा होता है और मन को ठंडक का अहसास होता है। इससे गुस्सा शांत होता है और तनाव रहित माहौल बनता है। मोगरे के पौधे को आसानी से लगाया जा सकता है और यह बालकनी या लॉन में भी अच्छा लगता है। गर्मी के मौसम में इस पौधे पर खूबसूरत फूल खिलते हैं। मोगरे के पौधे को तेजी से बढ़ाने के लिए, अच्छी जल निकासी वाली जैविक मिट्टी का इस्तेमाल करें। दोमट मिट्टी और अच्छी तरह से सड़ी हुई गोबर की खाद 2:1 के अनुपात में का संयोजन सबसे अच्छा काम करेगा। मोगरे के पौधे को सीधी धूप और छाया दोनों की जरूरत होती है। बड़े फूलों के लिए, सीधी धूप ज्यादा फायदेमंद होती है।

## चमेली

चमेली के पौधे में मौजूद कुछ रसायन तनाव हार्मोन को कम करने में मदद कर सकते हैं, जो तनाव और चिंता को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसकी शांत सुगंध चिकित्सा में लाभ देती है। चमेली को अक्सर अवसाद, तनाव, चिंता और अनिद्रा जैसी स्थितियों के लिए औषधीय विकल्पों में शामिल किया जाता है। चमेली का पौधा लगाने का तरीका, गमले में मिट्टी, रेत और गोबर की खाद मिलाकर भरें। गमले में कलम को रोप दें और एक गिलास पानी डालें।

## गुलाब

इसकी खुशबू से मन शांत होता है और तनाव दूर हो जाता है। गुलाब के फूल औषधीय गुणों से भी भरपूर होते हैं। गुलाब के पौधे की सुगंध मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है, जो तनाव और चिंता को कम करने में मदद कर सकती है। गुलाब की जड़ों में जान आने के लिए, गिलास में पानी लें और इसमें 1-2 ग्राम गंधक मिलाएं। गंधक यानी पोटाश मिट्टी में मिलने पर गुलाब की जड़ों में जान आने लगती है। कॉफी बीन्स भी गुलाब की जड़ों के लिए फायदेमंद होती हैं।

## लेमन ग्रास

एक रिसर्च के मुताबिक, लेमनग्रास के तेल को सूंघने से तनाव कम होता है। लेमन ग्रास को अक्सर लोग एक सुगंधित रसोई सामग्री के तौर पर जानते हैं। अगर आप इसे गमले में उगा रहे हैं, तो सर्दियों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से पहले इसे घर के अंदर ले आएं। बाहर लगाने के लिए, रात का तापमान लगातार 50 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहना चाहिए।

# अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वालों पर दर्ज होगी एफआईआर, बिल्डिंग अवैध है का लगेगा बोर्ड

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने सोमवार को प्राधिकरण से संबंधित सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में प्रमुख मुद्दा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में बने अवैध निर्माण रहा। इस बैठक में शहर में साफ-सफाई, सड़कों पर पर्याप्त बिजली की व्यवस्था, बरसात पूर्व शहर के सभी नालों की सफाई, सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित करने, फुटपाथ की मरम्मत व पेंटिंग कराने, शीतल मीठे पेयजल वितरण करने, ग्रुप हाउसिंग योजनाओं में चल रही अवैध व्यवसायिक गतिविधियों की जांच करने सहित अन्य मामलों पर गंभीरता से चर्चा की गई।



नोएडा प्राधिकरण के सेक्टर-6 स्थित मुख्य प्रशासनिक कार्यालय में हुई विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा बैठक में नोएडा सीईओ ने समस्त वर्क सर्किलों के वरिष्ठ प्रबन्धकों को निर्देश दिये गये कि नोएडा अधिसूचित क्षेत्र में हुए अवैध निर्माणों के संबंध में आमजनमानस को सजग किये जाने के लिए अवैध निर्माणों का सर्वेक्षण कर उसकी चैहद्दी, मय लोकेशन सहित, निर्माण की प्रकृति इत्यादि सहित प्रत्येक माह समाचार पत्रों में प्रकाशित कराया जाए। साथ ही चिन्हित अवैध निर्माणों पर यह मार्क कराया जाए कि यह बिल्डिंग अवैध है। इसके साथ ही नोएडा अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वाले अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध नाम सहित प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करायी जाए।

बैठक के दौरान सीईओ ने मानसून के पूर्व नोएडा के सभी मुख्य नालों एवं सेक्टर की नालियों की सफाई का एक माह के दौरान विशेष अभियान चलाकर पूरा कराने को निर्देश दिए। उन्होंने नोएडा के सभी 12 क्षेत्रों के मार्गों पर दो शिफ्टों में सफाई एवं निरंतर कूड़े का उठान करने को कहा। बैठक में उन्होंने सिविल विभाग द्वारा शहर के सभी फुटपाथों व रोड की मरम्मत, पेन्टिंग आदि कराने को कहा। वहीं उद्यान विभाग द्वारा शहर में ग्रास कटिंग, सुन्दर गमले रखने, पेडों की छंटाई आदि आवश्यक कार्य कराये जाने को कहा। इसके अलाव शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पडने वाले मैट्रो स्टेशनों के नीचे पर्याप्त लाइटों की व्यवस्था विद्युत् विभाग द्वारा सुनिश्चित करने को कहा। वहीं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न मार्किट के पास नीले एवं हरे रंग के डस्टबिन रखने, विशेष अभियान चलाकर सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित करने को कहा।

समीक्षा बैठक के दौरान विशेष कार्याधिकारी महेंन्द्र प्रसाद, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सतीश पाल, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी, अधिकारी, महाप्रबन्धक (जल,वि.,यॉ.) आरपी सिंह, महाप्रबन्धक (जन स्वा. एवं नोएडा ट्रैफिक सैल) एसपी सिंह, ओएसडी क्रान्ती शेखर, ओएसडी अरविन्द कुमार, ओएसडी इन्दु प्रकाश के अलावा जन स्वास्थ्य अधिकारी, आवासीय, संस्थागत, औद्योगिक, वाणिज्य विभाग के सहायक महाप्रबन्धक, समस्त विभाग के वरिष्ठ प्रबन्धक, निदेशक व उप निदेशक उपस्थित रहे।

# आरडब्ल्यूए सेक्टर 34 ने लगाया एक्यूपंक्चर शिविर



**नोएडा।** सैक्टर 34 स्थित सामुदायिक केंद्र में एक्यूपंक्चर शिविर का आयोजन किया गया। यह निशुल्क कैंप फेडरेशन ऑफ़ आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 द्वारा जैना एक्यूपंक्चर के सहयोग से आयोजित किया गया।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के के जैन ने बताया कि निश्शुल्क जांच शिविर में 100 से अधिक सभी वर्गों के लोगों ने अपनी जांच करवाई

महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि कैम्प में जैना एक्यूपंक्चर के डॉ़ अमित जैन ने अपनी टीम के साथ लोगों का चेकअप किया। लोगों को एक्यूपंक्चर और मेगनेटिक थैरेपी ट्रीटमेंट के बारे में समझाते हुए इसके लाभ भी बताए गए।

उन्होंने एक्यूपंक्चर द्वारा जोड़ों के दर्द, मांसपेशियों में दर्द, अकड़न, ऐंठन, कटिस्नायुशूल आदि से लोगों का इलाज किया तथा आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाई। इस मौके पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के के जैन, महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा डी के भारद्वाज विकास गुलाटी आर सी शर्मा तथा बड़ी संख्या में सेक्टर निवासी उपस्थित रहे।

# उत्विषा कला केंद्र फाउंडेशन ने किया कला महोत्सव का आयोजन




**नोएडा।** शाम सेक्टर 55 के कम्युनिटी सेंटर में कला महोत्सव का आयोजन किया गया। यह कला महोत्सव श्रीमती शर्जिका कपूर की संस्था उत्विषा कला केंद्र फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया। यह आयोजन स्वर्गीय राघव साह जी की स्मृति में किया गया।

जिसमें पद्म विभूषण स्वर्गीय पं. बिरजू महाराज जी की पौत्री मिस रागिनी महाराज जी तथा दीपमाला नूतन जी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। आयोजन में बच्चों ने अपनी कला से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# अमलतास से लेकर गुलमोहर तक, ग्रेटर नोएडा बनेगा फूलों का शहर, सड़कों पर लगेंगे थीम वाले 10 लाख पेड़

**नोएडा।** जापान के चेरी ब्लॉसम, अमेरिका के चेरोकी रोज और लुटियन दिल्ली के अमलतास की तरह ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अब विभिन्न हरित क्षेत्रों, खुले क्षेत्रों, सड़क के किनारे और केंद्रीय किनारों पर थीम आधारित पेड़ और पौधे लगाने की योजना बना रहा है। इसने ग्रेटर नोएडा को फूलों के शहर में बदलने की अपनी योजना के तहत इस मानसून में हरित पट्टी अपनाने के लिए आरडब्ल्यूए, एनजीओ, उद्यमी संघों और नागरिक समाज समूहों से भी कहा है।

अधिकारियों ने कहा कि गोद लेने वाला व्यक्ति वृक्षारोपण गतिविधियों और हरित पट्टी के दीर्घकालिक रखरखाव में प्राधिकरण के साथ सहयोग करेगा। विशेष कार्य अधिकारी (बागवानी) अभिषेक पाठक ने कहा कि प्राधिकरण की योजना एक सड़क, एक पेड़ किस्म की है। उन्होंने कहा, इसके तहत, क्षेत्र के लिए एक अनूठी दृश्य पहचान और सौंदर्य अपील बनाने के लिए एक ही किस्म के पेड़- अमलतास, गुलमोहर या पलाश- को एक खंड पर लगाया जाएगा। उदाहरण के लिए, 100 मीटर के खंड पर, गुलमोहर के पेड़ लगाए जा सकते हैं, ताकि क्षेत्र में सुंदरता और चरित्र जोड़ा जा सके।



2021 में, प्राधिकरण ने डिपो मेट्रो स्टेशन से सेक्टर म्यू की ओर जाने वाली सड़क के किनारे अमलतास के पेड़ (कैसिया फिस्टुला लिन) लगाए थे और वनस्पतियों के नाम पर इस खंड का नाम बदलकर अमलतास रोड कर दिया था। अमृतपुरम गोल चक्कर से रामपुर गोल चक्कर तक कचनार (बौहिनिया वेरिएगाटा) के पौधे भी लगाए गए और मार्ग का नाम बदलकर कचनार मार्ग कर दिया गया।

सेक्टर अल्फा 1 के निवासी आलोक सिंह ने कहा, बागवानी में रुचि रखने वाले लोग इस अभियान का समर्थन करने के लिए उत्सुक होंगे। लेकिन यदि आवश्यक हो तो प्राधिकरण को बागवानी और बाड़ लगाने के लिए उपकरण उपलब्ध कराने चाहिए। हालांकि, निवासियों के संघों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से आग्रह किया कि वह शहर भर में सूख रहे कई हरित क्षेत्रों और पार्कों पर ध्यान न दे। सेक्टर बीटा 1 के एक निवासी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि हर साल प्राधिकरण हजारों पौधे लगाता है, लेकिन रखरखाव के अभाव में वे मर जाते हैं।

उन्होंने कहा, इस पहल को सफल बनाने के लिए निवासियों की भागीदारी से कहीं अधिक की आवश्यकता होगी। समन्वय महत्वपूर्ण होगा।% इस वर्ष, यूपी ने राज्य के हरित आवरण को बढ़ावा देने के लिए 35 करोड़ पौधे लगाने का प्रस्ताव रखा है। अकेले नोएडा में लगभग 10 लाख पौधे लगाए जाने हैं। लक्ष्य को पूरा करने के लिए, वार्षिक वन महोत्सव समारोह के हिस्से के रूप में 1 से 7 जुलाई के बीच एक विशेष वृक्षारोपण अभियान प्रस्तावित है।

# वाटर पार्क में हुआ मदर्स डे कार्निवाल का आयोजन, हजारों की संख्या में पहुंचे लोग







**नोएडा।** रविवार के दिन मदर्स डे के अवसर पर सेक्टर 38 के जीआईपी मॉल परिसर स्थित वर्ड्स ऑफ़ वंडर वॉटर पार्क में मदर्स डे कार्निवाल का आयोजन किया गया। यह आयोजन 16 मई तक चलेगा। इसके अंतर्गत वाटर पार्क में आने वाले लोगों को 50 प्रतिशत की छूट के साथ वहां पर बच्चों के साथ उनकी माता के लिए तरह-तरह के खेल का आयोजन किया गया।

रविवार के दिन तकरीबन 20 हजार से भी ज्यादा की संख्या में लोगों ने वाटर पार्क और मदर्स डे कार्निवाल का लुत्फ उठाया। लोगों का कहना था कि नोएडा के वाटर पार्क में कम पैसे में बच्चों के साथ आउटिंग हो जाती है और नोएडा के वाटर पार्क जैसा दूसरा वाटर पार्क आसपास कहीं भी नहीं है। गौरतलब है कि नोएडा सेक्टर 38 स्थित वाटर पार्क में गुड़गांव, फरीदाबाद, दिल्ली, गाजियाबाद, दादरी, जेवर, ग्रेटर नोएडा जैसी आसपास की जगह से लोग अपने परिवार को लेकर पहुंचे थे।

# जिले में दो स्कूली बसों को छोड़कर सभी दुरुस्त हुई

**नोएडा।** जिले की स्कूली बसों में बच्चों का सफर पहले की तुलना में सुरक्षित हो गया है। परिवहन विभाग के अनुसार दो स्कूली बसों को छोड़कर बाकी बसें दुरुस्त हो गई हैं। फरवरी में 26 स्कूली बसों की फिटनेस खत्म थी। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार स्कूलों की कुल 2079 बसें पंजीकृत हैं। इसमें स्कूलों के नाम 1922 बसें पंजीकृत हैं। वहीं, स्कूलों में लगी अनुबंधित बसों की संख्या 157 है। शिक्षण संस्थानों के नाम पंजीकृत बसों में से दो बसों की फिटनेस जांच खत्म है। वहीं, बाकी बसों की फिटनेस जांच स्कूलों ने करा ली है।

इसके अलावा 15 साल की समयसीमा पूरी कर चुकी 305 बसों का पंजीकरण निलंबित किया जा चुका है। निलंबन की छह माह की अवधि पूरी कर चुकी 73 बसों को पंजीकरण निरस्त किया जा चुका है। एआरटीओ प्रशासन डॉ. सियाराम वर्मा ने कहा कि स्कूली बसों में बच्चों की सुरक्षा प्रमुखता पर है। उन्होंने कहा कि लगातार जांच अभियानों, नोटिस, बसों के चालान और जब्त की कार्रवाई के कार्रवाई के बाद स्कूलों व बस ऑपरेटर्स ने बसों को दुरुस्त कराया है। उन्होंने कहा कि बिना फिटनेस जांच बसों के सड़कों पर दौड़ने के दौरान दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में बसों में सवार बच्चों की जान जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में स्कूलों ने पुरानी बस का पंजीकरण सरेंडर करके नई स्कूली बसों को पंजीकृत करा लिया है। फिटनेस में हर हिस्से की जांच की जाती है परिवहन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक फिटनेस में बस के हर हिस्से की जांच की जाती है। मैनुअल होने के कारण पूरी प्रक्रिया में करीब तीन घंटे तक लग जाते हैं। बसों की फिटनेस जांच में हेड लाइट, स्पीड गर्वनर, ब्रेक, क्लच, अग्निशमन उपकरण, प्रत्येक सीट पर सीट बेल्ट, बस की खिड़की का पूरी तरह से ग्रिल से कवर होना, बस की बॉडी, बच्चों के बैग रखने का स्थान समेत हर हिस्सा शामिल है।

# धीरज चौहान बने आतंकवाद विरोधी मोर्चा के प्रदेश सचिव



**गाजियाबाद।** आतंकवाद विरोधी मोर्चा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी ने प्रमुख समाजसेवी व कुष्ठ रोगियों की सेवा में कार्यरत (अमिया फाउंडेशन) के सचिव धीरज चौहान को प्रदेश सचिव मनोनीत किया है।

श्री जग्गी ने धीरज चौहान से अपेक्षा की वह देश की सेवा में आतंकवाद की समाप्ति में राष्ट्रीय चेयरमैन जिंदा शहीद एम एस बिट्टा जी के साथ मिलकर काम करेंगे।

# एक राष्ट्र एक चुनाव को मिली नोएडा के प्रबुद्ध समाज की सहमति

**नोएडा।** नोएडा भारतीय जनता पार्टी ने एक राष्ट्र एक चुनाव पर प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर एम.एल.सी विधायक अश्वनी त्यागी, पूर्व नेवी अधिकारी राजेंद्र शंकर, फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िलाध्यक्ष महेश चौहान ने की और सभी आए प्रबुद्धजनों का स्वागत किया।

प्रबुद्ध वर्ग से सीधे संवाद स्थापित करते हुए अश्वनी त्यागी ने एक राष्ट्र एक चुनाव की उपलब्धियों को गिनाया। इसके साथ ही विकास और राष्ट्रवाद को पार्टी की प्राथमिकता बताया है। उन्होंने एक राष्ट्र एक चुनाव का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ आयोजित करना है ताकि समय, संसाधन और प्रशासनिक खर्चों की बचत हो सके साथ ही देश के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे। बार-बार चुनाव कराने में भारी प्रशासनिक खर्च और संसाधनों की बर्बादी होती है, एक साथ चुनाव से चुनावी खर्चे में भारी कमी आएगी और सुरक्षा बलों, शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों को बार-बार चुनावी ड्यूटी से मुक्त किया जा सकेगा। बार-बार लगने वाले आदर्श अचार संहिता के कारण विकास परियोजनाएं रुक जाती हैं, एक साथ चुनाव होने से ये बाधा दूर होगी और सरकारें अपने विकास कार्य पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। इसके साथ राजनीतिक स्थिरता आएगी जिसमें एक साथ चुनाव राजनीतिक अस्थिरता को कम करने मदद करेगा। इससे नीति निर्माण में स्थिरता और दीर्घकालिक दृष्टिकोण सुनिश्चित होगा। अश्वनी त्यागी ने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव एक क्रांतिकारी कदम है जो भारत के लोकतांत्रिक को अधिक मजबूत पारदर्शी और कुशल बन सकेगा इससे न केवल सरकार के कार्य में निरंतर आएगी बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता भी सुधार होगी।





अपने संवाद में जिलाध्यक्ष महेश चौहान ने कहा एक साथ चुनाव से मतदाताओं में अधिक जागरूकता और उत्साह पैदा होगा जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ेगा और लोकतंत्र को सशक्त किया जा सकेगा। चुनाव आयोग में राजनीतिक दलों के बार-बार चुनाव प्रचार के लिए भारी धनराशि खर्च करनी पड़ती है एक साथ चुनाव होने से चुनावी खर्च में कटौती होगी जिससे धन का अधिक सदुपयोग हो सकेगा ।

कार्यक्रम संयोजन उमेश त्यागी और पंकज झा ने सभी प्रबुद्ध जनों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सभी वर्गों से प्रबुद्ध जन रहे साथ गिरजा सिंह, गिरीश कोटनाला, तन्मय शंकर, विनोद शर्मा, गणेश जाटव, अमित त्यागी, चमन अवाना, प्रमोद बहल, गौतम शर्मा, दीन बंधु कुमार, राजेंद्र अवाना, प्रज्ञा पाठक, विपिन झा, अशोक मिश्रा, मनीष तिवारी, मुक्तानंद शर्मा, रवि यादव, राहुल शर्मा, ओम यादव, प्रदीप चौहान, शिवांश श्रीवास्तव, डॉ प्रसेनजीत मैत्रा, सत्यनारायण माहवार, भूपेश चौधरी, मधु मेहरा, राम किशन यादव, धर्मेंद्र गुप्ता, विनोद त्यागी, धर्मेंद्र चौहान, अर्पित मिश्राआदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अनिल रॉयल ने रॉयल बुलेटिन को मै. साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सैक्टर-6, नोएडा- 201301 से मुद्रित कराकर 318-द्वितीय तल, जयपुरिया प्लाजा, डीपीएस के सामने, सैक्टर-26, नोएडा (गौतमबुद्धनगर, उ.प्र.) से प्रकाशित किया।

सम्पादक: अनिल रॉयल

फोन: (0120) 4545477
मो. 9910779911
**e-mail Address :** royalnoida@gmail.com

# 2.5 करोड़ के विवो मोबाइल चोरी का खुलासा, 603 फोन समेत तीन शातिर गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में कंटेनर के माध्यम से विवो कंपनी के भेजे जाने वाले कीमती मोबाइल फोन ड्राइवरों की मिली-भगत से चोरी करने वाले एक गिरोह के तीन शातिर बदमाशों को थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने एक सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है।इनके कब्जे से चोरी किए हुए 603 मोबाइल फोन बरामद किया है। मोबाइल फोनों की कीमत 2 करोड़ 50 लाख रुपए बताये जा रहे हैं। गिरफ्तार बदमाशों में एक कंटेनर चालक भी है। इन बदमाशों ने कुछ दिन पूर्व विवो कंपनी के एक कंटेनर से यह मोबाइल फोन चोरी किया था।

एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया किएक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने झट्टा रेलवे अंडरपास के पास से अरविंद दुबे पुत्र राज किशोर दुबे उम्र 36 वर्ष, अभिषेक चौहान पुत्र सुधीर सिंह उम्र



24 वर्ष तथा सिमरन सेठी पुत्र प्रीतम सिंह उम्र 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने प्लास्टिक के कट्टों में रखे हुए करीब 60 बॉक्स बरामद किया है, जिनमें कुल 603 मोबाइल फोन मिले हैं। ये मोबाइल फोन विवो कंपनी के हैं।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बदमाशों ने पुलिस को बताया कि अरविंद दुबे एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में कंटेनर चलता है, वह अपने कंटेनर में वीवो कंपनी का मोबाइल फोन भरकर दिल्ली एयरपोर्ट पर छोड़ने जा रहा था। इसी बीच अभिषेक चौहान आदि के साथ मिलकर उसने कंटेनर में भरे हुए 603 मोबाइल फोन चोरी कर लिया। इस मामले में ट्रांसपोर्टर की तरफ से थाना नॉलेज पार्क में पूर्व में मुकदमा दर्ज कराया गया है।एडीसीपी ने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से 603 मोबाइल कीमती मोबाइल फोन के अलावा अवैध शस्त्र भी बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान बताया है कि कन्टेनर गाड़ी कंपनियों से मोबाइल फोन लेकर रवाना होती थी तो गाड़ी का ड्राईवर अभियुक्तों से सांठ-गांठ करके गाड़ी से मोबाइल फोन के कुछ कारटून चोरी करके सील बदल दिया करते थे। उन्होंने बताया कि इस घटना में कुछ अन्य लोग भी शामिल हैं। पुलिस उनकी भी तलाश कर रही है।

# सपा नोएडा महानगर ने धूमधाम से मनाई भगवान बुद्ध की जयंती



**नोएडा।** सपा नोएडा महानगर कैंप कार्यालय सेक्टर 53 कंचनजंगा मार्केट में महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता की अध्यक्षता में भगवान बुद्ध की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सभी लोगों ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन एवं शिक्षाओं पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा हम जो सोचते हैं वही बनते हैं। अहिंसा करुणा सत्य और अष्टांगिक मार्ग आज के समाज को शांति और समरसता की दिशा में ले जाता है। महानगर महासचिव विकास यादव व विधानसभा अध्यक्ष बबलू चौहान ने कहा बुद्ध पूर्णिमा को हिंदू धर्म में भी विशेष महत्व दिया गया है। क्योंकि कई मान्यताओं में भगवान बुद्ध को भगवान विष्णु का नवम अवतार माना गया है। आज के कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में महानगर महासचिव विकास यादव, जय करण चौधरी,बबलू चौहान, वीरपाल अवाना, महकार तंवर ,दिव्यांशु ,लोकेश यादव, रामवीर यादव ,सोनू त्यागी ,चिराग पंडित ,कमल सिंह गौतम, राम सहेली ,उदय सिंह ,सतवीर यादव ,विनोद कुमार यादव , लाल सिंह गौतम,संजीव कुमार, शाहिद, दाताराम यादव, विश्वास, सिकंदर पासवान, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## दीवार तोड़कर अवैध रास्ता बनाने का आरोप

**नोएडा।** सेक्टर फाई-4 स्थित गेट नंबर-4 के पास एक बिल्डर पर दीवार तोड़कर अवैध रूप से रास्ता बनाने का आरोप लगा है। प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक ने बिल्डर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए पुलिस से शिकायत की है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक वर्क सर्किल-4 डीपी श्रीवास्तव ने बीटा-2 थाने में शिकायत दी। इसमें बताया कि सेक्टर के लोगों ने एक बिल्डर पर बाउंड्रीवाल तोड़कर अवैध रूप से रास्ता बनाने की शिकायत की थी। इसके बाद सेक्टर का 30 अप्रैल को निरीक्षण किया गया। इसमें देखा गया कि बिल्डर ने सेक्टर की बाउंड्रीवाल चोरी छिपे तोड़कर अवैध रूप से रास्ता बना लिया है।

प्राधिकरण की टीम ने बिल्डर से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं हुआ। इस मामले में बीटा दो कोतवाली प्रभारी का कहना है कि प्राधिकरण से शिकायत मिली है। पुलिस द्वारा मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# दलित उत्थान सेवा समिति ने की भगवान बुद्ध की वंदना व मीठे जल का वितरण

**नोएडा।** सोमवार को दलित उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर अम्बेडकर विहार सेक्टर 37 स्थित पंचशील बौद्ध विहार में भगवान बुद्ध के श्री चरणों में पुष्प अर्पित किए गए। भगवान बुद्ध की वंदना की गई और ठंडे शरबत का वितरण किया गया।

इस मौके पर समिति का संरक्षक गणेश जाटव, अध्यक्ष प्रीतम सिंह, महामंत्री सत्यपाल जाटव, राजेंद्र सिंह, उदय सिंह, रोहित चौधरी, कमल सिंह जाटव, राजकुमार ÷मोनू÷ अजय गौतम, अनिल कुमार, सुरेन्द्र भाटी, वीरेंद्र कुमार, बनवारी लाल कौशल, चन्द्रमा प्रधान, विनोद कुमार, अनूप जाटव, जगत सिंह, अभिषेक कुमार, विवेक कुमार, देवराज सिंह, के के भास्कर, निधि



बौद्ध, संजीव, सूरज सोनकर आदि बौद्ध धर्म के अनुयाई उपस्थित रहे।

## डेयरी पर सामान ले रहे युवक से झपटा मोबाइल

**नोएडा।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र में डेढ़ माह पूर्व फैक्टरी कर्मी से मोबाइल फोन छीनने की हुई वारदात का पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बाइक सवार बदमाशों ने सेक्टर-34 में वारदात को अंजाम दिया था। सेक्टर-51 स्थित गांव होशियारपुर निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को बताया कि बेटा जितेंद्र कुमार एक फैक्टरी में काम करता है। 29 मार्च की रात करीब 10 बजे जितेंद्र सेक्टर-34 में ओम डेयरी के पास आया था। इसी दौरान उसके मोबाइल पर किसी परिचित की कॉल आई। वह उनसे बात कर ही रहा था, तभी बाइक पर सवार दो अज्ञात लोग आए। बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया। जितेंद्र ने शोर मचाते हुए बदमाशों का काफी दूर तक पीछा भी किया, लेकिन बदमाश भागने में सफल रहे। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना स्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान की जा रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## सीएनजी बस में लगी आग, 15 यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में सोमवार दोपहर को एक सीएनजी बस में अचानक आग लग गई। यह घटना दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर चीती गांव के पास हुई। बस में 15 यात्री सवार थे। बस सिकंदराबाद की तरफ जा रही थी। चीती गांव के पास पहुंचते ही बस से धुआं निकलने लगा। चालक ने तुरंत बस रोक दी। उसकी सूझबूझ से सभी यात्रियों को समय रहते बस से उतार लिया गया।

कुछ ही देर में आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग काबू में नहीं आई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। घटना के दौरान सड़क के दोनों तरफ यातायात बाधित हो गया। आग बुझने के बाद ही यातायात सामान्य हो सका। पुलिस के अनुसार इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। प्रारंभिक जांच में सीएनजी से संबंधित तकनीकी खराबी आग का कारण माना जा रहा है।

## यातायात नियम तोड़ने वाले ऑटो पर कार्रवाई

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के गलगोटिया विश्वविद्यालय के पास अवैध ऑटो स्टैंड पर चल रही अनियमितताओं पर पुलिस ने कार्रवाई की है। यातायात पुलिस ने विशेष जांच अभियान चलाया।

पुलिस ने पाया कि कई ऑटो बिना नंबर प्लेट के चल रहे थे। कई वाहनों की फिटनेस की अवधि समाप्त हो चुकी थी। ऑटो चालक नियमों का उल्लंघन करते हुए क्षमता से अधिक सवारियां बैठा रहे थे। यातायात पुलिस ने कुल 89 ऑटो पर कार्रवाई की। इनमें से 78 ऑटो का चालान किया गया। 11 ऑटो को सीज कर दिया गया। ट्रैफिक विभाग के एसीपी उमेश कुमार ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## युवती के साथ मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने और बाद में मारपीट करने वाले आरोपी को फेज दो थाने की पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान फिरोजाबाद के रसूलगढ़ निवासी पवन कुमार के रूप में हुई है। 22 वर्षीय पवन वर्तमान में फेज दो थानाक्षेत्र स्थित नया गांव में किराये का कमरा लेकर रह रहा था। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। सोमवार को जब वह किसी काम से नोएडा आया तभी मुखबिर से मिली सूचना पर उसे नया गांव के तिराहे के पास से ही दबोच लिया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी ने एक युवती के साथ दोस्ती की और उसे शादी करने का झांसा दिया। इस दौरान उसने युवती से कई बार शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने जब शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और पुलिस से शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। युवती ने इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस से की।

## बिल्डर की निर्माणाधीन साइट से सामान चोरी करने का आरोप

**नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक बिल्डर की निर्माणाधीन साइट से लोहे के सरिया और पाइप समेत अन्य सामान चोरी कर बेचने का आरोप लगा है। इस मामले में साइड एडमिन और एक ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेक्टर जीटा वन में एक बिल्डर की साइट पर निर्माण कार्य चल रहा है। साइट प्रमुख अजीत सिंह ने साइट एडमिन विधुर तोमर और एक टैक्टर चालक प्रमोद पर चोरी करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि यह दोनों मिलकर साइट से लोहे का सामान चोरी कर बाहर कबाड़ी को बेच रहे हैं।सूरजपुर कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बस से बैटरी चोरी कर रहा चोर रंगे हाथ दबोचा

**नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में एक बस से बैटरी चोरी कर रहे चोर को बस मालिक ने रंगे हाथ दबोच लिया। पकड़े गए चोर के पास से चोरी की गई बैटरी बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। सूरजपुर में रहने वाले विजयपाल भाटी ने पुलिस से शिकायत की। विजयपाल ने पुलिस को बताया कि रविवार को उनकी बस सड़क किनारे खड़ी थी। इस बीच रात को एक चोर बस से बैटरी चोरी कर रहा था। विजयपाल ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। पकड़े गए चोर को पुलिस को सौंप दिया है। इसकी पहचान दादरी के रहने वाले मुकेश के रूप में हुई है।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## आकर्षक नंबर बुक कराने का मौका

**नोएडा।** हल्के वाहनों की नई सीरीज यूपी 16ईवाई के आकर्षक नंबरों की दूसरी बार की नीलामी के नतीजे 11 मई को जारी हो गए थे। अब बचे आकर्षक नंबर बिना नीलामी के वाहन मालिक पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर बुक कर सकते हैं। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक अधिकारिक वेबसाइट पर लोग नीलामी के नतीजे देख सकते हैं। पहली और दूसरी बार की नीलामी के बाद बचे आकर्षक नंबर सीधे वेबसाइट पर जाकर बुक किए जा सकते हैं। यह नंबर निर्धारित आधार मूल्य पर उपलब्ध हैं। इसमें जो व्यक्ति पहले नंबर बुक कर लेगा, उसके वाहन के लिए उसे पंजीकृत कर दिया जाएगा।

## अवैध हथियारों के साथ दो बदमाश पकड़े

**नोएडा।** अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में पुलिस को सफलता मिली है। जेवर कोतवाली पुलिस ने रविवार की देर रात मुखबिर की सूचना पर थोरा गांव के पास यमुना एक्सप्रेसवे से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

दोनों आरोपी बुलंदशहर जिले के खुर्जा देहात थाना क्षेत्र के सरावा गांव के रहने वाले हैं। पहला आरोपी जाहिद का बेटा दानिश है। दूसरा आरोपी असलम का बेटा अब्दुल है। तलाशी के दौरान दानिश से एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। अब्दुल से भी एक तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस मिला। आरोपियों के पास से एक बोलेरो पिकअप गाड़ी भी जब्त की गई।

# नोएडा में अवैध इमारत पर लिखेंगे ये बिल्डिंग है अवैध

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने सोमवार को सभी विभागों की रिव्यू बैठक की। इसमें संबंधित विभाग के एसीईओ, ओएसडी , जीएम , डीजीएम, डायरेक्टर के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। जिसमें स्पष्ट कहा कि अधिसूचित जमीन पर बने निर्माण पर अवैध बिल्डिंग लिखा जाए। एफआईआर के बाद भी जो निर्माण नहीं रोक रहे भू माफिया घोषित किया जाए। सड़क का चौड़ा किया जाए, 300 वर्गमीटर के भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग को सुनिश्चित किया जाए।

नोएडा में जितने भी स्थानों पर अवैध निर्माण है वहां पर मार्किंग की जाएगी। इस पर लिखा जाएगा ये बिल्डिंग अवैध है। अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वाले अतिक्रमणकर्ताओं के खिलाफ स्वढ्रक्र दर्ज कराई जाए। वर्क सर्किल वार अवैध निर्माणों के खिलाफ पहले लिए गए एक्शन के बारे में बुकलेट बनाए। जिन मामलों में एफआईआर दर्ज है वहां अब भी निर्माण जारी है उनको भू माफिया घोषित कराया जाए। आवासीय और ग्रुप हाउसिंग भूमि के लिए लैंड बैंक बनाया जाए। साथ ही जरूरत पड़ने पर आपसी सहमति से किसानों से जमीन खरीदी जाए। गोल्फ कोर्स के लिए अपर जिलाधिकारी से समन्वय बनाया जाए।

**12 स्थानों की सफाई के लिए क्यूआरटीः** मानसून से पहले मुख्य नालों और सेक्टर की नालियों की सफाई एक महीने में पूरी की जाए। साथ ही सात दिन में नाले में तैयार रहा फ्लोटिंग मटेरियल हटाया जाए। नोएडा के 12 स्थानों को जीरो टालरेंस के लिए चयनित किया गया। इन 12 स्थानों में सफाई के लिए क्यूआरटी गठित की गई है। प्रत्येक क्यूआरटी में एक सुपरवाइजर और 10 कर्मचारी होंगे। यहां दो शिफ्टों में सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसमें डीएससी रास्ता सेक्टर-15 से मेट्रो स्टेशन से सेक्टर-18 अंडरपास तक, सेक्टर-18 बाजार,

एमपी-3 रास्ते पर शशी चौक से सेक्टर-34 मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-125 एमिटी यूनिवर्सिटी के सामने, सेक्टर-59 मेट्रो स्टेशन से सेक्टर-62 एनएच के मेट्रो के नीचे। फेस-2 सेमसंग रोड, सेक्टर-62 फोर्टिस अस्पताल के चारो ओर, हाजीपुर रोड सेक्टर-104 बाजार के सामने, सेक्टर-57, 58, 59 और सेक्टर-63 के बीच रास्ता इसके अलावा बह्मपुत्र बाजार के चारो ओर अट्टा बाजार , एमपी-2 सेक्टर-18 से अंडरपास से निठारी तक की सफाई की जाएगी। इसमें सिविल कार्य जैसे मरम्मत का काम भी होगा।

**यातायात के लिए विद्युत पोल करे शिफ्टः** सभी मेट्रो स्टेशन के नीचे स्थापित स्ट्रीट लाइट की क्षमता को बढ़ाया लाए। रजनीगंधा क्रासिंग सेक्टर-17 की ओर उद्योग मार्ग पर संदीप पेपर मिल के पास सड़क चौड़ीकरण में आ रहे विद्युत पोलों को शिफ्ट किया जाए। केबिल को भूमिगत करने और सेक्टर-57 एवं 58 की बीच की रोड पर स्थापित ट्रासंफार्मर को शिफ्ट किया जाए।

सेक्टर-62 फोर्टिस चौराहे पर रोड चौड़ीकरण में आ रहे विद्युत पोलों को शिफ्ट किया जाए। एमपी-1 रोड पर आ रहे विद्युत डबल पोल स्ट्रक्चर को भूमिगत किया जाए।

फेज-2 में विद्युत डिफेक्ट ओवर हेड विद्युत लाइन को शिफ्ट किया जाए। एक्सप्रेसवे के सुंदरी करण के लिए सेक्टर-14ए के पास स्थापित डीर को दो दिवस में कार्यशील करे। एक्सप्रेसवे पर सेक्टर 125 के सामने सेंट्रल वर्ज में 6 बड़े फाउंटेन लगाए जाए।

एक्सप्रेसवे पर दोनों ओर पेड़ों की छटाई करने के लिए उद्यान विभाग से समन्वय बनाकर दो दिन में करे। एमपी-2 रोड पर एलिवेटेड रोड के नीचे सेक्टर-28 से सेक्टर-61 तक सेन्ट्रल वर्ज में पथ प्रकाश व्यवस्था करे।

**पुरानी ग्रुप हाउसिंग को करे रि डेवलपः** प्राधिकरण की विभिन्न प्रकार की पुरानी ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं के रि-डेवलपमेंट प्लान बनाया जाए। शासन में अफोर्डेबल हाउसिंग के संबंध में भेजे गये पत्र की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाए। 300 वर्ग मी या इससे अधिक क्षेत्रफल के भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। 5000 वर्ग मी या इससे अधिक क्षेत्रफल के भूखंडों पर निर्मित सभी श्रेणी के भवनों में सॉलिड वेस्ट मेनेजमेंट की व्यवस्था की जांच की जाए। ग्रुप हाउसिंग योजनाओं में चल रही अवैध व्यवसायिक गतिविधियों की जांच करे।

## सास और मां ने किडनी देकर बचाई 2 जान

**नोएडा।** मदर्स डे के अवसर पर फोर्टिस अस्पताल नोएडा के डॉक्टरों ने दो हाइरिस्क किडनी ट्रांसप्लांट करते हुए ऐसे दो व्यक्तियों को नया जीवन दान दिया। ये किडनी की ला इलाज बीमारी से परेशान थे।

डॉ अनुजा पोरवाल, डायरेक्टर, नेफ्रोलॉजी ने फोर्टिस अस्पताल, नोएडा की अगुआई में डॉ पीयूष वार्ष्णेय, डायरेक्टर, यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट, फोर्टिस अस्पताल, नोएडा ने इस सर्जरी के माध्यम से मां की ममता और स्नेह की मजबूत डोर का प्रदर्शन किया।

केस-1

**सास ने दामाद को दी किडनीः** प्रदेश में हापुड़ के 37 साल के व्यक्ति को क्रॉनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) थी। उन्होंने अपनी एलोपैथिक दवाइयां छोड़ कर आयुर्वेदिक इलाज का सहारा लिया। जिससे किडनी और भी खराब हो गई।

जब मरीज को फोर्टिस अस्पताल नोएडा में भर्ती कराया गया तो उनकी हालत हाइपरटेंसिव थी और बेहद कमजोर थी। रक्त नलियों क्षतिग्रस्त होने की वजह से उनकी हालत डायलसिस की भी नहीं थी। उनके बूढे माता पिता उपयुक्त डोनर नहीं पाए गए और पत्नी व उनके भाई का रक्त समूह मरीज से मेल नहीं खाता था।

उम्मीद टूटती जा रही थी। ऐसे में मरीज की 53 साल की सास ने हौसला दिखाया। उन्होंने यह कहते हुए किडनी दान करने की इच्छा जतायी कि मैं भी तो मां ही हूं। इस तरह मरीज का किडनी ट्रांसप्लांट किया गया जिसके बिना मरीज का जीवन कुछ ही साल बचा था। अब यह मरीज स्वस्थ जीवन जी रहा है।

केस-2

**66 साल की मां ने दी किडनीः** मेरठ के एक 40 साल के व्यक्ति की किडनी पूरी तरह फेल हो चुकी थी। इस मरीज ने भी ऑप्शनल इलाज से अपना हाल खराब किया था और समय पर इलाज न किया जाता तो जीवन के कुछ ही साल बचे थे। फोर्टिस अस्पताल नोएडा में लाए जाने के बाद उन्हें बिगड़ती स्थिति के मद्देनजर तत्काल किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह दी गई।

मरीज की पत्नी और उनकी 66 साल की मां ने किडनी दान करने की पेशकश की। जेनेटिक जांच में उनकी मां को एकदम उपयुक्त किडनी डोनर पाया गया।

# कॉलेजों में स्नातक की प्रवेश प्रक्रिया आज से शुरू

**ग्रेटर नोएडा।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू) के संबद्ध कॉलेजों में मंगलवार से स्नातक पाठ्यक्रमों (बीए, बीएससी, बीकॉम) में प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। इस बार कॉलेज अपने स्तर से ही मेरिट लिस्ट तैयार कर विद्यार्थियों को प्रवेश देंगे। जिले में विश्वविद्यालय के संबद्ध तीन राजकीय, एक अर्द्ध राजकीय समेत 20 संबद्ध कॉलेज है। राजकीय कॉलेज में सेक्टर-39 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कु. मायावती बालिका डिग्री कॉलेज और शांति देवी राजकीय कॉलेज, जेवर शामिल है। वहीं, अर्द्ध राजकीय सम्राट मिहिर भोज डिग्री कॉलेज में भी प्रवेश के लिए विद्यार्थी अधिक संख्या में आवेदन करते हैं। सभी कॉलेजों में मंगलवार से बीए, बीएससी, बीकॉम समेत अन्य पारंपरिक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

प्रवेश के लिए छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर एडमिशन 2025-26 पर क्लिक पर ऑनलाइन फार्म भर सकते हैं। पंजीकरण के लिए सभी विद्यार्थियों को पंजीकरण शुल्क के लिए 115 रुपए ऑनलाइन गेटवे के माध्यम से भुगतान करना होगा। विद्यार्थी ऑनलाइन फार्म में केवल तीन कॉलेजों का ही चयन कर सकते हैं। कॉलेज स्तर पर मेरिट तैयार होने से परेशानी कम होगी शैक्षिक सत्र 2025-26 के प्रवेश को लेकर प्रवेश समिति की बैठक में निर्णय लिया गया था कि इस बार प्रवेश के लिए कॉलेज अपने स्तर पर मेरिट तैयार करेंगे। विश्वविद्यालय स्तर से सिर्फ प्रवेश प्रक्रिया ही संचालित होगी। बता दें कि हर बार विश्वविद्यालय स्तर से ही मेरिट जारी होती है, कई बार मेरिट तैयार करने में समय लगता है। इसके चलते छात्रों के सामने दूसरे कॉलेजों में भी प्रवेश पाना मुश्किल हो जाता है।

# सैनिकों के सम्मान में निकाली ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा






**नोएडा।** नोएडा महानगर में सैनिकों के सम्मान में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा रविवार को भव्य ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का नेतृत्व नोएडा महानगर जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा ओमवीर अवाना ने किया। यात्रा की शुरुआत नोएडा महानगर जिलाध्यक्ष महेश चौहान ने हरी झंडी दिखाकर की। वह इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भी रहे। देशभक्ति के नारों से गूंजते इस आयोजन में सैकड़ों की संख्या में किसानों मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और तिरंगा लहराते हुए सैनिकों के सम्मान में एकजुटता दिखाई। यह यात्रा हमारे वीर जवानों के बलिदान और सेवा को सम्मान देने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और सैनिकों के प्रति आभार प्रदर्शन के साथ किया गया।

यात्रा में अमित त्यागी, रवि यादव, मुक्तानंद शर्मा, घनश्याम यादव, पप्पू प्रधान, रामनिवास यादव, संदीप उपाध्याय, इंद्राज खटाना, उमेश भाटी, मांगेराम शर्मा, सुभाष चौहान, चौधरी मांगेराम, संजीव पटेल, देवेंद्र राजपूत, भूपेश चौधरी मनोज चौहान आदि उपस्थित रहे।

# पाकिस्तान कश्मीर का अंतर्राष्ट्रीयकरण करने में कामयाब रहा: उमर अब्दुल्ला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था और पर्यटन को झटका दिया है, बल्कि पाकिस्तान को कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिर से उठाने का मौका भी दे दिया है। उन्होंने कहा कि इस हमले ने कई सालों की मेहनत को बर्बाद कर दिया है, जिसके तहत कश्मीर में पर्यटन और शांति बहाली की कोशिशें की जा रही थीं।

एनडीटीवी को दिए एक इंटरव्यू में उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले ने राज्य की अर्थव्यवस्था और कूटनीति के क्षेत्र में वर्षों की मेहनत को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह हमला ऐसे समय में हुआ जब कश्मीर के पर्यटन उद्योग ने वर्षों बाद रफ्तार पकड़ी थी, लेकिन अब सब कुछ फिर से ठहर गया है। उन्होंने कहा, हम एक ऐसे मोड़ पर आ गए हैं जहां हम कभी नहीं सोचे थे कि फिर लौटेंगे। यहां फिर से खूनखराबा है, पीड़ा है, उथल-पुथल है... सब कुछ बदल गया है, लेकिन कुछ भी नहीं बदला है।

जब उनसे पूछा गया कि इस बदलाव का असर जमीन पर कैसे दिखता है, तो उन्होंने कहा, इस समय घाटी को पर्यटकों से भरा होना चाहिए था। अर्थव्यवस्था को फल-फूलना चाहिए था, बच्चे स्कूलों में होते, एयरपोर्ट पर हर दिन 50-60 फ्लाइट्स उतरतीं। लेकिन अब घाटी खाली पड़ी है, स्कूल बंद हैं, हवाई अड्डा और एयरस्पेस दोनों बंद हैं।

कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाने की कोशिश

मुख्यमंत्री ने चिंता जताई कि पाकिस्तान ने एक बार फिर जानबूझकर कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा, जब मैं कहता हूं कि कुछ भी नहीं बदला है - तो इसका मतलब है कि पाकिस्तान ने, दुर्भाग्य से फिर से जम्मू और कश्मीर के मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय बनाने में कामयाबी हासिल कर ली है। उन्होंने कहा, अमेरिका मध्यस्थ की भूमिका में खुद को शामिल करने के लिए उत्सुक है।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच जो संघर्षविराम अब तक किसी तरह से बना हुआ था, वह अब टूट चुका है। अब हम यह देखने को मजबूर हैं कि आज रात क्या होता है। उमर अब्दुल्ला ने याद करते हुए कहा कि तीन हफ्ते पहले तक पहलगाम का इलाका पर्यटकों से भरा हुआ था। वहां रौनक थी, जिंदगी थी। लेकिन फिर वह भयावह नरसंहार हो गया।

### बैसारन में धार्मिक पहचान के आधार पर 26 लोगों की हत्या

22 अप्रैल को आतंकवादियों ने कश्मीर के सुंदर बैसारन मैदान में हमला कर दिया। इस हमले में 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आतंकियों ने पहले धार्मिक पहचान की पुष्टि की और फिर गोलियां चलाईं। मारे गए लोगों में 25 पर्यटक थे और एक स्थानीय व्यक्ति – एक टट्टूवाला, जो पर्यटकों की जान बचाने की कोशिश कर रहा था। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने किया करारा जवाब हमले के कुछ दिन बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया, जिसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित 9 आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर तबाह किया गया। इसके अगले दिन पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइल हमले किए और सीमावर्ती इलाकों में तोपों से गोलीबारी शुरू कर दी। हालांकि, भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के एयरबेस, कमांड सेंटर, सैन्य ढांचे और एयर डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाया। इसके बाद चौथे दिन पाकिस्तान ने अपने कदम पीछे खींच लिए और हालात में अस्थायी शांति आई।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन सिंदूर पर बड़ा खुलासा- कराची पर हमला करने के लिए पूरी तरह तैयार थी भारतीय नौसेना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच कई दिनों से चल रहे तनाव में अब कुछ कमी आ गई है। दोनों देशों के बीच टेंशन तब बढ़ गई थी, जब भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों के खिलाफ हमले किए थे। इस दौरान, दोनों देश कई बार आमने-सामने आ गए। रविवार को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बताते हुए भारतीय नौसेना ने खुलासा किया कि इस दौरान इंडियन नेवी भी पूरी तरह से तैयार थी और कराची सहित समुद्र और जमीन पर चुनिंदा लक्ष्यों पर हमला करने में पूरी तरह सक्षम थी। ऑपरेशन सिंदूर पर तीनों सेनाओं की संयुक्त मीडिया ब्रीफिंग के दौरान वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने कहा, हमारी नौसेना बल पूरी तरह से समुद्र और जमीन पर चुनिंदा लक्ष्यों पर हमला करने की क्षमता के साथ निर्णायक स्थिति में अरब सागर में आगे तैनात रहे, जिसमें कराची भी शामिल था।

वाइस एडमिरल भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर सेना और भारतीय वायु सेना के अपने समकक्षों के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। नौसेना संचालन महानिदेशक ने कहा कि नौसेना ने आतंकवादी हमले के 96 घंटों के भीतर अरब सागर में कई हथियारों की फायरिंग के दौरान समुद्र में रणनीति और प्रक्रियाओं का परीक्षण और सुधार किया। वरिष्ठ नौसेना अधिकारी ने यह भी कहा कि नौसेना बल की अग्रिम तैनाती ने पाकिस्तान को रक्षात्मक मुद्रा में रहने के लिए मजबूर किया, जो कि ज्यादातर बंदरगाहों के अंदर या तट के बहुत करीब थी, जिस पर भारतीय सेना लगातार नजर रखती थी। उन्होंने कहा, भारतीय नौसेना ने पूरे समय समुद्री क्षेत्र में सतर्कता बनाए रखी और पाकिस्तानी यूनिट्स के स्थानों और आवाजाही के बारे में पूरी तरह से जागरूक थी।

वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने दोहराया कि पाकिस्तानी आक्रमण के प्रति भारत की प्रतिक्रिया शुरू से ही नपी-तुली, आनुपातिक, गैर-बढ़ावा देने वाली और जिम्मेदार रही है। डीजीएनओ ने कहा कि 22 अप्रैल को 26 नागरिकों की हत्या करने वाले आतंकी हमले के बाद अरब सागर में वाहक युद्ध समूह को तैनात किया गया था। वाहक युद्ध समूह एक नौसेना बेड़ा है जिसमें एक विमानवाहक पोत और उसके साथ चलने वाले जहाज शामिल होते हैं। गौरतलब है कि भारत ने 7 मई की सुबह आतंकी ढांचों पर सटीक हमले किए, जिसके बाद पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया। पाकिस्तानी कार्रवाई का भारतीय पक्ष ने कड़ा जवाब दिया और हवाई ठिकानों, वायु रक्षा प्रणालियों, कमांड और नियंत्रण केंद्रों और रडार साइटों सहित कई प्रमुख पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान पहुंचाया।

### दिल्ली में कारोबारी ने पत्नी और 2 बच्चों संग खाया जहर, चारों की हालत गंभीर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के भारत नगर में सोमवार सुबह एक कारोबारी ने अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में चारों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टर उनकी हालत पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जहरीला पदार्थ खाने वालों में हरदीप, उसकी पत्नी हरप्रीत कौर (38), बेटा जगदीश सिंह (16) और बेटी हरगुल कौर (15) शामिल हैं। सभी चारों लोग संगम पार्क स्थित एक फैक्ट्री में मिले। हरदीप बाइक के हार्न बनाने का काम करता है। पुलिस ने बताया कि आज सुबह डीएसआईडीसी, संगम पार्क के शेड नंबर 63 में परिवार के चार सदस्यों द्वारा जहर खाने के संदिग्ध मामले के बारे में भारत नगर थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि हरदीप सिंह यहां बाइक के हॉर्न बनाने की फैक्ट्री चलाते हैं। वह आज सुबह 8 बजे अपनी पत्नी हरप्रीत कौर, बेटे जगदीश और बेटी हरगुल के साथ फैक्ट्री आए थे।

## दिल्ली बजट सत्र का दूसरा सेशन नहीं होगा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा के बजट सेशन का दूसरा सत्र को फिलहाल रद्द कर दिया गया है। सचिवालय से आए पत्र में बताया गया है कि आगामी 13 और 14 मई को दिल्ली विधानसभा के इस सत्र को रद्द कर दिया गया है। हालांकि इसे लेकर कोई कारण नहीं बताया गया है। इससे पहले आज दिल्ली विधानसभा में सोलर पावर प्लांट की आधारशिला रखी गई। दिल्ली की असेंबली भी अब सूर्य उर्जा से रोशन होगी। दिल्ली सचिवालय से आए पत्र में लिखा है कि यह आपको सूचित करने के लिए है कि दिल्ली की आठवीं विधानसभा के द्वितीय सत्र (बजट सत्र) की 13 मई 2025 (मंगलवार) और 14 मई 2025 (बुधवार) को होने वाली बैठक,जो पहले 13 मई, 2025 (मंगलवार) और 14 मई, 2025 (बुधवार) को आयोजित होने वाली थी,रद्द कर दी गई है।दिल्ली विधानसभा को जल्द ही सौर्य उर्जा का लाभ मिलने वाला है। स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि आने वाले 45 दिनों के अंदर दिल्ली असेंबली सौर्य उर्जा से रोशन होगी। इसके बाद यहां का बिजली बिल भी जीरो हो जाएगा। स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि अभी महीने का 15 लाख बिजली का बिल आता है और सालाना 1.75 करोड़ है।

## जो कभी पत्थर फेंकते थे, वो आज भाजपा में हैं: नितिन गडकरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को एक कार्यक्रम में अपने राजनीतिक सफर की पुरानी बातें साझा कीं। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने राजनीति की शुरुआत की थी, तब कुछ लोग उनके घर पर रोज़ पत्थर फेंकते थे,



लेकिन समय बदला और आज वही लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए हैं। गडकरी स्थानीय भाजपा नेता रामदास आंबटकर को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कठिन समय में भी भाजपा कार्यकर्ताओं की निष्ठा और मेहनत पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने आरएसएस के पूर्व सरसंघचालक बालासाहेब देवरस के एक भाषण का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था, दुर्लभ कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति होता है।'' गडकरी ने कहा कि आरएसएस में बड़ी संख्या में ऐसे समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिनकी बदौलत संगठन ने सफलतापूर्वक लगभग 100 वर्ष पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि ये कार्यकर्ता हमेशा अपनी विचारधारा और राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हैं। गडकरी ने राजनीति में अपने शुरुआती दिनों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि 1975 में जब मैं नागपुर क्षेत्र में भाजपा के लिए काम कर रहा था, तो मेरे इलाके के कुछ लोग अक्सर मेरे घर पर पत्थर फेंकते थे। गडकरी ने कहा कि समय के साथ वही लोग आरएसएस मुख्यालय, डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर और उनके घर आने लगे तथा उनमें से एक तो बाद में भाजपा का वार्ड अध्यक्ष भी बना। गडकरी ने भाजपा और आरएसएस में योगदान के लिए दिवंगत आंबटकर और उनके परिवार की सराहना की।

## दिल्ली पुलिस ने स्कूल छोड़ने वाले बच्चों को शिक्षा प्रणाली से जोड़ने के लिए 'नयी दिशा' पहल शुरू की



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की संख्या कम करने और स्कूल न जाने वाले बच्चों को शिक्षा प्रणाली में वापस लाने के मकसद से 'नई दिशा - ए पाथ बैक टू लर्निंग' नाम से नई पहल शुरू की है। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल के तहत पुलिस कर्मी उन बच्चों के घर जा रहे हैं जो स्कूल छोड़ चुके हैं। पुलिस कर्मी उनके घर जाकर बच्चों एवं उनके परिवार से सीधे संपर्क कर रहे हैं, ताकि स्कूल छोड़ने के कारणों का पता लगाया जा सके और उन्हें फिर से अपनी पढ़ाई शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम दिल्ली पुलिस की इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हर बच्चे को शिक्षा का दूसरा मौका दिया जाए। डीसीपी (ईस्ट) अभिषेक धानिया ने कहा, ''यह कदम सिर्फ कानून लागू करने से कहीं ज्यादा है। यह मार्गदर्शन और विश्वास बनाने के बारे में है। पुलिस अधिकारी स्थानीय स्कूलों, गैर सरकारी संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ कॉर्डिनेट कर विभिन्न प्रकार की सहायता सेवाएं प्रदान कर रहे हैं - जिनमें दाखिले की सुविधा से लेकर इमोशनल काउंसलिंग और शैक्षणिक सहायता प्रदान करना शामिल है। डीसीपी ने बताया कि आर्थिक तंगी, घरेलू समस्याओं या व्यक्तिगत असफलताओं के कारण स्कूल छोड़ चुके कई छात्र अब क्लासों में वापस लौटने लगे हैं। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ दरवाजे नहीं खटखटा रहे हैं, बल्कि उन्हें खोल भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पुलिसिंग में बदलाव का प्रतीक है - सुरक्षा से सशक्तिकरण की ओर। इस पहल की सफलता को देखते हुए दिल्ली पुलिस इसे अन्य जिलों में भी बढ़ाने की योजना बना रही है।

## दिल्ली में बारापुला फेज-3 का काम कब तक होगा पूरा? पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताई डेडलाइन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा ने सोमवार को कहा कि सरकार इस साल दिसंबर तक बारापुला फेज-3 फ्लाईओवर प्रोजेक्ट को पूरा करने का प्रयास करेगी। बारापुला चरण-तीन परियोजना 2015 से निर्माणाधीन है। प्रोजेक्ट साइट का दौरा करने पहुंचे प्रवेश वर्मा ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में काम में प्रगति हुई है।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''हमारा लक्ष्य इस साल दिसंबर तक इस फ्लाईओवर को शुरू करना है। यह एक बहुत बड़ी परियोजना है और पहले की सरकार ने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। इससे परियोजना की लागत में वृद्धि हुई और काम में भी देरी हुई।''

बारापुला चरण-तीन प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद मयूर विहार-1 (पूर्वी दिल्ली) और एम्स (दक्षिण-दिल्ली) के बीच सफर सुगम हो जाएगा। नया फ्लाईओवर सराय काले खां में मौजूदा बारापुला फ्लाईओवर से जुड़ेगा।

प्रोजेक्ट का 98 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, लेकिन वन विभाग से मंजूरी नहीं मिलने के कारण फ्लाईओवर के शेष हिस्से के काम में देरी हो रही है। लगभग 200 पेड़ों को दूसरी जगह शिफ्ट करने की जरूरत है। इस प्रोजेक्ट को 2017 में पूरा किया जाना था, लेकिन विभिन्न वजहों से इसमें देरी होती चली गई। प्रवेश वर्मा ने कहा, ''हम निर्माण स्थल से पेड़ों को शिफ्ट करने के लिए लंबित मंजूरी के मामले पर विचार कर रहे हैं। हमें जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी और प्रोजेक्ट पूरा किया जाएगा। पहले की सरकार ने ठेकेदार को भुगतान नहीं किया। पेड़ काटने की अनुमति के संबंध में भी पहले की सरकार ने ज्यादा काम नहीं किया, इसलिए परियोजना में देरी हुई।''

## घर की लड़ाई में 36 साल बाद मिली जीत, दिल्ली हाईकोर्ट ने डीडीए फ्लैट आवंटी के हक में सुनाया फैसला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने पिछले 36 साल से फ्लैट पाने के लिए भटक रहे व्यक्ति को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को निर्देश दिया है कि वह दो महीने के भीतर याचिकाकर्ता को उसी सोसाइटी और उसी वर्ग के फ्लैट का आवंटन करे। हाईकोर्ट ने रजिस्ट्रार कॉपरेटिव सोसाइटी (आरसीएस) को भी कहा है कि वह याचिकाकर्ता के फ्लैट को मंजूरी देकर फाइल डीडीए को भेजे।



जस्टिस प्रतिभा एम सिंह एवं जस्टिस रजनीश कुमार गुप्ता की बेंच ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि पहले ही याचिकाकर्ता अपने हक के लिए बहुत भटक चुका है। अब और देरी उचित नहीं है। इससे पहले भी दो बार हाईकोर्ट ने आदेश दिए हैं कि याचिकाकर्ता के पक्ष को सुना जाए, लेकिन प्रतिवादी आरसीएस व डीडीए ने पत्र व्यवहार तो किया, लेकिन कोई पुख्ता अंत पर नहीं पहुंचे। बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता ने अपने हक संबंधी तमाम दस्तावेज पेश कर दिए हैं। अब इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि वह सोसायटी में उसी मूल्य पर फ्लैट पाने का हकदार है जिसका भुगतान उसने वर्ष 1989 में कर दिया है।

इस मामले में याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा था कि वह 19 मई 1986 को प्रतिवादी सोसाइटी का सदस्य बना था। 9 मार्च 1987 को सोसायटी द्वारा बिक्री प्रमाण पत्र जारी किया गया। इसके बाद सोसायटी को डीडीए से जमीन मिलने के बाद 15 अप्रैल 1989 में याचिकाकर्ता ने संबंधित सोसाइटी में फ्लैट के लिए दो लाख 15 हजार जमा कराए, लेकिन फ्लैट आवंटित नहीं किया गया।

याचिकाकर्ता ने इससे पहले दो बार हाईकोर्ट का रुख किया, लेकिन हर बार दस्तावेज की जांच के नाम पर मामला आगे नहीं बढ़ा। इस बार बेंच ने याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट में दस्तावेज पेश करने को कहा। साथ ही आरसीएस और डीडीए को दस्तावेज देते हुए फ्लैट देना का आदेश दिया।

**याचिकाकर्ता को अन्य बकाए के भुगतान को कहा–** हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को कहा कि वह वर्तमान समय में सोसाइटी के रखरखाव को लेकर जो भी रकम बनती है उसका भुगतान कर दें। उसके बाद आरसीएस अपना मंजूरी पत्र जारी कर देगा और डीडीए अन्य प्रक्रिया पूरी फ्लैट पर उसे कब्जा दे देंगे।

## एनडीएमसी विनय मार्ग में 24 घंटे पानी सप्लाई के लिए शुरू करेगी पायलट प्रोजेक्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) विनय मार्ग के आसपास के इलाकों में 24 घंटे जलापूर्ति प्रोजेक्ट के पहले चरण की शुरुआत करेगी। इस पायलट प्रोजेक्ट का इस्तेमाल जलापूर्ति सिस्टम के आधुनिकीकरण के लिए एक टेम्पलेट के रूप में किया जाएगा। एनडीएमसी के अधिकारियों ने रविवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रोजेक्ट पर लगभग 1.44 करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है, जो अगले पांच महीने में लागू होने की संभावना है।

एनडीएमसी के एक सीनियर अफसर ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा, एनडीएमसी के इलाकों में 24ङ्म7 जलापूर्ति उपलब्ध कराने के पहले चरण तहत विनय मार्ग वाटर बूस्टिंग स्टेशन (डब्ल्यूबीएस) के कमांड एरिया में प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन किया जा रहा है। हमने प्रोजेक्ट के लिए टेंडर मंगाए हैं, जिन्हें इस हफ्ते के आखिर तक खोला जाएगा। कंपनी को प्रोजेक्ट को लागू करने के लिए पांच महीने का समय दिया जाएगा।

इस प्रोजेक्ट में विनय मार्ग, सेवा भारती, सरकारी आवास, झुग्गी-झोपड़ी और बंगलों के साथ कई आवासीय क्षेत्रों को शामिल किए जाने की संभावना है।



अधिकारी ने कहा, इस पायलट प्रोजेक्ट का उद्देश्य मौजूदा वाटर पाइपलाइन ग्रिड नेटवर्क का उपयोग करके चौबीसों घंटे निरंतर फिल्टर्ड जल आपूर्ति प्रदान करना है। अधिकारी ने बताया कि प्रोजेक्ट में रिसाव को कम करने के लिए पुरानी पाइपों को बदलना, मौजूदा वाटर डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम को बेहतर ढंग से संतुलित करने के लिए अतिरिक्त पाइप लगाना, तथा पानी के बेहतर फ्लो के लिए पंप, सहायक उपकरण और पैनल जोड़ना शामिल होगा।

अधिकारी ने कहा कि सॉफ्टवेयर के माध्यम से जल संतुलन और कंसल्टेंट द्वारा हाइड्रोलिक मॉडलिंग सहित गहन स्टडी करने के बाद प्रोजेक्ट की योजना बनाई गई थी। एक बार पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा हो जाने के बाद एनडीएमसी इस पहल को अन्य क्षेत्रों में भी लागू करेगी।

एनडीएमसी के वाइस चेयरमैन कुलजीत चहल ने कहा कि विनय मार्ग पर प्रोजेक्ट का पहला चरण समयबद्ध तरीके से शुरू किया जा रहा है और परिषद अन्य क्षेत्रों में भी इसे लागू करने के लिए काम कर रही है। चहल ने कहा कि हम पुरानी लाइनों को अपग्रेड कर रहे हैं और नए रिजवायर्स के माध्यम से वाटर स्टोरेज कैपिसिटी बढ़ा रहे हैं। नई दिल्ली में 24ङ्म7 जल आपूर्ति लागू करने के लिए हमें अतिरिक्त कच्चे पानी की आवश्यकता होगी। हमने इस मामले पर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता से भी बात की है।

### ब्लैकमेल, किडनैप करने की धमकी

**गाजियाबाद, एजेंसी।** विजयनगर क्षेत्र में अपहरण की धमकी से दहशत में आई नाबालिग छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ दिया। इंस्टाग्राम के जरिये पीड़िता को आरोपी ब्लैकमेल कर रहा है, छात्रा तनाव में आ गई है। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर आरोपी को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। विजयनगर सेक्टर-नौ की एक कॉलोनी में रहने वाले व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उनकी 15 वर्षीय बेटी स्कूल में पढ़ रही है। शिवम नाम के आरोपी ने उनकी बेटी का इंस्टाग्राम अकाउंट हैक कर लिया है। पीड़ित बेटी के पिता ने पुलिस को बताया कि वह उनकी बेटी को परेशान कर रहा है और तरह-तरह का दबाव डालता है। विरोध करने पर आरोपी उनकी बेटी को रास्ते से अगवा कराने की धमकी दे रहा है। शिकायतकर्ता के मुताबिक आरोपी उनकी बेटी को ब्लेकमैल कर रहा है और जिंदगी बर्बाद करने की बात कह रहा है। इतना ही नहीं, आरोपी उनकी बेटी को घर से भागने या आत्महत्या करने के लिए उकसा रहा है। धमकियों से उनकी बेटी दहशत में आ गई है। शिकायतकर्ता के मुताबिक बेटी ने परिजनों को कुछ नहीं बताया। स्कूल जाना बंद करने पर बेटी से बात की तो उसने सारा घटनाक्रम बताया, जिसके बाद पिता ने नौ मई को विजयनगर थाने में शिकायत दी।

## विराट कोहली का टेस्ट करियर

मैच 123

9230 रन

46.85 औसत

30/31 100/50

254* बेस्ट



### टेस्ट क्रिकेट से सन्यास पर बीसीसीआई ने लिखा-

# थैंक्यू विराट, एक युग का अंत, विरासत जारी रहेगी

## बेस्ट फ्रेंड डिविलियर्स बोले- सच्चा लीजेंड

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। कोहली ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर लिखा- टेस्ट क्रिकेट ने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया, वो पाठ सिखाए जो जिंदगीभर मुझे याद रहेंगे। कोहली ने 10 मई को बीसीसीआई से कहा था कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना चाहता हूं। बोर्ड ने कोहली को अपने फैसले पर फिर विचार करने को कहा था। 11 मई को बोर्ड के एक अधिकारी ने उनसे बात भी की थी। दिसंबर/जनवरी में ऑस्ट्रेलिया में हुई बॉर्डर- गावस्कर सीरीज में विराट का प्रदर्शन बेहतर नहीं था। उन्होंने इस सीरीज में 23.75 की औसत से रन बनाए थे। वहीं 8 में से 7 बार ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर आउट हुए। बीजीटी में कोहली ने 9 पारियों में 190 रन बनाए। इनमें एक शतक शामिल था। विराट कोहली ने 123 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने 30 शतक और 31 अर्धशतक बनाए। विराट ने 7 दोहरे शतक लगाए। 2017 और 2018 में वे टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुने गए।

### टेस्ट क्रिकेट में एक युग समाप्त -बीसीसीआई

बीसीसीआई ने विराट कोहली को थैंक यू कहा। बोर्ड ने लिखा – टेस्ट क्रिकेट में एक युग समाप्त हो गया है, लेकिन विरासत जारी रहेगी। उन्होंने टीम इंडिया के लिए जो योगदान किया, उसे हमेशा याद किया जाएगा।

### घर में बनाए सबसे ज्यादा टेस्ट शतक

कोहली ने टेस्ट में 30 शतक बनाए हैं। इसमें से सबसे ज्यादा 14 शतक भारत में बनाए हैं। न्यूजीलैंड में उन्होंने केवल एक शतक जड़ा है।

### कोहली ने लिखा– टेस्ट ने मेरी परीक्षा ली, जिंदगी के सबक सिखाए

विराट ने लिखा, टेस्ट क्रिकेट में पहली बार मैंने बैगी ब्लू जर्सी 14 साल पहले पहनी थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह फॉरमेट मुझे इस तरह के सफर पर ले जाएगा। इसने मेरी परीक्षा ली, मुझे पहचान दी और मुझे ऐसे सबक सिखाए, जिन्हें मैं जीवन भर साथ रखूंगा। सफेद जर्सी में खेलना मेरे लिए बहुत ही खास और निजी अनुभव है। परिश्रम, लंबे दिन, छोटे–छोटे पल जिन्हें कोई नहीं देखता, लेकिन यह हमेशा आपके साथ रहते हैं। जब मैं इस फॉरमेट से दूर जा रहा हूं, तो यह आसान नहीं है, लेकिन यह फिलहाल सही लगता है। मैंने इसमें अपना सबकुछ दिया है और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं ज्यादा दिया है। मैं खेल के लिए, मैदान पर खेलने वाले लोगों के लिए और हर उस व्यक्ति के लिए आभारी हूं, जिसने मुझे इस सफर में आगे बढ़ाया। मैं हमेशा अपने टेस्ट करियर को मुस्कुराते हुए देखूंगा। उन्होंने आगे अपनी जर्सी का नंबर '269' लिखा और लिखा 'साइनिंग ऑफ'।

### विराट टेस्ट में धोनी–रोहित से आगे, सभी घरेलू सीरीज जीतीं

विराट कोहली ने कभी कप्तान के तौर पर ढ्रष्टष्ट टूर्नामेंट नहीं जीता। टेस्ट क्रिकेट में बतौर लीडर वे धोनी और रोहित दोनों से आगे हैं। कोहली ने घर में सभी 11 सीरीज जीतीं धोनी और रोहित दोनों की कप्तानी में भारत को घर में टेस्ट सीरीज में हार झेलनी पड़ी। रोहित की कप्तानी में तो न्यूजीलैंड से क्लीन स्वीप भी शामिल है ।कोहली ने 2015 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहली बार घरेलू मैदान पर कप्तानी की थी। भारत ने 4 टेस्ट की सीरीज 3–0 से जीती। इसके बद कोहली की कप्तानी में टीम ने घर सभी टेस्ट सीरीज जीतीं।

### कोहली की स्किल्स ने हमेशा प्रेरणा दी

साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने विराट कोहली को संन्यास लेने पर सच्चा लीजेंड बताया। एबीडी ने कहा कि कोहली की स्किल्स ने हमेशा प्रेरणा दी है। उन्होंने प्यार से कोहली को बिसकोटी कहा। इस इटैलियन शब्द का मतलब बिस्कुट होता है।




## मुझे वो आंसू याद रहेंगे जो तुमने कभी नहीं दिखाए-अनुष्का

### विराट के संन्यास पर गंभीर बोले- शेर जैसे जुनून वाले कोहली को मिस करेंगे



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। 14 साल तक टेस्ट में भारत के लिए खेलने वाले विराट ने 123 मैचों में 9230 रन बनाए। इनमें 30 शतक शामिल हैं। पूरा क्रिकेट जगत विराट के रिटायरमेंट पर प्रतिक्रिया दी। अनुष्का शर्मा ने इंस्टाग्राम पर विराट के साथ फोटो शेयर करते हुए पोस्ट में लिखा, वे रिकॉर्ड और माइलस्टोन के बारे में बात करेंगे। लेकिन मुझे वो आंसू याद रहेंगे जो तुमने कभी नहीं दिखाए, वो संघर्ष जिन्हें किसी ने नहीं देखा और वह अटूट प्यार जो आपने टेस्ट क्रिकेट को दिया। हर टेस्ट सीरीज के बाद आप थोड़े समझदार, थोड़े विनम्र होकर लौटे। आपको इन सबके माध्यम से विकसित होते देखना एक विशेषाधिकार रहा है। अनुष्का ने आगे इस पोस्ट में लिखा, मैंने हमेशा कल्पना की थी कि आप टेस्ट क्रिकेट में किसी अलग तरह से संन्यास ले लेंगे, लेकिन आपने हमेशा अपने दिल की बात सुनी है। इसलिए मैं बस इतना कहना चाहती हूं आपने इस अलविदा का हर पल कमाया है।

### रवि शास्त्री बोले- विश्वास नहीं हो रहा

टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने कहा, विश्वास नहीं हो रहा। आप मॉडर्न डे लीजेंड हैं, टेस्ट क्रिकेट में आपकी कप्तानी ने फॉर्मेट की दिशा बदल दी। सुखद यादों के लिए धन्यवाद, मैं इन्हें हमेशा याद रखूंगा। शास्त्री ने आगे कहा कि कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को जुनून और आक्रामकता के साथ जिया और इस फॉर्मेट में भारत की पहचान को नई ऊंचाई दी।

### टीम इंडिया के कोच गंभीर बोले- मिस करेंगे

टीम इंडिया के पूर्व कोच गौतम गंभीर ने विराट के संन्यास पर सोशल मीडिया में अपने पोस्ट पर लिखा शेर जैसे जुनून वाले कोहली को मिस करेंगे।

### हरभजन कहा- आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं

पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा– विराट हम साथ खेले हैं। मिलकर चुनौतियों का सामना किया है। सफेद कपड़ों में आपकी बल्लेबाजी खास है – सिर्फ आंकड़ों में ही नहीं, बल्कि इरादे, तीव्रता और प्रेरणा में भी। आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं।

## किंग्सटन से सिडनी तक... 14 सालों में विराट ने तहलका मचा दिया, दिग्गजों के रिकॉर्ड हुए चकनाचूर

भारत के चैंपियन बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही टी20 के दौर में भी पारंपरिक क्रिकेट के संकटमोचक क्रिकेटरों में शुमार इस महान खिलाड़ी के इस प्रारूप में सुनहरे दौर पर विराम लग गया। 36 साल के कोहली ने टी20 विश्व कप जीतने के बाद पिछले साल उस फॉर्मेट को भी छोड़ दिया था। अब तक भारतीय टीम के लिए सिर्फ वनडे क्रिकेट में ही मैदान पर नजर आएंगे।

- **विराट कोहली का टेस्ट करियर** – विराट कोहली ने भारत के लिए 2008 में इंटरनेशनल डेब्यू किया था। लेकिन पहला टेस्ट खेलने के लिए उन्हें तीन साल का इंतजार करना पड़ा। 2011 वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारतीय टीम वेस्टइंडीज दौरे पर गई थी। जमैका स्थित किंग्सटन के सबीना पार्क के मैदान पर उनका डेब्यू हुआ। पहली पारी में उन्होंने चार और दूसरी में 15 रन बनाए। विराट का पहला अर्धशतक उसी साल वेस्टइंडीज के खिलाफ ही वानखेड़े के मैदान पर आया। 2012 की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहले दो टेस्ट में फेल होने के बाद विराट ने तीसरे में 75 रनों की पारी खेली। एडिलेड में हुए आखिरी टेस्ट में भारत को हार मिली लेकिन 116 रनों की पारी खेलकर विराट छा गए। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। भारत के लिए 123 टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 46.85 के औसत से 30 शतकों की मदद से 9230 रन बनाए हैं।
- **भारत के लिए सबसे ज्यादा दोहरा शतक** – दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सात दोहरे शतकों के साथ इस प्रारूप के दिग्गज के रूप में अपनी पहचान बनाई जो किसी भारतीय खिलाड़ी के लिए सबसे अधिक है। वह महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर (4), सचिन तेंदुलकर (6), वीरेंद्र सहवाग (6) और राहुल द्रविड़ (5) से काफी आगे है। इसके साथ ही विराट भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट जीतने वाले कप्तान भी हैं। उनकी कप्तानी में टीम इंडिया ने 40 टेस्ट जीते। दूसरे नंबर पर काबिज महेंद्र सिंह धोनी के नाम 27 जीत है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के नए चक्र की शुरुआत जून में हो रही है। एक चक्र दो साल का होता है। इसके बाद फाइनल मुकाबला होता है। विराट का दो सालों तक टेस्ट खेलना मुश्किल था। ऐसे में युवा खिलाड़ी खेलेंगे तो फाइनल आने तक उन्हें अच्छा अनुभव हो जाएगा। विराट कोहली का टेस्ट में लंबे समय से फॉर्म खराब चल रहा था। 2019 के अंत में उनका टेस्ट औसत करीब 55 का था। अब यह गिरकर 47 के नीचे आ गया है। 2020 से अब तक विराट ने टेस्ट में सिर्फ तीन ही शतक लगाया है। इस दौरान उनका औसत 35 से भी नीचे का रहा। विराट कोहली बल्लेबाजी में अपनी एक कमजोरी से काफी परेशान थे। लगातार ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर वह आउट हो रहे थे। पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर विराट लगातार विकेट के पीछे लपके जा रहे थे। हर बार गेंद ने उनके बल्ले का किनारा लिया था। विराट कोहली अभी 36 साल के हैं। वनडे वर्ल्ड कप दो साल बाद यानी 2027 में हैं। रोहित की तरह ही विराट का पूरा फोकस उसी पर है। पिछली बार भारत ने 2023 वर्ल्ड कप फाइनल में जगह बनाई थी। टीम को वहां हार मिली थी। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने की वजह से विराट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी रहे थे। विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से मन भी भर गया था। उनके अंदर इस फॉर्मेट में खेलने की इच्छा नहीं बची थी। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्होंने कई बार अपने साथियों को बोला कि आई एम डन।
- **रन और शतक में सिर्फ तीन ही खिलाड़ी आगे** – भारत के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट कोहली चौथे नंबर पर है। महान सचिन तेंदुलकर के अलावा राहुल द्रविड़ और सुनील गावस्कर के नाम ही उनसे ज्यादा रन हैं। इन तीनों ने 10000 से ज्यादा रन मारे हैं। शतक के मामले में भी विराट चौथे नंबर पर ही है। यहां भी सचिन, द्रविड़ और गावस्कर का नाम ही उनसे आगे है। विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में अपने करियर का आखिरी टेस्ट खेला।

## 5 दिन के अंदर कोहली-रोहित का टेस्ट से संन्यास

### 9 खिलाड़ी जगह लेने को तैयार; विराट को रिप्लेस करने के लिए श्रेयस नंबर-1 दावेदार

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पांच दिन के भीतर भारत के दो सुपर स्टार क्रिकेटर विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। अब टीम में रवींद्र जडेजा को छोड़कर कोई भी 60 से ज्यादा टेस्ट खेलने वाला सीनियर प्लेयर नहीं बचा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि प्लेइंग-11 में रोहित और विराट की जगह कौन लेगा?



### यह ले सकते हैं कोहली की जगह?

विराट कोहली ने आज अपने इंस्टा हैंडल पर टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान किया। वे टीम में नंबर–4 पर बैटिंग करते हैं और स्क्वॉड के सबसे अनुभवी मेंबर हैं। उनके जाने से टीम में मिडिल ऑर्डर के अनुभवी और मजबूत बैटर का बहुत बड़ा गैप बनेगा। जिसे भरने के लिए भी 5 दावेदार मौजूद हैं।

**श्रेयस अय्यर** – भारत से तीनों फॉर्मेट में डेब्यू कर चुके श्रेयस टेस्ट में कोहली को रिप्लेस करने के नंबर–1 दावेदार हैं। वे वनडे टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं, लेकिन टेस्ट में खराब प्रदर्शन के कारण फिलहाल बाहर हैं। वे 14 टेस्ट में 1 शतक और 5 फिफ्टी लगा चुके हैं। श्रेयस के नाम 15 फर्स्ट क्लास शतक भी हैं।

**रजत पाटीदार** – इंग्लैंड के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज में पाटीदार ने ही कोहली को रिप्लेस किया था। तब विराट निजी कारणों से सीरीज नहीं खेल सके थे। हालांकि, पाटीदार 3 मैचों में एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके। घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन को देखते हुए वे इंग्लैंड सीरीज के लिए एक बार फिर स्क्वॉड में जगह बना सकते हैं। रजत के नाम 13 फर्स्ट क्लास सेंचुरी हैं।

**सरफराज खान** – भारत के लिए पिछले साल ही टेस्ट डेब्यू करने वाले सरफराज 1 शतक और 3 फिफ्टी लगा चुके हैं। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्हें एक भी मैच में मौका नहीं मिला। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सरफराज का औसत 65.61 का है। वे घरेलू पिचों के एक्सपर्ट माने जाते हैं, ऐसे में विदेशी कंडीशन में उनका कोहली को रिप्लेस कर पाना मुश्किल है।

**ध्रुव जुरेल** – 24 साल के जुरेल भारत के लिए 4 टेस्ट खेल चुके हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी अपनी टेक्निक से सिलेक्टर्स का ध्यान खींचा। युवा जुरेल विकेटकीपंग भी कर लेते हैं, ऐसे में प्लेइंग– 11 में शामिल होने का ज्यादा ऑप्शन देते हैं। इंग्लैंड दौरे के लिए मैनेजमेंट उन पर भी इन्वेस्ट कर सकता है।

**करुण नायर** – घरेलू क्रिकेट के पिछले सीजन में अपनी परफॉर्मेंस से सबका ध्यान खींचने वाले करुण को इंग्लैंड में भी खेलने का अनुभव है। कोहली के रिप्लेसमेंट के रूप में वे अच्छा ऑप्शन हैं। घरेलू मैदान पर भारत के लिए तिहरा शतक लगाने के साथ वे 23 फर्स्ट क्लास संेचुरी भी लगा चुके हैं।

### कौन ले सकता है रोहित की जगह?

रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट से संन्यास लिया। पिछले 6 साल से वे रेड बॉल में ओपनिंग कर रहे थे। ओपनिंग पोजिशन पर उनकी जगह केएल राहुल परमानेंट हो सकते हैं। जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग की थी। शुभमन भी ओपनिंग करने लौट सकते हैं। इनके अलावा भी 4 युवा प्लेयर्स रोहित की जगह लेने के दावेदार हैं।

**साई सुदर्शन** – 23 साल के सुदर्शन आईपीएल में अपनी परफॉर्मेंस के बाद चर्चा में हैं। वे भारत के लिए 3 वनडे और 1 टी–20 खेल चुके हैं। उनकी टेक्नीक और स्किल को देखते हुए रवि शास्त्री जैसे एक्सपर्ट्स उन्हें टेस्ट टीम के लिए फिट बता चुके हैं। सुदर्शन फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 7 शतक लगा चुके हैं और उन्हें इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट का अनुभव भी है।

**देवदत्त पडिक्कल** – 24 साल के पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मौका मिला था। उन्होंने नई गेंद के सामने बेहतरीन बैटिंग की थी। 2 टेस्ट के अलावा वे 2 टी–20 भी खेल चुके हैं। वे इंडिया–ए टीम से लगातार फर्स्ट क्लास मैच खेलते रहते हैं। इस फॉर्मेट में 6 शतक लगाकर वे 2815 रन बना चुके हैं।

## भारत-पाक सीजफायर के बाद गुजरात टाइटंस ने प्रैक्टिस शुरू की

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद गुजरात टाइटंस ने प्रैक्टिस शुरू कर दी है। रविवार शाम को टीम के खिलाड़ियों ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जाकर प्रैक्टिस की। हालांकि,आईपीएल को दोबारा शुरू करने के लिए अभी आधिकारिक रूप से कोई बयान नहीं है। माना जा रहा है कि आईपीएल 16 या 17 मई से फिर से शुरू हो सकता है।

**9 मई को आईपीएल को रोक दिया गया था** – भारत-पाक के बढ़ते तनाव के कारण आईपीएल को 9 मई को एक हफ्ते के लिए रोक दिया गया था। फाइनल सहित 16 मैच बचे हुए है। वहीं 8 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच हुए मैच को भी बीच में ही रोक दिया गया था। पंजाब ने पहले बैटिंग करते हुए 10.1 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 122 रन बना लिए थे। हमलों के बीच मैच रोकना पड़ा था।

### 16 या 17 मई से फिर हो सकता है आईपीएल, 9 मई को रोक दिया गया था



**गुजरात पॉइंट्स टेबल में टॉप पर** –आईपीएल रोके जाने तक लीग स्टेज के 57 मैच खत्म हो चुके थे। 58वां मैच बीच में रोका गया। 57 मैच के बाद पॉइंट्स टेबल में गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सबसे ज्यादा 16-16 पॉइंट्स रहे। बेहतर रन रेट के कारण जीटी टॉप पर रही।

### आईपीएल 2025 जीतने की दावेदार

गुजरात टाइटंस शुरुआत से ही आईपीएल 2025 को जीतने की बड़ी दावेदार रही है। अभी इस टीम के 3 खिलाड़ी ऑरेंज कैप की रेस में हैं। साई सुदर्शन (509 रन), शुभमन गिल (508) और जोस बटलर (500 रन) बना चुके हैं। दूसरी ओर पर्पल कैप भी फिलहाल गुजरात टाइटंस के खिलाड़ी के पास है। गुजरात के प्रसिद्ध कृष्णा 20 विकेट लेने के साथ पर्पल कैप होल्डर बने हुए हैं। गुजरात के अभी 3 मैच बाकी हैं और वह टेबल के टॉप-2 में जगह पक्की कर सकती है

### आईपीएल 16 मई से शुरू हो सकता है

- आईपीएल 16 मई से फिर शुरू हो सकता है। मौजूदा सीजन के बचे मुकाबले चार वेन्यू पर खेले जा सकते हैं। फाइनल मुकाबला 30 मई को मुमकिन है। नया शेड्यूल जल्द जारी होगा।
- बीसीसीआई के एक अधिकारी ने मीडिया से कहा- लीग के बाकी मुकाबले अगले हफ्ते से शुरू होंगे। इन्हें चार वेन्यू पर कराया जाएगा। जल्द ही वेन्यू फाइनल किए जाएंगे। लीग बेंगलुरु और लखनऊ मैच के साथ फिर से शुरू होगी।
- वहीं, मीडिया ने एक सूत्र के हवाले से लिखा कि फाइनल मैच कोलकाता से बाहर हो सकता है। पिछले शेड्यूल में प्लेऑफ के मुकाबले हैदराबाद और कोलकाता में खेले जाने थे। फाइनल मैच भी कोलकाता में होना था।